
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024



हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024



शाम होते ही रंग बिरंगी विद्युत सज्जा के बीच जमकर आतिशबाजी की गई।

## बीटिंग द रिट्रीट: मेरे घर राम आए हैं की धुन में पुलिस ने बजाया बैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को 'बीटिंग द रिट्रीट' के साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हो गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने मेरे घर राम आए हैं की धुन बजाई। इसके अलावा, संगीतकार एआर रहमान की कंपोजिशन मां तुझे सलाम की धुन भी बजाई गई। कार्यक्रम में शाम करीब 6:30 बजे आतिशबाजी भी की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस ब्रास बैंड, मास्ड ब्रास बैंड ने की। आर्मी पाइप बैंड ने अलग-अलग म्युजिकल इंस्ट्रूमेंट्स से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शाम 4.30 बजे शुरू हुआ। इससे पहले, रविवार को एसएएफ भोपाल रेंज के आईजी अभय सिंह के मार्गदर्शन में फाइनल रिहर्सल की गई थी। इसमें मुख्य अतिथि की भूमिका 7वीं वाहिनी के प्रधान आरक्षक रामचंद्र कुशवाह और कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका एएसआई चंदगीराम सेन ने निभाई।

*समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल भी रहे मौजूद, दर्शकों ने आर्मी पाइप बैंड की प्रस्तुति समेत आतिशबाजी को सराहा*





### क्यों होता है बीटिंग द रिट्रीट

अफसरों ने बताया कि बीटिंग द रिट्रीट प्राचीन परंपरा है। प्राचीन काल में भी युद्ध के बाद जब सेना युद्ध से वापस आती थी, तो तनाव कम करने और मनोरंजन के लिए बैण्ड वादन का कार्यक्रम रखा जाता था। भारत में इस कार्यक्रम के साथ ही गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों का औपचारिक समापन होता है।

*सोमवार तड़के करीब 3 बजे लगी आग से किराना, मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटो पॉर्ट्स, एमपी ऑनलाइन, आटा चक्की और पान मसाले की दुकानें पूरी तरह से जलीं*

## बिजली के खंभे से निकली चिंगारी से खाक हुईं जवाहर चौक की 7 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिजली के खंभे से निकली चिंगारी से जवाहर चौक पर 7 दुकानें जल गईं। एक चिंगारी की आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि फायर ब्रिगेड को काबू पाने के लिए 4 घंटे से ज्यादा का समय लग गया।

फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार हनुमान मंदिर के पास जवाहर चौक पर लगी आग से किराना, मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटो पॉर्ट्स, एमपी ऑनलाइन, आटा चक्की और पान मसाले की दुकानें पूरी तरह से जल गईं। दुकानदारों का कहना है कि छत टीनशैड की होने के बाद भी आग ने 15 से 20 मिनट में ही विकराल रूप ले लिया। एक लाइन से बनी हुईं इन 7 दुकानों में रखा सामान पूरी तरह से जल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली के खंभे से चिंगारी निकली थीं, लेकिन यह उम्मीद नहीं थी कि आग इतना विकराल रूप ले लेगी। कुछ ही देर में आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं और दूर से ही दिखाई दे रही थीं।

छत टीनशैड की होने के बाद भी आग ने 15 से 20 मिनट में ही ले लिया था विकराल रूप



### माता मंदिर से पहुंचीं फायर ब्रिगेड

आग लगने की जानकारी लगते ही माता मंदिर फायर ब्रिगेड से दमकल मौके पर पहुंची। बोगदा पुल और बैरागढ़ फायर स्टेशनों से भी दमकलें और टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब 4 घंटे में आग पूरी तरह से काबू में आ पाई।

### बर्बादी का मंजर देख रो पड़े व्यापारी

आग लगने की जानकारी मिलते ही व्यापारी मौके पर पहुंचे। उनके सामने दुकानें जल रही थी। आग जब काबू में आई तो सबकुछ जल गया था। यह देख व्यापारी रो पड़े। उनका कहना था कि जिंदगीभर की पूंजी व्यापार में लगा दी थी। अब सबकुछ खत्म हो गया।

### मुआवजा मिलना चाहिए

आदर्श जवाहर चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि आगजनी से व्यापारियों का भारी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन तुरंत सर्वे कराकर दुकानदारों को उचित मुआवजा दे।



**कोलार तहसीलदार और हुजूर के नायब तहसीलदार को अल्टीमेटम**

## तीस दिन की पेंडिंग तीन दिन में निपटाएंगे तहसीलदार, सीमांकन पर भड़के कलेक्टर

### पेंडेंसी नहीं निपटाने पर होगा लोकसेवा गारंटी में जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की तहसीलों में नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के पेंडिंग केसों को निपटाने में तहसीलदार लापरवाही बरत रहे हैं। पिछले दिनों संभाग कमिश्नर डॉ पवन शर्मा ने हुजूर तहसीलदार के काम पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस दिया था। बावजूद इसके तहसीलदार और नायब तहसीलदार आम लोगों से जुड़े कामों को निपटाने में लापरवाही दिखा रहे हैं।

सोमवार को टाइम लिमिट बैठक में जब कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजस्व प्रकरणों पर नजर डाली तो पता चला कि पखवाड़े में भी कोलार तहसीलदार अतुल शर्मा, हुजूर के नायब तहसीलदार लोकेश चौहान और सोनिया परिहार के प्रकरणों को नहीं निपटाया गया है। जिसको लेकर कलेक्टर भड़क गए। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि 31 दिसंबर 2023 तक के सभी प्रकरणों का तीन दिन में निपटारा किया जाए। इनके प्रकरणों की तीन दिन बाद दोबारा से समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, एडीएम हरेन्द्र नारायण, भूपेन्द्र गोयल, अंकित धाकरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कमिश्नर की नाराजगी के बाद पहली बार कलेक्टर ने दिखाई सख्ती



### आज और कल लगेंगे तहसीलों में शिविर

जिले के सभी एसडीएम और तहसील दफ्तरों में 30 और 31 जनवरी को राजस्व प्रकरणों के नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य आदेशों की तामीलों के लिए विशेष शिविर लगेंगे। तीस जनवरी को गोविंदपुरा, भोपाल शहर, टीटी नगर तहसील कार्यालय और 31 जनवरी को बैरसिया, एमपी नगर, हुजूर, कोलार तहसील कार्यालय में कैंप आयोजित होंगे।

### 49वें से पहले नंबर पर लाना चुनौती

कलेक्टर ने कहा कि कोई भी प्रकरण बिना किसी वाजिब कारण के खारिज नहीं किया जाना है। वर्तमान में नामांतरण के निपटाने में जिला प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा 49वें स्थान पर है। जिसे पहले नंबर पर लाना बड़ी चुनौती होगा। कलेक्टर ने कहा कि लोकसेवा गारंटी में काम नहीं करने वाले अफसरों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### पटवारी का रिपोर्ट नहीं लगाना आपराधिक कृत्य

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार के आदेश का पटवारी अगर समय-सीमा में निराकरण नहीं करते हैं, तो यह आपराधिक कृत्य माना जाएगा। सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभाग के तहत तहसीलदार, नायाब तहसीलदार के साथ मिलकर आरसीएमएस और लंबित प्रकरणों का समय-सीमा निराकरण करवाएं।

## तंदूर जलाकर प्रदूषण फैलाने पर गुलमोहर आईसीएच पर फाइन

**भोपाल।** शहर की साफ-सर्फाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने एवं प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में निगम के जोन 6 के अमले ने गुलमोहर कॉलोनी स्थित इण्डियन कॉफी हाउस (आईसीएच) के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। इसके साथ ही पॉलीथीन का उपयोग करने वालों व अन्य प्रकार से सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध भी 7 प्रकरणों में 5 हजार 100 रुपए की राशि वसूल की।

- निगम के अमले ने वसूला 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन

*पालतू कुत्ते के काटने पर पकड़ने आई टीम से की थी अभद्रता*

## 3 डॉग लवर्स पर जिला कोर्ट ने किया 3-3 हजार का जुर्माना

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

पालतू कुत्ते द्वारा दो युवकों को काट कर घायल करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता श्रीवास्तव के न्यायालय ने लापरवाही बरतने को लेकर लक्ष्मी परिसर शाहपुरा निवासी श्वेता मिश्रा, बिन्दू एवं अंकित मिश्रा को दोषी ठहराते हुए 3000-3000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

मामले के अनुसार 25 दिसंबर को सोनू अहिरवार को एवं 27 दिसंबर 2023 को संतोष यदुवंशी को डॉग लवर्स के पालतू कुत्ते ने काट लिया था। कॉलोनी के लोगों ने 31 दिसंबर को कुत्ते को पकड़ने के लिए नगर निगम की टीम को बुलाया तो श्वेता मिश्रा, बिन्दू एवं अंकित मिश्रा ने कुत्ते पकड़ने वाली टीम के साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार किया था। फरियादी ने इसकी रिपोर्ट शाहपुरा थाने में की थी। पुलिस ने डॉग लवर्स के विरूद्व भादवि की धारा- 294 एवं 289 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्व कर जिला न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

लाल परेड मैदान के आसपास गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक डायवर्ट

## पंद्रह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम आज, बदला रहेगा ट्रैफिक

### लोक परिवहन यान एवं आम वाहनों के लिए डायवर्सन एवं यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लाल परेड मैदान में मंत्री नितिन गडकरी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार और मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य में 15 सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में भीड़भाड़ को देखते हुए। ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है।

### यह सड़क रही प्रतिबंधित

लिली टाकीज चैराहा से लाल परेड मैदान की ओर, रोशनपुरा चैराहा से लाल परेड मैदान की ओर, पॉलिटेक्निक चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, बाणगंगा चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, कोर्ट चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर एवं मछली घर से खटलापुरा, पीएचक्यू व शब्बन चैराहा की ओर सामान्य यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।




रोशनपुरा चौराहा से भारत टॉकीज की ओर एवं टीटी नगर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी मॉल, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, मैदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल से होकर भारत टॉकीज होते हुए या प्रभात चौराहा से 80 फिट रोड अशोका गार्डन, रेलवे स्टेशन हमीदिया रोड होते हुए गंतव्य तक जा सकेगे।

- भारत टॉकीज से रोशनपुरा की ओर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से टीटी नगर, न्यू मार्केट जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन भारत टॉकीज से पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, मैदा मिल तिराहा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, बीएसएनएल तिराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, डीबी मॉल, बोर्ड ऑफिस चौराहा से होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेगे।
- संगम तिराहा, भारत टॉकीज रेल्वे ओवर ब्रिज, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात पेट्रोल पंप चौराहा होकर एमपी नगर की ओर आ जा सकेंगे।

### यह होगी कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहनों के मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था

- एमवीएम मैदान 200 बस, सीहोर से आष्टा के वाहन व्हाया रातीबड़ नीलबड़ स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक कॉलेज, होकर पार्किंग स्थल पर आ सकेंगे।
- एमएलए गेस्ट हाउस के सामने 100 बस, होशंगाबाद की ओर से आने वाले वाहन, आरआरएल तिराहा, रेलवे ओवर ब्रिज, मानसरोवर, सुभाष स्कूल, मालवीय नगर तिराहा होकर पार्किंग स्थल पहुंचेगे।
- पुरानी जेल 100 बस, विदिशा, रायसेन से आने वाले वाहन जो रायसेन रोड से पटेल नगर चौराहा आएगें। वे पिपलानी पेट्रोल पंप, प्रभात चौराहा, रेलवे ओ डीबी मॉल, से पुरानी जेल पहुंच सकेगीं ।
- मोतीलाल नेहरू स्टेडियम कांच गेट के सामने 160 (चार पहिया) समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे ।

**आज कंपनी को आदेश जारी कर देगा नगर निगम, इस हफ्ते से हटने लगेगा बीआरटीएस**

## निगम के हिस्से का कॉरिडोर हटाने खुले टेंडर, जल्द शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में दस साल पहले बने बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएसद) कॉरिडोर को हटाने का काम नगर निगम भी इस हफ्ते शुरू कर रहा है। पीडब्ल्यूडी ने पहले ही अपने हिस्से का कोरीडोर बैरागढ़ से हटाना शुरू कर दिया है। नगर निगम के हिस्से का बीआरटीएस हटने के बाद अगले 6 माह में माह में पूरा शहर बीआरटीएस कॉरिडोर मुक्त हो जाएगा।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कोरीडोर हटाने के लिए टेंडर बुलाए गए थे, जिसे सोमवार को ओपन किया गया। इस संबंध में मंगलवार को उस कंपनी को बीआरटीएस हटाने के लिए आदेश दे दिया जाएगा, जिसने निम्न दर पर टेंडर डाले हैं। निजी कंपनी को आदेश देने के बाद इस हफ्ते से ही बीआरटीएस कोरीडोर हटना शुरू हो जाएगा। यह प्रयास किया जा रहा है कि अगले 6 माह में पूरे शहर से बीआरटीएस को हटा दिया जाए।

*लालघाटी से सीहोर नाके तक चल रहा पीडब्ल्यूडी का काम*

अगले 6 माह में पूरी तरह से कॉरिडोर मुक्त हो जाएगी राजधानी



### चार हिस्सों में सुधरेगी सड़क

चार हिस्सों में बीआरटीएस को हटाकर सड़क का सुधार किया जाएगा। तीन हिस्से नगर निगम दुरुस्त करेगा, जबकि एक हिस्सा पीडब्ल्यूडी के पास होगा। इसके लिए 18.51 करोड़ रुपए की राशि तय है। खर्च नगर निगम व नगरीय प्रशासन वहन करेगा। तोड़े जाने वाला कुल हिस्सा 13 किमी है।

### दूसरी ओर पीपी मोड पर बनेंगे 48 बस स्टॉप

बीआरटीएस के 48 बस स्टॉप पीपीपी मोड पर दूसरी तरफ बनाए जाएंगे। सिटी बसें बंद नहीं होंगी। वे दोनों लेन पर दौड़ेंगी। वहीं बैरागढ़ की ओर से पहले बीआरटीएस कॉरीडोर हटाना शुरू हुआ है, लेकिन एलीवेटेड कॉरीडोर का काम शुरू होने से मौजूदा बस लेन बंद हो गई है। बस समेत पूरा ट्रैफिक मिक्सलेन से ही गुजर रहा है।

### आज कंपनी को काम सौंप देंगे

बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम सोमवार को टेंडर खुलने के साथ ही शुरू हो गया है। मंगलवार को निम्न दर वाली कंपनी का चयन कर, उसे बीआरटीएस कोरीडोर हटाने का काम सौंप दिया जाएगा। जल्दी ही कॉरिडोर हटाने काम शुरू होगा।

**पवन सिंह**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### बीआरटीएस हटाने का यह प्लान

मिसरोद से एंप्री होशंगाबाद रोड सेक्शन की लम्बाई 6.7 किलोमीटर है, जिसके बीच में डिवाइडर बनना है। दोनों तरफ 3-3 लेन कुल 6 लेन का मार्ग बनेगा।

### रोशनपुरा से कमला पार्क

रोशनपुरा से कमला पार्क मार्ग लम्बाई 1.42 किलोमीटर है। यहां से डेडिकेटेड कॉरीडोर हटाकर मिक्स्ड वाहनों के लिए 3 लेन सड़क के साथ सेंट्रल वर्ज बनेगा।

### कलेक्टोरेट से लालघाटी मार्ग


लम्बाई 1.73 किलोमीटर है। यहां पर डेडिकेटेड कॉरीडोर हटने के बाद सामान्य वाहनों के लिए दोनों तरफ 3-3 लेन बनाई जाएंगी।

### हलालपुर से सीहोर नाका

हलालपुर से सीहोर नाका मार्ग की लंबाई 3.81 किलोमीटर है। यहां पर पीडब्ल्यूडी एलीवेटेड कॉरीडोर के पिलर्स बीआरटीएस डेडिकेटेड लेन में बना रहा है।

## एम्स से करोंद के बीच दो किमी मेट्रो ट्रैक अंडर ग्राउंड रहेगा

राजधानी में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। सुभाष नगर से करोंद के बीच बनने वाले ट्रैक में दो किलोमीटर के अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए सुरंग बनाने का टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। ऐशबाग के बाद पातरा पुल से सिंधी कॉलोनी के बीच मेट्रो जमीन के 20 मीटर नीचे अंडर ग्राउंड दौड़ेगी। यहां पर भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टेशन दो मेट्रो स्टेशन भी अंडरग्राउंड बनेंगे। टेंडर में दी गई जानकारी के अनुसार दो किलोमीटर अप एंड डाउन टनल, दो अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन, ड्रेनेज, आर्किटेक्चर फिनिशिंग समेत अन्य काम शामिल हैं। यह काम वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद 1274 दिन में पूरा करने होंगे।



### सुभाष नगर से करोंद तक आठ स्टेशन

एम्स से करोंद तक 16.74 किमी की ऑरेंज मेट्रो लाइन पर कुल 16 स्टेशन होंगे। सुभाष नगर से एम्स 8 और पुल बोगदा से करोंद तक 8 स्टेशन होंगे। इसमें पहला स्टेशन पुल बोगदा होगा। यह भदभदा से रत्नागिरी तक प्रस्तावित 14.21 किमी ब्लू लाइन का इंटरचेंज भी होगा। इसके बाद ऐशबाग, भोपाल स्टेशन, नादरा बस स्टैंड, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला,कृषि मंडी और करोंद चौराहा अंतिम स्टेशन होगा।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024


## नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 फरवरी

मतदान 27 फरवरी को होगा

देश भर के 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी



धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा

**2 अप्रैल को इन 5 सांसदों का कार्यकाल होगा खत्म**



डॉ. एल मुरुगन भाजपा



अजय प्रताप सिंह भाजपा



कैलाश सोनी भाजपा



राजमणि पटेल कांग्रेस

इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लगभग दो करोड़ 26 लाख पंजीकरण कराए गए

'परीक्षा पे चर्चा': भारत मंडपम में पीएम मोदी ने करीब 3 हजार विद्यार्थियों से संवाद किया और परीक्षा के 'तनाव व दबाव' से निपटने के तरीके बताए

# बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को माता-पिता अपना 'विजिटिंग कार्ड' न बनाएं...और टीचर का काम छात्रों के जीवन को संवारना है

1 पीएम मोदी ने कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं, चुनौती जाएगी। स्थितियां सुधर जाएंगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं।

2 अगर जीवन में चुनौती और स्पर्धा न हो तो जीवन प्रेरणाहीन और चेतनाहीन बन जाएगा। इसलिए प्रतिस्पर्धा तो होनी ही चाहिए, लेकिन स्वस्थ होनी चाहिए।

3 स्वस्थ दिमाग के लिए एक स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है और इसके लिए कुछ दिनचर्या, सूरज की रोशनी में समय बिताना और नियमित और पूरी नींद लेना आवश्यक।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी बच्चों के लिए मोटिवेटर बने। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' के सातवें संस्करण में भारत मंडपम में करीब 3 हजार विद्यार्थियों से संवाद में कहा कि टीचर का काम छात्रों के जीवन को संवारना है। जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है।

शिक्षकों को अपने काम को केवल नौकरी के रूप में नहीं लेना चाहिए बल्कि उन्हें इसे छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लेना चाहिए। शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। ▶▶ शेष पेज 2 पर







### दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से कहा कि दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें। अगर जीवन में चुनौती और स्पर्धा न हो, तो जीवन प्रेरणाहीन और चेतनाहीन बन जाएगा। इसलिए प्रतिस्पर्धा तो होनी ही चाहिए, ▶▶ शेष पेज 2 पर

### माता-पिता को एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ माता-पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं, यह अच्छा नहीं है। आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और टीचर को मिल कर एड्रेस करना चाहिए।

### जागते समय पूरी तरह जागें, सोते समय पूरी तरह सोएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'स्क्रीन टाइम' नींद के समय को खा जाता है। उन्होंने कहा कि वह बिस्तर पर जाने के 30 सेकंड के भीतर सो जाते हैं। उन्होंने छात्रों को 'स्क्रीन टाइम' के प्रति आगाह किया, जिससे नींद में खलल पड़ता है। उन्होंने कहा कि संतुलित जीवनशैली बनाए रखने के लिए हर चीज की अधिकता से बचना चाहिए। स्वस्थ दिमाग के लिए एक स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है और इसके ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ये भी मंत्र दिए

- *मोबाइल पर कितनी ही प्रिय चीजें क्यों न आ रही हों, लेकिन उसका एक समय तय करना बहुत जरूरी है*
- *टीचर्स को बच्चों से घुलना मिलना चाहिए। क्लास में सहज माहौल बनाना चाहिए, जिससे बच्चे आपमें रूचि लें।*
- *हमें आदत डालनी चाहिए कि हम निर्णायक बनें। अनिर्णायकता बहुत खराब होती है। उससे बाहर आना चाहिए।*
- *लिखने की प्रैक्टिस जरूर करें, जितना लिखेंगे उतनी स्पीड आएगी और गलतियां समझ आएंगी।*



## मप्र में राज्यसभा की 11 सीटों में से 5 होंगी 2 अप्रैल को रिक्त, इन पर होना है चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग से राज्यसभा की रिक्त होने वाली मप्र की 5 सीटों समेत देश भर के 15 राज्यों के 56 सीटों के लिए सोमवार को चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। इनमें से मप्र की 5 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को तथा बाकी सभी सीटों का कार्यकाल 2 व 3 अप्रैल को खत्म हो रहा है। सभी सीटों के लिए 8 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी। 15 को नामांकन, 16 को स्क्रूटनी तथा 20 फरवरी को नाम वापसी का अंतिम दिन तय किया गया है। मतदान 27 फरवरी को होगा। उसी दिन शाम 5 बजे तक मतगणना होगी। 29 को चुनाव कार्यक्रम खत्म होने के साथ ही विजेताओं की घोषणा कर दी जाएगी।

चुनाव आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। राज्यसभा की इन खाली सीटों में राजस्थान की तीन सीटें शामिल हैं। इन तीनों सीटों के सदस्यों का ▶▶ शेष पेज 2 पर

### राज्यसभा की 11 में से 8 सीटों पर भाजपा व 3 पर कांग्रेस है काबिज

मप्र में राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं। इसमें से 8 सीटें भाजपा के पास हैं, जबकि तीन सीटें कांग्रेस के पास हैं। इनमें से पांच सीटें रिक्त होने जा रही हैं। इन पांचों सीटों में से चार सीटें भाजपा के पास तथा एक सीट कांग्रेस के पास हैं। इस पर भाजपा के धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. एल मुरूगन, अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी राज्यसभा सांसद हैं, जबकि कांग्रेस से राजमणि पटेल राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इन सभी का 6 वर्ष का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब नए सिरे से राज्यसभा के लिए चुनाव होना है। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## प्रदेश को 10,405 करोड़ लागत की परियोजनाओं की आज मिलेगी सौगात


**भोपाल।** मप्र में 10 हज़ार 405 करोड़ रुपए की लागत की 724 किमी लंबी 24 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को भोपाल एवं जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों में करेंगे। भोपाल में 8 हजार 38 करोड़ रुपए लागत से 498 किमी लंबी 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। जबकि 2 हजार 367 करोड़ रुपए की लागत से 226 किमी लंबी 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम वेटनरी कॉलेज ग्राउंड जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे। इन परियोजनाओं से महाकौशल क्षेत्र के गेहूं और धान कृषि व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इन सड़कों के बन जाने से प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों ▶▶ शेष पेज 2 पर



### कोटा में कोचिंग छात्रा ने किया सुसाइड

## मैं जेईई नहीं कर सकती...लिख छात्रा ने किया जीवन का 'अंत'

सुसाइड नोट में लिखा-मैं लूजर हूं। मैं सबसे खराब बेटी हूं। मुझे माफ करना मम्मी, पापा। यह मेरे पास आखिरी विकल्प है।



कोटा में पिछले साल छात्रों के आत्महत्या के 26 मामले

एजेंसी ▶▶ कोटा

कोटा में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। साल के शुरुआती जनवरी में ही स्टूडेंट की आत्महत्या का दूसरा मामला सामने आया है। कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली छात्र निहारिका सिंह ने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जैसे ही सूचना लगी, तो वह घबरा गए और मौके पर पुलिस को बुलवाया गया। पुलिस और परिजन छात्रा को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में लगातार कोचिंग स्टूडेंट के हो रहे सुसाइड मामलों में बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार की ओर से भी कुछ दिन पूर्व गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके तहत कोचिंग स्टूडेंट्स को अवसाद मुक्त रखने के लिए कोचिंग संस्थानों और जिला प्रशासन को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को निहारिका के शव के साथ एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें निहारिका ने लिखा है- मम्मी, पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती। इसलिए मैंने आत्महत्या कर ली है। मैं लूजर हूं। मैं सबसे खराब बेटी हूं। मुझे माफ करना, मम्मी, पापा। यह मेरे पास आखिरी विकल्प है।

### इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा की कर रही थी तैयारी

छात्रा निहारिका सिंह अपने पिता के साथ बोरखेड़ा क्षेत्र में रहती थी। पिता बैंक में गनमैन की नौकरी करते हैं। चचेरे भाई विक्रम सिंह ने बताया कि निहारिका 12वीं कक्षा भी दोबारा से रिपीट कर रही थी। वहीं उसका इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा के पेपर का टाइम टेबल भी आ गया था। परीक्षा को लेकर वह तनाव में रहती थी। हर रोज करीब 7, 8 घंटे घर पर स्टडी करने के बाद भी उसका परीक्षा को लेकर अवसाद में रहना देखा जा रहा था।

विवाद खत्म : शिक्षा मंत्रालय ने साफ किया-किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा

# आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं कर सकते, यूजीसी के सुझाव 'खारिज'

*शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया था कि किसी भी आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जा सकता। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशा-निर्देशों के बाद आया। यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों में प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं।

'उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के लिए जारी किए गए थे। शिक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद, किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) को 2019 अधिनियम के अनुसार रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए हैं। इस मुद्दे पर यूजीसी अध्यक्ष एम जगदेश कुमार ने भी स्पष्ट किया कि अतीत में केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) में आरक्षित श्रेणी के पद का आरक्षण रद्द नहीं किया गया और ऐसा कोई आरक्षण समाप्त नहीं किया जाने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि आरक्षित श्रेणी के सभी पूर्व में रिक्त पद (बैकलॉग) ठोस प्रयासों से भरे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ये था सुझाव

यूजीसी द्वारा प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं।



### क्या थे नए ड्राफ्ट में दिशा-निर्देश?

आरक्षित रिक्ति को एससी या एसटी या ओबीसी अभ्यर्थी के अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जा सकता। एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षित करने की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है।

सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है। हालांकि समूह 'ए' सेवा में जब कोई रिक्ति सार्वजनिक हित में खाली नहीं छोड़ी जा सकती। ऐसे में इस तरह के दुर्लभ और असाधारण मामलों में संबंधित विश्वविद्यालय रिक्ति के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर सकता है। प्रस्ताव में पद भरने के लिए किए गए प्रयास सूचीबद्ध करने होंगे, रिक्ति को क्यों खाली नहीं रखा जा सकता, इसका कारण बताना होगा और ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कमलनाथ का आरोप

**यूजीसी का ड्राफ्ट आरक्षण समाप्त करने की साजिश**

*भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिस तरह से विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त करने के लिए ड्राफ्ट तैयार किया है, वह अत्यंत खतरनाक है। यह आरक्षण समाप्त करने की स्पष्ट साजिश है। कमलनाथ ने कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा जब भाजपा समाज के कमजोर तबके से आरक्षण छीनना चाहती है। इससे पहले मध्य प्रदेश में मेरी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण दिया था, जिसे भाजपा की सरकार ने समाप्त हो जाने दिया था।*



## टीकमगढ़ की रात 16 डिग्री पर, हवाओं से प्रदेशभर में गिरा दिन का पारा

31 को फिर एक पश्चिमी विक्षोभ आने से दो दिन बाद तापमान में तेजी से होगा बदलाव, दिन का पारा भी गिरेगा

# अब झड़ने लगे पत्ते, यानी गर्मी ने दे दी दस्तक...रात का पारा बढ़ने लगा तेजी से


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दिन के तापमान में गिरावट रही, जबकि रात का पारा तेजी से बढ़ा है। सोमवार को भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में दिन के तापमान में करीब 2 डिग्री तक की गिरावट रही, वहीं रात के तापमान में 3 डिग्री तक की बढ़त दर्ज हुई है।

मंडला में दिन का पारा 30 डिग्री रहा, वहीं टीकमगढ़ में रात का पारा 5.5 डिग्री बढ़कर 16 डिग्री पर पहुंच गया है। भोपाल में दिन का तापमान 1.5 डिग्री गिरकर 26.8 डिग्री रहा, जबकि करीब 10 ▶▶ शेष पेज 2 पर

◆ भोपाल में 10 दिन बाद रात का पारा 13 डिग्री पर, उत्तरी हवाओं के असर से अभी बदलेगा मौसम, रात का पारा भी गिरेगा

आसमान पर बादल छाए, नारियलखेड़ा का दृश्य।



### 6 डिग्री तक बढ़ा रात का पारा दिन में 3 डिग्री तक गिरावट

*प्रदेश में हवाओं के असर से दिन के तापमान में जहां 3 डिग्री तक गिरावट रही, वहीं रात का तापमान 6 डिग्री तक बढ़ा है। टीकमगढ़ में न्यूनतम पारा 5.5 डिग्री बढ़कर 16 डिग्री रहा, जबकि भोपाल, राजगढ़, नर्मदापुरम, ग्वालियर, बैतूल, दमोह, मंडला, सागर, सिवनी और उमरिया आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री के बीच बढ़ोतरी रही। जबलपुर में रात का पारा 3 डिग्री बढ़कर 13.4 डिग्री रहा। ग्वालियर, इंदौर, छिंदवाड़ा में दिन का पारा 3 डिग्री तक गिरा। छिंदवाड़ा, शिवपुरी, उज्जैन, नर्मदापुरम, भोपाल, नरसिंहपुर, रीवा आदि जिलों में अधिकतम तापमान में 1.5 से 2 डिग्री की बढ़त रही। मंडला, खंडवा, खरगौन में सर्वाधिक दिन का पारा 30 डिग्री रहा, जबकि टीकमगढ़ की रात 16 डिग्री पर सबसे गर्म रही।*

### भाजपा की कांग्रेस को झटका देने की तैयारी

शारदा वर्तमान महापौर, रुस्तम हैं पूर्व मंत्री

# मुरैना के दो बड़े नेता रुस्तम व शारदा आ सकते हैं भाजपा में

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल के मुरैना जिले के दो बड़े नेता शीघ्र ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इनमें एक मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और दूसरे पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह हैं। शारदा ने महापौर के चुनाव में जीत दर्ज कर सभी को चौंका दिया था। इधर टिकट न मिलने से नाराज होकर रुस्तम सिंह ने अपने बेटे को बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा दिया था। रुस्तम सिंह को विधानसभा चुनाव के दौरान ही भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। वे रिटायर्ड आईपीएस हैं और भाजपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस ने चंबल-ग्वालियर अंचल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर और मुरैना महापौर पदों पर जीत दर्ज कर ली थी। ग्वालियर में चार दशक से भी ज्यादा समय बाद कांग्रेस की शोभा सिकरवार महापौर निर्वाचित हुई थीं और मुरैना में शारदा सोलंकी ने जीत दर्ज की थी। रुस्तम सिंह तो पहले भाजपा में ही थे लेकिन उनके साथ महापौर शारदा सालंकी को पार्टी में लेकर भाजपा, कांग्रेस को बड़ा झटका देने की तैयारी में है।



पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह



महापौर शारदा सोलंकी

## बच्चों ने स्कूलों में अभिभावकों और शिक्षकों के साथ देखा लाइव प्रसारण, प्रधानमंत्री के संदेश को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

# 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रदेश से गए 10 जनजातीय बच्चे भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए, मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं, चुनौती जाएगी, स्थितियां सुधर जाएगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं, हर चुनौती के लिए स्ट्रेटजी बनाता हूं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी उपरोक्त संदेश दे रहे थे तो इसका सीधा प्रसारण देशभर के अनेकों स्कूलों में दिखाया जा रहा था, ऐसे में बच्चे एकटक प्रधानमंत्री का संदेश सुनते नजर आए, इन बच्चों की कोशिश इस संदेश को जीवन में ढालने की थी।

मध्यप्रदेश और सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं भी फरवरी माह शुरू होने वाली हैं। ऐसे में बच्चों के मन में परीक्षा का तनाव, भय और घबराहट को दूर करने प्रत्येक वर्ष भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सुबह 11 बजे से यह कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भोपाल के कई स्कूलों में दिखाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकगण और अभिभावक भी मौजूद थे।


सरदार पटेल हायर सेकंडरी स्कूल।


शा. सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय।

**दिल्ली में आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने गए दोनों बच्चों को नहीं मिला सवाल पूछने का मौका**


**परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए एकलव्य आदर्श विद्यालय के दो विद्यार्थी**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) के 10 विद्यार्थी ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। इसमें 11वीं कक्षा के 8 और 9वीं कक्षा के 2 विद्यार्थी शामिल हुए और प्रधानमंत्री के संदेश से अभिभूत हुए।

### परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने मप्र के दो बच्चे गए दिल्ली, नहीं पूछ पाए प्रश्न

मप्र के सुभाष स्कूल के दो छात्रों 11वीं की छात्रा वंशिता माहेश्वरी और कक्षा 11 के तीर्थ सोनी को भी नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बुलाया गया था, लेकिन उनका नंबर नहीं लग पाया।

### केंद्रीय विद्यालय 2 में करीब 1300 विद्यार्थियों ने देखा लाइव प्रसारण

*इसके साथ केंद्रीय विद्यालय 2 में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, शिक्षकगण मौजूद रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री के वक्तव्य को गंभीरता से सुना। केंद्रीय विद्यालय 2 में कक्षा 6 से 12वीं तक के करीब 1300 विद्यार्थियों ने मोदी के वक्तव्य को गौर से सुना और परीक्षा की तैयारी के टिप्स लिए।*

### बच्चों ने किया साइंस की थ्योरी और प्रयोगों का बारीकी से अध्ययन



**केंद्रीय विद्यालय के 200 बच्चों ने किया साइंस सेंटर का दौरा**

भोपाल। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 के कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं के दल ने सोमवार को अपने क्लाश शिक्षकों के साथ श्यामला हिल्स स्थित रीजनल साइंस सेंटर का दौरा किया। बच्चों ने साइंस से जुड़े फिजिक्स, केमिस्ट्री के प्रयोगात्मक अध्ययनों का बारिकी से अवलोकन किया। इस दौरान स्कूली गणवेश में सभी बच्चों ने खूब इंज्वाय भी किया। बच्चों का यह दल शिक्षक साधना पांडेय, रूपाली सिंह, अमन के साथ गया था। इसमें प्रमुख रूप से कल्पेश अहिरवार, आयुष, तेजस, सिद्धार्थ, पर्व, स्वरा, दीवा, अंशिका, स्वेता समेत 4 सेक्शन के 3 ग्रुपों में करीब 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय।

### प्रदेश के विद्यार्थी अब 3 को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कर लौटेंगे



**भारत मंडपम में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ईएमआरएस भोपाल के विद्यार्थियों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन**

भोपाल। नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में सोमवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 7वें परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थी भी शामिल हुए। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित बावड़िया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के 10 विद्यार्थी ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। इसमें 11वीं कक्षा के 8 और 9वीं कक्षा के 2 विद्यार्थी शामिल हैं। जनजातीय कार्यविभाग के अपरआयुक्त डॉ. सतेन्द्र सिंह ने इन विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इन विद्यार्थियों ने भारत मंडपम में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के करीब 3000 विद्यार्थी शामिल हुए।

### दो घंटे 10 मिनट तक पीएम ने की बात

इस बार इस कार्यक्रम में पहली बार 10 राज्यों के ईएमआरएस के 100 विद्यार्थी भी विशेष रूप से शामिल हुए। मध्यप्रदेश से ईएमआरएस भोपाल के 10 विद्यार्थी शिक्षक शैलेन्द्र नेमा के नेतृत्व में कार्यक्रम में शामिल हुए। इन विद्यार्थियों का दल 3 फरवरी को दिल्ली से वापसी करेगा। इस यात्रा के दौरान उन्हें दिल्ली में राष्ट्रपति भवन, बाल भवन, बीटिंग द रिट्रीट, राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, नेहरू तारामंडल और चिड़ियाघर आदि का भ्रमण भी कराया जाएगा। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुल 2 घंटे 10 मिनट तक बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब भी दिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों की समस्याओं, प्रतिस्पर्धा की भावना, अभिभावकों की चिंता, समय का प्रबंधन जैसे कई विषयों पर विद्यार्थियों से चर्चा की।

### लॉटरी सिस्टम से हुआ बच्चों का चयन


'परीक्षा पे चर्चा' के लिए दिल्ली जाने वाले सुभाष स्कूल के तीर्थ सोनी का कहना है कि हमसे सवाल लिखवा लिए थे और लाटरी सिस्टम के जरिए अलग-अलग राज्यों से आए बच्चों का चयन हुआ था, जिसमें मेरा चयन नहीं हुआ। तीर्थ ने कहा कि भले ही मुझे प्रधानमंत्री जी से सवाल करने का मौका नहीं मिला, लेकिन उन्हें देखकर ही मन को संतुष्टी मिली।

### मोदी जी को पास से देखकर हुई मोटिवेट


दिल्ली जाने वाली भोपाल के सुभाष स्कूल की छात्रा वंशिता माहेश्वरी का कहना है कि मेरा सवाल था कि सेकेंड आप्शन जीवन में रखना चाहिए या नहीं, लेकिन मुझे सवाल पूछने का मौका नहीं मिला, लेकिन मोदी जी को इतने पास से देखकर अपने आप में मोटिवेट हुई हूं। जब प्रधानमंत्री खुद बच्चों की हौसला अफजाईश करें तो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है।

### परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम हमें करते हैं मोटिवेट


सुभाष स्कूल के 11वीं कक्षा के विद्यार्थी तनष्कि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमें अपने आप में मोटिवेट करते हैं। खासकर जब प्रधानमंत्री ने मोबाइल को किस प्रकार उपयोग करना है, यह बताया साथ ही जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में पीएम मोदी के संदेश से मैं काफी मोटिवेट हुआ हूं।

### लिखने की प्रेक्टिस जीवन में ढालूंगा


11वीं के विद्यार्थी कार्तिक ने कहा कि वाकई में मोदी जी के कहे अनुसार हमें मोबाइल को देखने का समय निश्चित करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लिखने की प्रैक्टिस के बारे में कहा जिसे मैं जरूर अपने जीवन में ढालूंगा।

### हमें बहुत कुछ सीखने को मिला


वहीं 9वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने कहा कि मैंने भी रजिस्टेशन कराया था कि शायद मुझे प्रधानमंत्री जी से सवाल पूछने का मौका मिले, लेकिन मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ। लाइव प्रसारण से हमें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

### परीक्षा का तनाव हुआ दूर


सरदार पटेल स्कूल की छात्रा हेमलता पटेल ने कहा कि मैं परीक्षा पर चर्चा के बारे में सुना, जिससे परीक्षा पर तनाव था वह काफी दूर हुआ है जैसे उन्होंने समझाया कि हमें तनाव मुक्त होकर ही परीक्षा देनी चाहिए।

### घबराने से कुछ नहीं होता


कक्षा 12वीं की छात्रा अर्चना लोधी ने कहा कि मुझे यह सीख मिली कि हमें अपनी पढ़ाई में तनाव या चिंता छोड़कर शांत मन से करनी चाहिए। किसी भी समस्या में अपने शिक्षकों की मदद लेनी चाहिए, अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहिए।

### आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देनी चाहिए


वही कक्षा ग्यारहवीं के ऋषि बैरागी ने कहा कि हमें आने वाली परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है और चिंता मुक्त होकर ही पढ़ना चाहिए, चिंता मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देनी चाहिए।

### प्रश्न गंभीरता से पढ़ें, सोचें समझें


कक्षा ग्यारहवीं के अरुण कुशवाहा ने कहा कि हमें इस प्रकार से स्वयं को तैयार करना चाहिए की परीक्षा कक्ष में तनाव मुक्त होकर बैठे और किसी प्रश्न को गंभीरता से पढ़ें, सोचें, समझें और फिर लिखें।

## धर्म-समाज-संस्था

**गणेश मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता, देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए भगवान से की प्रार्थना**

# तिलवा चौथ पर महिलाओं ने रखा व्रत... तिल गुड़ शकरकंद से की भगवान गणेश और चंद्रमा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तिल चौथ का त्योहार राजधानी भोपाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खासतौर से उत्तर भारतियों के लिए यह त्योहार खास होता है। तिल चतुर्थी पर सोमवार को सुबह से ही राजधानी के गणेश मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। इस बार मंदिरों में तिल चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। भक्तों ने भगवान के दर्शन कर सौभाग्य व संतान परिवार के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। संकट चतुर्थी पर राजधानी के विभिन्न गणेश मंदिरों व घरों पर श्रध्दालुओं ने विधि विधान से श्रीगणेश पूजन किया गया। महिलाओ ने दिनभर उपवास रखा। रात में चंद्र उदय पर भगवान श्री गणेश व चंद्रदेव की पूजा की।

काले तिल व गुड़ का भोग लगाया गया। इस त्योहार को तिलवा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। उत्तर भारत के लोग यह त्योहार धूमधाम से मनाते हैं। महिलाओ ने तिल के लड्डू के साथ शकरकंद व गाजर का हलवा भी प्रसाद में बनाया। विनायक की पूजा कर व्रती महिलाओं ने अपना उपवास खोला। राजधानी वासियों ने भगवान गणेश से देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।



### मोती जड़ित वस्त्र पहनाए

*संकट चतुर्थी के अवसर पर राजधानी के गुफा मंदिर, छोला गणेश मंदिर, पिपलानी गणेश मंदिर, कोलार गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेश, रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ को मोती जड़ित वस्त्र पहनाए गए और स्वर्ण आभूषणों से भगवान का श्रृंगार किया गया। मंदिरों को भी विशेष रूप से सजाया गया।*

### वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति शिविर का आयोजन

**भोपाल।** वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर के अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में सोमवार को छठवां शिविर आयोजित किया गया। इसमें शा.ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय कटारा हिल्स, भोपाल के 160 विद्यार्थियों एवं 4 शिक्षकों सहित कुल 164 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में एके खरे सेवा निवृत उप वन संरक्षक एवं डॉ एस.आर वाघमारे, सेवा निवृत उप वन सरक्षक मौजूद रहे।

**198 सत्तर प्लस उम्र के और 72 गैर मेहरम महिलाएं भी करेंगी हज**

सेंट्रल हज कमेटी ने निकाला कुरआ, हज पर जाने वालों की लिस्ट जारी

# प्रदेश के 6 हजार 750 लोगों को मिला हज पर जाने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हज पर जाने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। इस बार 9 हजार 147 लोगों ने हज पर जाने के लिए आवेदन किया था। जिनमें से सेंट्रल हज कमेटी ने 6 हजार 750 लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में सत्तर प्लस उम्र और गैर मेहरम महिलाओं के नाम शामिल हैं। दो हजार 397 हज आवेदकों की वेटिंग लिस्ट भी जारी की गई है।

सेंट्रल हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सोमवार सुबह 11 बजे दिल्ली में ऑनलाइन नेशनल कुरआ लाटरी से हज आवेदकों के नाम निकालकर लिस्ट जारी की, जिसमें प्रदेश के 6 हजार 750 हज आवेदकों को हज पर जाने का मौका मिल गया है। जिनमें प्रदेश से जाने वाले 70 साल से ज्यादा उम्र के 198 आवेदकों के साथ ही गैर मेहरम जाने वाली 72 महिला आवेदक शामिल हैं।

**आंखों से छलके खुशी के आंसु**



मक्का मदीना की पवित्र यात्रा पर जाने की आस लगाए राजधानी समेत प्रदेशभर के आवेदकों की नजर इस पर थी। जैसे ही हज पर जाने के लिए लोगों के नाम आए तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। वहीं जिनका नाम हज कमेटी की ओर से घोषित नहीं हुआ उनके चेहरे पर मायूसी नजर आई। हज पर जाने वाले मोहम्मद फैसल ने बताया कि खुशी को बयान नहीं किया जा सकता है। वहीं इस साल भोपाल समेत प्रदेश के सभी जिलों से हज पर जाने के लिए 9 हजार से ज्यादा आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। हालांकि हज यात्रा के लिए पिछले साल के मुकाबले इस साल 3 हजार आवेदन कम आए हैं।



# कलचुरि महासभा का युवक युवती का परिचय सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री सहस्त्रबाहु कलचुरि महासभा (कलार समाज) भोपाल एवं हैहय कलचुरि कलाल समाज बुरहानपुर मप्र की संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विवाह योग्य युवक-युवती का परिचर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन बुरहानपुर स्थित मैक्रो विजन अकाडमी में किया गया। परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों के लगभग तीन सौ बायोडाटा आए थे, जिसमे से एक सौ पच्चीस युवक युवती ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विंग कमांडर विनोद राय ने की तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भोपाल महापौर मालती राय थीं।


**मकर राशि में बन रहे त्रिग्रही योग से कई राशियों के जातक का चमकेगा भाग्य**

# अगले माह त्रिग्रही, चतुर्ग्रही और बुध आदित्य योग में मंगल, शुक्र और सूर्य ग्रह बदलेंगे राशि, जातक को होंगे कई लाभ

सुख-समृद्धि के साथ वैभव और प्रॉपर्टी के लिए विशेष लाभकारी होगा फरवरी माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फरवरी माह में चार ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। बुध, मंगल, शुक्र व सूर्य ग्रह राशि परिवर्तन करने से कुछ जातकों के लिए शुभ संयोग बनेंगे तो कुछ के लिए यह बदलाव सामान्य रहेगा। सबसे पहले 1 फरवरी को बुध मकर राशि में गोचर कर रहे हैं, इससे व्यापार में तेजी का असर दिखाई देगा। वहीं ग्रहों के सेनापति मंगल 5 फरवरी को अपनी उच्च राशि यानी मकर में प्रवेश कर सूर्य बुध के साथ त्रिग्रही योग बनेगा, जो उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ ही प्रॉपर्टी में खरीद-फरोख्त तेज होने के संयोग बनेंगे। इसके बाद 12 फरवरी तड़के शुक्र भी मकर राशि में प्रवेश कर सम्मिलित हो जाएंगे। जो मौसम में बदलाव का संकेत दे रहे हैं। 13 फरवरी को सूर्य मकर को छोड़कर कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। 20 फरवरी को बुध मकर राशि को छोड़कर कुंभ राशि में गोचर करेंगे और बुध आदित्य योग का निर्माण करेंगे। यह पूरा माह प्रॉपर्टी में उठाव और सुख, वैभव में वृद्धि के कारक बनेंगे।



**50 साल बाद मकर राशि में तीन ग्रहों की युति**

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि फरवरी माह में चार ग्रह अपनी राशि परिवर्तन करने के साथ ही त्रिग्रही, चतुर्ग्रही और बुधआदित्य योग का निर्माण होने से यह माह सुख-समृद्धि के साथ वैभव और प्रॉपर्टी के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं विवाह सहित मांगलिक कार्यों के लिए भी शुभ मुहूर्त आ रहे है। इसके अलावा जब एक से ज्यादा ग्रह किसी एक ही राशि में आ जाते हैं तो युति बनती है। 50 साल बाद मकर राशि में तीन ग्रहों की युति बनने जा रही है। इसके चलते मेष, वृषभ, मिथुन, तुला, वृश्चिक, धनु राशि वाले जातकों के लिए फरवरी माह खास उपलब्धियों, व्यापार में बढ़ावा, नए रोजगार के साधन, सुख-समृद्धि और मांगलिक कार्यों के लिए शुभ संयोग वाला रहेगा।

**अगले माह यह रहेंगे विशेष मुहुर्त व त्योहार**

फरवरी माह में विवाह के 7 मुहूर्त आ रहे हैं। ये 1, 4, 6, 12, 14, 18 व 19 फरवरी को रहेंगे। इनमें अबूझ मुहूर्त एक ही है, जो 14 फरवरी बसंत पंचमी को रहेगा। इनमें 1 फरवरी को छह रेखीय, 4 को सात रेखीय, 6 को आठ रेखीय, 12 को नौ रेखीय, 18 को आठ रेखीय और 19 फरवरी को भी आठ रेखीय विवाह मुहूर्त रहेंगे। इनमें सबसे खास 6, 12, 14 और 18 फरवरी वाला विवाह मुहूर्त हैं। इसके साथ तीन मुहूर्त जनेऊ संस्कार के हैं, जो 14, 19 व 27 फरवरी को है। वहीं नींव और गृह प्रवेश के भी तीन ही मुहूर्त हैं, जो 1, 19 व 22 फरवरी को आ रहे है। देव प्रतिष्ठा के लिए 1, 14, 15, 19, 21 व 22 फरवरी के अच्छे मुहूर्त हैं। नये व्यापार संबंधी शुभ कार्यों के प्रारंभ करने के लिए 1, 14,15, 18, 19, 22 और 26 फरवरी को खास दिन है।

भोपाल
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष–05
वर्ष : 10, अंक : 313
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4 .00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

## 'बीटिंग द रिट्रीट' कार्यक्रम में 'मेरे घर राम आए हैं' की धुन



**भोपाल।** मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को 'बीटिंग द रिट्रीट' के साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हो गया। बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने पहली बार 'मेरे घर राम आए हैं' और 'मां तुझे सलाम' की धुन भी बजाई।




## खबर संक्षेप

### प्रीतम लोधी एमपी एमएलए कोर्ट से बरी



**ग्वालियर।** भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली। ग्वालियर में एमपी एमएलए कोर्ट ने लोधी को शासकीय कार्य में बाधा के एक मामले में बरी कर दिया है। साल 2018 में प्रीतम लोधी के खिलाफ शिवपुरी जिले के खनियाधाना थाने में केस दर्ज हुआ था। तब विस चुनाव में प्रीतम ने पिछोर विस सीट से भाजपा के बैनर तले चुनाव लड़ा था, उस दौरान खनियाधाना में एक बवाल हुआ था। वे विधायक बने तब केस इस कोर्ट में भेजा गया था।

### आरएसएस मुख्यालय पर नहीं उड़ा पाएंगे ड्रोन



**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने यहां स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय को संभावित खतरे का हवाला देते हुए 28 मार्च तक उसके ऊपर ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाने के साथ ही परिसर की तस्वीर लेने एवं वीडियो बनाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। संघ मुख्यालय शहर के महल इलाके में स्थित है। संयुक्त पुलिस आयुक्त अस्वती दोर्जे ने (सीआरपीसी) की धारा 144 (1) (3) के तहत आदेश दिया। मुख्यालय होटल, लॉज और कोचिंग कक्षाओं से घिरे घनी आबादी वाले इलाके में है।

### अमेरिका में भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या



**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले एक भारतीय छात्र विवेक सैनी की चाकू और हथौड़ा मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना अमेरिका के जॉर्जिया की है, जहां एक बेघर व्यक्ति ने सैनी पर एक-दो नहीं बल्कि 50 बार वार कर उसकी जान ले ली। घटना का पूरा वीडियो अब ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 25 साल के छात्र विवेक सैनी जॉर्जिया के लिथोनिया में एक स्टोर में काम करते थे। आरोपी की पहचान जूलियन फॉकनर नाम से हुई। घटना 18 जनवरी 2024 को हुई।

### नया आईएमपीएस मनी ट्रांसफर नियम 1 से



**नई दिल्ली।** अगले महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी 2024 से आईएमपीएस के जरिए मनी ट्रांसफर करने के नए नियम लागू होने जा रहे हैं। इस तारीख से यूजर्स सिर्फ प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर और बैंक खाता नाम जोड़कर आईएमपीएस के जरिए मनी ट्रांसफर कर सकेंगे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, इसमें लाभार्थी जोड़ने की जरूरत नहीं है। ऑनलाइन मोड ने एक बैंक से दूसरे बैंक में धन हस्तांतरण को परेशानी मुक्त बना दिया है।

## पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

# एसडीएम का पति निकला हत्यारा तकिए से मुंह दबाकर ले ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिंडौरी के शहपुरा की एसडीएम निशा नापित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। उनकी मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि उनके पति मनीष शर्मा ने ही तकिए से गला दबाकर उनकी हत्या की थी।

पुलिस ने इस संबंध में सबूतों के साथ मामले का खुलासा किया है। रविवार को करीब चार बजे शहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनीष शर्मा ही निशा नापित को लेकर गया था। वहां डॉ. रत्नेश द्विवेदी ने उनकी जांच की तो बताया कि निशा की मौत पहले ही हो चुकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम के बाद ही हो सकेगी। सोमवार को पोस्टमॉर्टम हुआ तो उसमें पता चला कि निशा नापित की हत्या हुई है। पुलिस का कहना है कि ग्वालियर निवासी 45 वर्षीय मनीष शर्मा से निशा का परिचय मेट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए हुआ था। दोनों की शादी तीन अक्टूबर 2020 ▶▶ शेष पेज 2 पर

*मनीष चाहता था कि निशा अपने सर्विस रिकॉर्ड समेत अन्य जगहों पर नॉमिनी के तौर पर उसका नाम दर्ज करे।*



### साक्ष्य छिपाने के लिए कपड़ों को धोया था

पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण, गवाहों के बयान, पीएम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दावा किया कि मनीष शर्मा ने रविवार को एसडीएम निशा नापित के मुंह-नाक पर तकिया रखकर दबाया। इससे ही दम घुटने से उनकी मौत हो गई। साक्ष्य को छिपाने के लिए मनीष ने खून से सने कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोया और उन्हें अन्य कपड़ों के साथ धोकर प्रांगण में सुखा दिया है।

### गुर्दा खराब होने की बात कहकर बात को घुमाया

शर्मा ने रविवार को कहा था कि निशा का एक गुर्दा खराब था। ठंड के समय खांसी आती थी। शनिवार को उनका व्रत था। उन्होंने दो अमरूद खाए। मैंने मना भी किया। रात में उन्हें उल्टी हुई। दवा दी थी। सुबह वह सो रही थी। रविवार को कोई काम रहता नहीं इसलिए जगाया नहीं। दस बजे काम वाली बाई आई तो मैं घूमने चला गया। दोपहर दो बजे बंगले आकर मैंने पूछा तो पता चला कि मैडम नहीं उठी हैं। मैं कमरे में गया तो वहां वह बेसुध थी। मैंने सीपीआर देने की कोशिश की। फिर ड्राइवर को फोन लगाया। फिर हम लोग उन्हें अस्पताल ले गए।

## बजट 2024: नई आयकर प्रणाली के तहत वेतनभोगी सरकार से और अधिक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद कर रहे

अनुमान है कि पुरानी और नई दोनों कर व्यवस्थाओं के लिए मूल छूट सीमा में वृद्धि की जा सकती है

# इस 'बजट' में करदाताओं को और अधिक राहत की उम्मीद

*पिछले साल बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे जुड़े कई जरूरी और सकारात्मक बदलाव किए थे। उस दौरान उन्होंने उच्च आय वाले व्यक्तियों के लिए अधिभार को कम करने का भी ऐलान किया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2023-24 के दौरान नई आयकर व्यवस्था के तहत करदाताओं को कई लाभ दिए गए। 1 फरवरी 2024 के दौरान पेश होने वाले अंतरिम बजट में वित्त मंत्री की ओर से नई कर प्रणाली के तहत टैक्सपेयर्स को मिलने वाले राहत में और इजाफा किया जा सकता है। नई आयकर व्यवस्था को सबसे पहले केंद्रीय बजट 2020-21 में पेश किया गया। नई कर प्रणाली 1 अप्रैल, 2023 से डिफॉल्ट विकल्प बन गई। हालांकि, करदाताओं के लिए पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प भी फिलहाल जारी है पर सरकार नई कर प्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। पिछले साल बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे जुड़े कई जरूरी और सकारात्मक बदलाव किए थे। उस दौरान उन्होंने उच्च आय वाले व्यक्तियों के लिए अधिभार को कम करने का भी ऐलान किया था। उन्होंने स्टैंडर्ड डिडक्शन के तहत भी ▶▶ शेष पेज 2 पर

*सरकार इस साल पेश होने वाले अंतरिम बजट के दौरान नई आयकर व्यवस्था को और बढ़ावा दे सकती है।*

इस बार बजट सत्र 31 जनवरी से नौ फरवरी के बीच चलेगा

### आज की सर्वदलीय बैठक में सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए अपना एजेंडा दलों के सामने रखेगी




### नई व्यवस्था के तहत मानक कटौती सीमा और एचआरए छूट बढ़ने की उम्मीद

अनुमान है कि पुरानी और नई दोनों कर व्यवस्थाओं के लिए मूल छूट सीमा में वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, करदाता नई आयकर व्यवस्था के तहत मानक कटौती सीमा, एचआरए छूट और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए कटौती में इजाफे की उम्मीद कर रहे हैं। दोनों कर व्यवस्थाओं के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की सीमा बढ़ाकर 1,00,000 रुपए करने की सिफारिश की है।

### आवास ऋण पर लगने वाले ब्याज पर कटौती संभव

हाउसिंग लोन वाले वेतनभोगी करदाता होम लोन के ब्याज कटौती से जुड़े संभावित नुकसान के कारण नई कर व्यवस्था में शिफ्ट होने के प्रति परहेज करते हैं। नई कर व्यवस्था में आवास ऋण पर ब्याज के लिए कटौती को बढ़ाने से यह अधिक आकर्षक हो सकता है। आवास ऋण वाले कई मध्यम आय वाले करदाताओं को यह लाभ आकर्षक लगेगा। इससे उनमें नई कर प्रणाली के प्रति आकर्षण पैदा हो सकता है।

### सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

सरकार ने मंगलवार सुबह 11.30 बजे सभी दलों से इस चर्चा में शामिल होने की अपील की है। गौरतलब है कि यह पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट है। इसमें सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए अपना एजेंडा सामने रखेगी। इसके अलावा सरकार राजनीतिक दलों को अपने मुद्दों के बारे में भी जानकारी देगी।

### वित्त मंत्रालय का अनुमान 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की होगी अर्थव्यवस्था

वित्त मंत्रालय ने देश की अर्थव्यवस्था पर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। अगले तीन सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर सकती है।

## छतरपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से बड़ा हादसा



हादसे में 3 की मौत 32 घायल, 10 गंभीर

*छतरपुर। जिले में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। धार्मिक स्थल जटाशंकर धाम जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार 35 लोग हादसे का शिकार हो गए और 3 बच्चों की मौत हो गई। वहीं, 32 लोग इस पूरे हादसे में घायल हुए हैं जिनमें से 10 की हालत गंभीर बनी हुई है और अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। जिले के बक्सवाहा क्षेत्र जुझारपुरा गांव में रहने बाले ब्रजेश लोधी के घर नई ट्रेक्टर- ट्रॉली आई थी, जिसका पूजन पाठ कराने के लिए घर और गांव के करीब 35 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर* ▶▶ शेष पेज 2 पर

## सीएम पुष्कर सिंह धामी का ऐलान

# उत्तराखंड में 2 फरवरी को यूसीसी कमेटी सरकार को सौंपेगी 'रिपोर्ट'

*27 मई, 2022 को कमेटी गठित की थी*

एजेंसी ▶▶ देहरादून



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाली 2 फरवरी को यूसीसी ड्राफ्ट को कैबिनेट में पेश किया जाएगा। धामी ने कहा कि कमेटी ने अपना काम पूरा कर लिया है और हमें 2 फरवरी को इसका ड्राफ्ट मिल जाएगा। धामी ने कहा कि हमने 2022 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता से वादा करते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का संकल्प लेते हुए 27 मई, 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता पर एक पैनल का गठन किया था। ▶▶ शेष पेज 2 पर

## हनी ट्रैप मामले में सुनवाई

# नाथ के पेन ड्राइव वाले बयान से जुड़ा जवाब पेश नहीं हुआ

*अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी, एसआईटी के नए चीफ आदर्श कटियार के ट्रेनिंग से लौटने के बाद सही जवाब होगा पेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले में सोमवार को जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। दोपहर 1.40 बजे सरकारी वकील और पुलिस पहुंची। एसआईटी के नए चीफ आदर्श कटियार के कोयंबटूर में ट्रेनिंग पर होने से पूर्व सीएम कमलनाथ के पेन ड्राइव वाले बयान से जुड़ा जवाब पेश नहीं हो सका। अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी। सरकारी वकील अभिजीत सिंह राठौर ने कहा कि मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। साथ ही नए चीफ कटियार को पदभार संभाले ▶▶ शेष पेज 2 पर

## बोर्ड परीक्षाओं पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप बोले

इस कानून को विधानसभा सत्र में लाएंगे

# अब एक भी पेपर आउट नहीं होगा, हमने डेवलप किया सिस्टम, पेपर लीक पर कानून भी लागू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एक्सीलेंस स्कूल में सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा-2024' कार्यक्रम के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री मप्र शासन राव उदय प्रताप ने एक बड़ा दावा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड की परीक्षाओं में एक भी पेपर आउट नहीं होगा। पेपर लीक न हो इसके लिए एक सिस्टम डेवलप किया गया है। पेपर लीक को लेकर अगले सत्र से एक सख्त कानून भी लागू किया जाएगा। पेपर लीक से संबंधित भविष्य में कानून बनाने जा रहे हैं। इसे हम विधानसभा के सत्र में लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले परीक्षार्थियों के साथ कोई भेदभाव न हो सके, इसके लिए पूरी क्षमता और पारदर्शिता से इस दिशा में कार्य किया जाएगा। कहा कि हमारे खुद के सिस्टम में अगर कोई लीकेज है तो वह भी कानून के दायरे में आएगा। हम स्वाभाविक रूप से सख्ती से पालन करेंगे और पारदर्शी तरीके से सिस्टम को संचालित करेंगे। जहां आवश्यक होगा वहां हम वीडियोग्राफी भी कराएंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर हम मॉनिटरिंग सिस्टम की क्षमताओं को भी बढ़ाने का काम कर रहे हैं।



### सोशल मीडिया से दूर रहें बच्चे

अगले महीने से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं और पेपर लीक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी तरह से सोशल मीडिया पर इस प्रकार की प्रैक्टिस में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे उनका खुद का नुकसान होगा। इतना ही नहीं वे आपराधिक गतिविधि के भागीदार भी होंगे।

### बच्चों को मिले तनाव मुक्त वातावरण

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम बच्चों में तनाव मुक्त वातावरण के लिए काम कर रहे हैं। इससे बच्चों को अच्छे वातावरण में परीक्षा देने का मौका मिले, बच्चे बगैर व्यवधान के इस अवसर का लाभ ले सकें, यही हमारी तैयारी है। स्वाभाविक रूप से बच्चों को तनाव से दूर रखने के लिए हम तैयारी भी कर रहे हैं और इसका सजगता से क्रियान्वयन भी करेंगे।

## गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

# सिमी पर बढ़ाया गया पांच साल का प्रतिबंध

देश के लिए खतरा है सिमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक नया आदेश जारी करते हुए पहले से ही प्रतिबंधित आतंकी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर पांच साल के लिए बैन बढ़ा दिया है। यह कार्रवाई यूएपीए कानून के तहत की गई है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बैन को बढ़ाए जाने के आदेश की जानकारी साझा की। गृह मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के तहत सिमी को यूएपीए के तहत अगले पांच सालों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि सिमी को भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरे में डालने ▶▶ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष

### बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड'...

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में परीक्षा के तनाव को लेकर देश-विदेश के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रश्नों के जवाब दे रहे थे। पीएम ने लगातार सातवीं बार प्रेशर हैंडल करने के सवाल पर अचंभा जताते हुए कहा कि शिक्षकों को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। यदि वे छोटे-छोटे प्रयास भी करें तो तनाव और दबाव को दूर किया जा सकता है। पीएम मोदी ने माता- पिता से भी अपील की कि बच्चों के परफॉर्मेंस और उसकी रिपोर्ट कार्ड को अपना 'विजिटिंग कार्ड' न बनाएं। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लगभग दो करोड़ 26 लाख पंजीकरण कराए गए। कक्षा छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। गौर हो कि पीएम मोदी के नेतृत्व में यह एक ऐसा विशाल आंदोलन है जिसमें युवाओं के लिए परीक्षा से पहले तनाव मुक्त वातावरण विकसित किया जाता है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम राष्ट्र शिल्पी हैं। 2047 तक आपके नेतृत्व में राष्ट्र विकसित बनेगा। परीक्षा में चर्चा जन आंदोलन बन गया है।

### दूसरों से नहीं...

लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।

### जागते समय पूरी...

लिए कुछ दिनचर्या, सूरज की रोशनी में समय बिताना और नियमित और पूरी नींद लेना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा, कि स्क्रीन टाइम जैसी आदतें आवश्यक नींद के समय को खा रही हैं, जिसे आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान द्वारा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। जागते समय पूरी तरह जागना और सोते समय गहरी नींद लेना एक संतुलन है, जिसे हासिल किया जा सकता है। पीएम ने संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया और फिटनेस के लिए नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया।

### मप्र में राज्यसभा की...

कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इसी तरह से, उत्तरप्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 राज्यसभा सीट पर चुनाव होगा। यूपी से एक सीट समाजवादी पार्टी की जया बच्चन के पास है और 9 भाजपा के पास हैं। भाजपा के जिन सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें अशोक वाजपेई, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, हरनाथ सिंह यादव और विजयपाल तोमर शामिल हैं। दूसरी ओर, उत्तराखंड से अनिल बलूनी का कार्यकाल पूरा हो रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं।

### आरक्षित पद को ...

जाएं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने कहा कि जेएनयू में कोई भी पद अनारक्षित नहीं किया गया है। हमें आरक्षित श्रेणी के तहत बहुत अच्छे अभ्यर्थी मिले हैं।

### क्या थे नए मसौदा...

आरक्षण रद्द करने का औचित्य क्या है, यह भी बताना होगा।
-ग्रुप 'सी' या 'डी' के मामले में आरक्षण समाप्त करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को भेजा जाना चाहिए और समूह 'ए' या 'बी' के मामले में प्रस्ताव आवश्यक अनुमोदन के लिए पूर्ण विवरण के साथ शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मंजूरी मिलने के बाद पद भरा जा सकता है और आरक्षण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### प्रदेश को 10,405 करोड़...

तक कनेक्टिविटी आसान होगी। इसके साथ ही कटनी के कोयला खदान उद्योग को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही साथ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, ओरछा, राष्ट्रीय पेंच टाइगर कॉरीडोर तक कनेक्टिविटी आसान होगी। जबकि बुधनी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज और वुड क्राफ्ट व्यापार को लाभ मिलेगा। इन सड़कों के बन जाने से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों के बीच व्यावसायिक एवं नागरिक यातायात सुगम होगा।

### अब झरने लगे पत्ते...

दिन बाद रात का तापमान फिर से 13 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी हवाओं के असर से दिन के तापमान में गिरावट रही है, जबकि रात में बादल, धुंध और कोहरे के साथ उत्तर पूर्वी हवाओं से तापमान में बढ़त रही है। यह क्रम बुधवार तक जारी रहेगा। इसके बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ आने से पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में फिर तेजी से बदलाव होगा।

## पेज एक का शेष

### इस 'बजट' में ...

50,000 रु. की मानक कटौती की अनुमति दी थी। सरकार इस साल पेश होने वाले अंतरिम बजट के दौरान नई आयकर व्यवस्था को और बढ़ावा दे सकती है।

### एसडीएम का पति निकला ...

को हुई थी। दोनों ने मंडला के गायत्री मंदिर में शादी की थी। निशा और मनीष के बीच कई बातों को लेकर विवाद हो रहा था। मनीष चाहता था कि निशा अपने सर्विस रिकॉर्ड समेत अन्य जगहों पर नॉमिनी के तौर पर उसका नाम दर्ज करे। निशा इस बात को लेकर राजी नहीं थी। इसी बात को लेकर रविवार को भी दोनों में विवाद हुआ था और मनीष ने निशा की हत्या कर दी थी।

### हादसे में 3 की मौत, ...

जटाशंकर धाम जा रहे थे तभी रास्ते में सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में नम्रता लोधी (15), रवि लोधी (10), और दिव्या लोधी (12) ने दम तोड़ दिया। हादसे में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों सहित करीब 32 लोग घायल हुए हैं।

### उत्तराखंड में 2 फरवरी को ...

समिति ने अपना काम पूरा कर लिया है और 2 फरवरी को यूसीसी समिति अपनी रिपोर्ट हमें सौंपेगी। 2 फरवरी को रिपोर्ट मिलने के बाद इसे कैबिनेट में लाया जाएगा और उसके बाद राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता लागू करने पर कार्रवाई की जाएगी। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। यूसीसी विवाह, विरासत, गोद लेने और अन्य मामलों से निपटने वाले कानूनों का एक सामान्य सेट प्रस्तावित करता है।

### नाथ के पेन ड्राइव ...

आठ ही दिन हुए हैं। उनसे डिटेल मार्गदर्शन लेकर कमलनाथ के संबंध में जवाब पेश किया जाएगा। दरअसल, 21 मई 2021 को पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा था कि उनके पास हनी ट्रैप मामले की सीडी और पेन ड्राइव है। इस पर कोर्ट में आपत्ति लेते हुए आरोपियों में से एक ने पूछा था कि उनके पास पेन ड्राइव और सीडी कहां से आई, किसने दी, इसका खुलासा होना चाहिए। कमलनाथ से दोनों चीज जब्त करने के लिए एसआईटी ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद कमलनाथ ने नया बयान दिया था कि उन्होंने सिर्फ 29 सेकंड की क्लिप देखी है। वहीं, नवंबर 2023 में एसआईटी ने अपने जवाब में कहा था कि एसआईटी चीफ विपिन माहेश्वरी रिटायर हो चुके हैं। नए चीफ बनने के बाद ही इस पर जवाब दाखिल आना था, फिलहाल टल गया है। मामले में दूसरे आवेदन पर भी पुलिस को जवाब देना था। आरोपी रूपा अहिरवाल ने आवेदन किया था कि उसे उसका मोबाइल लौटाया जाए। एसआईटी के वकील अभिजीत सिंह राठौर ने बताया आरोपी रूपा का मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स साक्ष्य है। इसे वापस नहीं किया जा सकता।

### सिमी पर बढ़ाया गया...

के लिए, आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल पाया गया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि कोई भी संगठन जिसका उद्देश्य भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करना है, उसे अस्तित्व में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। केंद्र ने अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि सिमी के उद्देश्य देश के कानूनों के विपरीत हैं, क्योंकि संगठन का उद्देश्य इस्लाम के प्रचार में छात्रों और युवाओं को जुटाना और जिहाद के लिए समर्थन प्राप्त करना है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा गया कि कई सालों तक प्रतिबंधित रहने के बावजूद सिमी ने विभिन्न संगठनों के माध्यम से अवैध गतिविधियों में लिप्त रहना जारी रखा है, इसलिए उसके खिलाफ नया प्रतिबंध लगाया गया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि वह सिमी पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करे।

## 'लापता लेडीज' को मिल रहा रिस्पॉन्स...



**मुंबई।** किरण राव के निर्देशन में बनी और जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लापता लेडीज' का इंतजार इसके ट्रेलर की रिलीज के साथ नई ऊंचाइयां छू रहा है। यह फिल्म 1 मार्च 2024 को रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल की प्रमुख भूमिकाओं में बनाई गयी इस फिल्म का ट्रेलर बेहतरीन कला और अभिनय को दिखाता है। डेल्ही बेली, दंगल और पीपली लाइव के निर्माताओं की ओर से आने वाली यह फिल्म बिना किसी शक अपनी रिलीज पर एक ह्यूमर से भरपूर ट्रीट देगी। इसके अलावा, फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी स्टैंडिंग ओवेशन मिला है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, 'लापता लेडीज' किरण द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

# 'रामायण' में बनेंगे रामभक्त हनुमान



**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम के बीच नितेश तिवारी की 'रामायण' की चर्चा भी तेज है। इसकी कास्टिंग पर भी काम शुरु हो गया है। इस रामायण से रणबीर कपूर, साई पल्लवी और 'केजीएफ' स्टार यश पहले ही जुड़ गए हैं, लेकिन अब इसमें एक एक्टर का रोल भी कंफर्म हो गया है। राम-सीता और रावण के रोल के बाद अब हनुमान के किरदार के लिए भी नितेश तिवारी ने एक एक्टर की एंट्री पक्की कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नितेश तिवारी की 'रामायण' में रामभक्त हनुमान का किरदार गदर एक्टर सनी देओल निभाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए सनी देओल लंबी बातचीत के बाद हनुमान के रोल के लिए मान गए हैं। एक्टर इस रोल के लिए बेहद एक्साइटेड भी हैं। खबर है कि सनी देओल रामायण की शूटिंग मई में शुरू करेंगे।

### न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील -कोलार, भोपाल

प्रकरण क्रमांक- 3276/अ-6/2023-24

:: उदघोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ चौहान आत्मज रामगोपाल चौहान निवासी रतनपुर सड़क म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र/ वसीयत/दान ... दिनांक .... ग्राम रतनपुर प.ह.न.- 05 स्थित भूमि खसरा नंबर 892/2/2 रकबा 0.647 का अंशभाग 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलखो में आवेदक के नाम किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह 09/02/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है । समयावधि पश्चात् किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उदघोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/01/2024 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार,**
**तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

### OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT,1961

RC/279/2017 — 09.01.2024

**PUNJAB NATIONAL BANK**
Versus
**ANANDI TRADING**

To,
**(CD 1) ANANDI TRADING**
SHOP NO.01 ,BASEMENT, ADITYA PLAZA, LOHA BAZAR, BHOPAL (M.P.)-462001
**(CD 2) MAHENDRA SHARMA**
10, TELIYAN GALI, HANUMAN GANJ, BHOPAL (M.P.)
**(CD 3) GANGA PRASAD DUBEY**
H.NO.26, SAI MANDIR ROAD, NANDINI NAGAR, GAIRATGANJ, RAISEN (M.P.)
ALSO AT : PLOT NO.23, PATRAKAR GRAH NIRMAN SAHKARI SAMITI MDT., LINK ROAD NO.03, GRAM-KOTRA SULTANABAD, BHOPAL (M.P.)

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/99/2016** an amount of **Rs. 6960864.00 ( Rupees Sixty Nine Lakhs Sixty Thousands Eight Hundred Sixty Four Only )** along with pendentellite and future interest @ 12 % Simple Interest Yearly w.e.f. 03/02/2016 till realization and costs of **Rs 72000( Rupees Seventy Two Thousands Only )** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 02/04/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 09/01/2024.

SEAL

Vaatsalya Kumar, Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट
7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸ निवेश का सुनहरा मौका
▸ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸ पूर्णत: विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Hindblaze®
SMART WAY TO KITCHEN
TOLL FREE:- 1800 203 0585
HINDBLAZE APPLIANCES PVT. LTD.
• 60 CM • 1250 m³/hr • Hand Sensor • Filterless
Shopy:- Shop No 4/6 Aamer Complex Zone II Mp Nagar Bhopal 462010
Dealership & Trade Enquirie:- 88894 22296 Auth. Dist:-Sundram Sales And Service:- 88894 22295

भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत सेन्टर : माखनलाल चतुर्वेदी "राष्ट्रीय" विश्वविद्यालय)
ADD: 15-A, 15-B NIRMAL TOWER, ABOVE SBI/CANARA BANK, NEAR APSARA CINEMA, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M.86027-11111
DCA TOTAL FEE Rs. 2999/- PER SEM
PGDCA TOTAL FEE Rs.3999/- PER SEM
FREE 1 साल तक GYM/CARDIO SECTION, 3 MONTH CPCT & FREE ALL SUBJECT BOOKS, Q.BANK, NOTES ETC.
CPCT
GYM/CARDIO Rs. 500/- PER MONTH
एक बार विजिट अवश्य करें।
दिमाग के साथ शरीर की कसरत भी
DCA, PGDCA, BA, MA, B.Com, M.Com, B.Sc, M.Sc, B.Lib, M.Lib, BBA, MBA
नोट : सभी सरकारी JOBS में COMPUTER DIPLOMA /CPCT अनिवार्य कर दिया गया है।
REQUIREMENT FACULTY & RECEPTIONIST

आवश्यकता
फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance Jio 5G कंपनी में घर बैठे SMS Job करके लड़के /लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाईल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें - 9241650814
R- 28/01 to 01/02/24

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MACHAL SINGH THAKUR था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MACHAL SINGH हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम MACHAL SINGH से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 669, GADIAPURA RAM MANDIR ROAD, ANAND NAGAR, BHOPAL (M.P.) - 462022

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
अन्य साईज में
40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो.9407279644

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कवियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5409



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5408 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकू नवताल - 5419






# ₹10 हज़ार करोड़ से अधिक की लागत से 724 किमी लम्बी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**मंगलवार, 30 जनवरी 2024**

## कार्यक्रम स्थल: वेटनरी कॉलेज ग्राउण्ड, जबलपुर, प्रात: 11:00 बजे

### लोकार्पण

- टीकमगढ़-झांसी सड़क पर स्थित जामनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण (NH-539, लम्बाई: 1.5 किमी, लागत: ₹ 43 करोड़)
- घांदिया घाट से कटनी बायपास तक दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क उन्नयन कार्य (NH-43 Extn., लम्बाई: 46 किमी, लागत: ₹ 148 करोड़)
- बमीठा से खजुराहो मार्ग का चार लेन चौड़ीकरण (NH-339 B, लम्बाई: 10 किमी, लागत: ₹ 73 करोड़)

### शिलान्यास

- गुलगंज बायपास से बरना नदी तक दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क उन्नयन कार्य (NH-43 Extn., लम्बाई: 42 किमी, लागत: ₹ 275 करोड़)
- बरना नदी से केन नदी तक दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क उन्नयन कार्य (NH-43 Extn., लम्बाई: 34 किमी, लागत: ₹ 316 करोड़)
- शहडोल से सागर टोला तक दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क उन्नयन कार्य (NH-543, लम्बाई: 69 किमी, लागत: ₹ 851 करोड़)
- ललितपुर-सागर-लखनादौन खण्ड में कुल 23 VUP'S, पुल, सर्विस रोड का निर्माण (NH-44, लम्बाई: 23 किमी, लागत: ₹ 650 करोड़)
- सुकतरा, कुरई एवं खवासा में कुल 3 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण (NH-44, लागत: ₹ 5 करोड़)
- घुनई एवं बंजारी घाटी पर 2 ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य (NH-44, लागत: ₹ 4 करोड़)

## कार्यक्रम स्थल: लाल परेड ग्राउण्ड, भोपाल, दोपहर 02:00 बजे

### शिलान्यास

- अयोध्या बायपास खण्ड का छ: लेन चौड़ीकरण (NH-46, लम्बाई: 17 किमी, लागत: ₹ 1239 करोड़)
- बुधनी से शाहगंज खण्ड का चार लेन चौड़ीकरण (NH-146 B, लम्बाई: 28 किमी, लागत: ₹ 805 करोड़)
- शाहगंज से बाड़ी खण्ड का चार लेन चौड़ीकरण (NH-146 B, लम्बाई: 40 किमी, लागत: ₹ 784 करोड़)
- मुरैना, अम्बाह एवं पोरसा बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH- 552 (विस्तारित), लम्बाई: 27 किमी, लागत: ₹ 493 करोड़)
- मध्यप्रदेश/ राजस्थान सीमा से श्योपुर-गोरस का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH- 552 (विस्तारित), लम्बाई: 48 किमी, लागत: ₹ 483 करोड़)
- ब्यावरा बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-752 B, लम्बाई: 6 किमी, लागत: ₹ 120 करोड़)
- सुजालपुर बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-752 C, लम्बाई: 11 किमी, लागत: ₹ 214 करोड़)
- कसरावद, सेलानी, खरगौन एवं बिस्टान बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-347 C, लम्बाई: 32 किमी, लागत: ₹ 468 करोड़)
- अटेर एवं भिण्ड बायपास का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-552 (विस्तारित), लम्बाई: 22 किमी, लागत: ₹ 348 करोड़)
- सरवरदेवला से पाल (म.प्र./महाराष्ट्र सीमा) खण्ड का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH- 347 C, लम्बाई: 56 किमी, लागत: ₹ 461 करोड़)
- गोरस से श्यामपुर मार्ग का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH- 552 (विस्तारित), लम्बाई: 63 किमी, लागत: ₹ 417 करोड़)
- श्यामपुर से सबलगढ़ मार्ग का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH- 552 (विस्तारित), लम्बाई: 55 किमी, लागत: ₹ 1080 करोड़
- दाहोद (गुजरात सीमा) से अम्बुआ खण्ड का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-56, लम्बाई: 28 किमी, लागत: ₹ 371 करोड़)
- पिछोर से दिनारा मार्ग का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-346, लम्बाई: 42 किमी, लागत: ₹ 426 करोड़)
- मुलताई से मध्यप्रदेश/महाराष्ट्र सीमा तक का दो लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) सड़क निर्माण (NH-347 A, लम्बाई: 24 किमी, लागत: ₹ 329 करोड़)

## परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- महाकौशल क्षेत्र के गेहूँ और धान कृषि व्यापार को बढ़ावा
- प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों तक आसान कनेक्टिविटी
- बुधनी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज और वुड क्राफ्ट व्यापार को लाभ
- कटनी के कोयला खदान उद्योग को लाभ
- प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, ओरछा, राष्ट्रीय पेंच टाइगर कॉरीडोर तक आसान कनेक्टिविटी
- मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों के बीच व्यावसायिक व नागरिक यातायात सुगम

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
के द्वारा

एवं

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

## गरिमामयी उपस्थिति

- **ज्योतिरादित्य सिंधिया** — केन्द्रीय मंत्री, नागरिक विमानन एवं इस्पात
- **डॉ. वीरेन्द्र कुमार** — केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता
- **जन. (डॉ.) वी.के. सिंह (से.नि.)** — केन्द्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन
- **फग्गन सिंह कुलस्ते** — केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास एवं इस्पात
- **गोविंद सिंह राजपूत** — मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण (म.प्र.)
- **नरेन्द्र सिंह तोमर** — अध्यक्ष म.प्र. विधानसभा
- **शिवराज सिंह चौहान** — पूर्व मुख्यमंत्री (म.प्र.)
- **राकेश सिंह** — मंत्री, लोक निर्माण विभाग (म.प्र.)
- **प्रहलाद सिंह पटेल** — मंत्री, पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग (म.प्र.)
- **उदय प्रताप सिंह** — मंत्री, परिवहन, स्कूल शिक्षा (म.प्र.)
- **नागर सिंह चौहान** — मंत्री, वन, पर्यावरण, अनुसूचित जाति कल्याण (म.प्र.)
- **विश्वास सारंग** — मंत्री, खेल और युवा कल्याण, सहकारिता विभाग (म.प्र.)
- **इंदर सिंह परमार** — मंत्री, उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा (म.प्र.)
- **कृष्णा गौर** — राज्य मंत्री (स्व. प्रभार), पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण, (म.प्र.)
- **नारायण सिंह पवार** — राज्य मंत्री (स्व. प्रभार), मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास (म.प्र.)
- **नरेन्द्र शिवाजी पटेल** — राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (म.प्र.)
- **विष्णु दत्त शर्मा** — सांसद (लोकसभा)

### सांसदगण

(लोकसभा) : साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव, विवेक नारायण शेजवलकर, ज्ञानेश्वर पाटिल, रोडमल नागर, रमाकांत भार्गव, दुर्गादास उईके, संध्या राय, महेन्द्र सिंह सोलंकी, गजेन्द्र सिंह पटेल, गुमान सिंह डामोर, हिमाद्री सिंह, ढाल सिंह बिसेन, राजबहादुर सिंह, (राज्यसभा) : विवेक के. तन्खा, सुमित्रा वाल्मीकी, डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, कैलाश सोनी, दिग्विजय सिंह

### विधायकगण :

सुरेन्द्र पटवा, रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, आरिफ मसूद, भगवान दास सबनानी, आतिफ आरिफ अकील, देवेन्द्र रामनारायन सखवार, दिनेश गुर्जर, रामनिवास रावत, सचिन सुभाष यादव, बालकृष्ण पाटीदार, केदार चिड़ाभाई डावर, हेमंत सत्यदेव कटारे, नरेन्द्र सिंह कुशवाह, झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सरला विजेंद्र रावत, बाबू जण्डेल, सेना महेश पटेल, प्रीतम लोधी, रमेश प्रसाद खटीक, चंद्रशेखर देशमुख, प्रहलाद सिंह लोधी, राजेश शुक्ला, राजेश वर्मा, ओंकार सिंह मरकाम, मनीषा सिंह, फुंदेलाल सिंह मार्को, महेन्द्र नागेश, योगेन्द्र सिंह बाबा, दिनेश राय मुनमुन, कमल मर्सकोले, अनिल जैन, विश्वनाथ सिंह, शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, गोपाल भार्गव, बृजबिहारी पटेरिया, संदीप जायसवाल, अरविंद पटेरिया, भूपेन्द्र सिंह, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी, लखन घनघोरिया, संतोष बरकड़े, अभिलाष पाण्डे, नीरज सिंह लोधी
मालती राय (महापौर, भोपाल), रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर (जिला पंचायत अध्यक्ष, भोपाल), जगत बहादुर सिंह (महापौर, न.नि.जबलपुर)

CBC 37107/15/0038/2324

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary https://twitter.com/nitin_gadkari www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

## चिंतन

# जाति-धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलें हम

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की एक बड़ी समस्या जाति-धर्म के उल्लेख की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश संविधान की आकांक्षा के अनुरूप है, प्रगतिशील है व स्वागतयोग्य है। भारतीय समाज जाति व धर्म की संकीर्णता से जकड़ा हुआ है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिक एक समान हैं, सभी को समान मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी जातिवाद व धर्मवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहे हैं। आजादी के करीब 77 साल होने के बावजूद भारत ने कानूनी तौर पर जातिवाद से मुक्ति नहीं पाई है। जातिवाद को खत्म करने की दिशा में आजादी के बाद ही राजनीतिक व सरकारी प्रयास होने चाहिए थे। संविधान में सबको समान अधिकार दे दिए जाने के बाद मान लिया गया कि देश से जातिवाद की कुप्रथा खत्म हो जाएगी। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने खुद एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति की विनाश) नाम से पुस्तक लिखी थी और संविधान में मौलिक अधिकारों में सबको समान होने की भावना का समावेश किया था। उन्होंने जातिगत आरक्षण की व्यवस्था भी केवल दस साल के लिए ही की थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने जातिगत आरक्षण को अनवरत जारी रखा। आज जातिगत राजनीति के चलते समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी होती गई हैं। वोट बैंक के लिए देश में जाति जनगणना को अंजाम दिया गया है। थाने, शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर नौकरियों के फार्म भरने, जनगणना व अदालती कार्यवाही तक लोगों की जाति व धर्म का उल्लेख किया जाता है, जो संविधान की भावना का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उचित ही कहा है, 'हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है। सरकार अगर चाहेगी तो, देश से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। सरकार नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाने को प्रतिबंधित कर सकती है, आम नागरिक भी स्वेच्छा से अपने व अपने बच्चों के नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाना बंद कर सकते हैं। कम से कम कोर्ट कचहरी, थाना समेत सभी सरकारी क्रियाकलापों में जाति व धर्म का उल्लेख बंद होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार जातिमुक्त आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना व्यक्त की है। हमें सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए और जाति व धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलना चाहिए।



परीक्षा पे चर्चा
धर्मेंद्र प्रधान

# परीक्षा के दौरान 'संतुलन' रखें

छात्रों को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और संपूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बनाकर रखना है।

आज, परीक्षा में प्रदर्शन छात्रों के संपूर्ण दिलों दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता व प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते। परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार को मिलकर और एकजुटता से काम करना चाहिए ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का अहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके। परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स्वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केंद्रित करता है।

छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यावश्यक है।

इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ाएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनाएं, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासित्र करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष्य बनाएं। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है। परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगा।

**छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्य:** शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाए रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो तनाव



को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी।

**संतुलित आहार और पोषण:** कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्यकर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक ख़राब कर सकती है।

**अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद:** परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स्मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बनाकर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं।

**सहायक और उत्साहवर्धक वातावरण:** हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च संस्थागत प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। हमें परीक्षा के दबाव के बारे में खुले संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए और मनोवैज्ञानिक रूप से उलझे बिना इससे प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए।

**व्यायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास:** परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ध्यान एक महत्वपूर्ण दिनचर्या हो सकती है। छात्रों को ध्यान, गहरी सांस लेना या योग जैसी तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए जो मन को शांत करने, एकाग्रता में सुधार लाने और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं।


**समय प्रबंधन:** छात्रों को अंतिम समय सीमा के दौरान पढाई का समय प्रबंधित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर अत्यधिक निर्भरता के कारण छात्रों का स्क्रीन टाइम कैसे बढ़ गया है। हम समझते हैं कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक आवश्यकता बन गया है। लेकिन, हमारे छात्रों को संतुलन बनाने की जरूरत है। शायद परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ गुणवत्तापूर्ण समय खाली रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स आवश्यक होगा।

**निष्कर्षत:** परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना उनकी संपूर्ण सफलता का अभिन्न अंग है। छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने से उनके शिक्षा संबंधी प्रदर्शन में सुधार आता है। यह उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। हम छात्रों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और प्रभावी समय प्रबंधन रणनीति के अलावा शारीरिक व्यायाम और ध्यान, डिजिटल डिटॉक्स, मानसिक कल्याण, गुणवत्तापूर्ण नींद और स्वस्थ आहार का पालन करने का आह्वान करते हैं। परीक्षा के तनाव की प्रभावी निगरानी से, हमारे युवा छात्र अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेंगे और विकासित भारत@2047 के लक्ष्यों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध आत्मविश्वासी और दूरदर्शी युवा के रूप में उभरेंगे।

(लेखक भारत सरकार में शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
अवधेश कुमार



# नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है, जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाते हैं। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है।



स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं। नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए (इंडिया) पर टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी 'इंडिया' के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें , अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है। बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है।

कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा संग का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। संभव है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। इस तरह नीतीश की राजग में वापसी 2024 लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विरोधी खेमे की प्रभावी संख्या बल के कमजोर होने तथा भाजपा की शक्ति विस्तार की नई शुरुआत है। यह प्रक्रिया आगे सशक्त होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?


## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## सटाका




## आज की पाती

### नशे को न कहें युवा

नशा नासूर बन गया है। देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश के विकास को रफ्तार दे सकते हैं। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है। साथ ही उसके घर परिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है। हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। नशा युवा पीढ़ी को कमजोर करता है, इसलिए नशे को न कहें।

*- विकास उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### परीक्षा पर चर्चा



प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों से ये सातवां संवाद है जो तनावमुक्त, भयमुक्त और सकारात्मक प्रभाव डालते हुए हर परिस्थिति का सामना करने और जीतने की प्रेरणा देता है। छात्रों को दिए गए उनके मंत्र उनके विवेक को बढ़ाएंगे।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री


### गुस्सा पैदा हो रहा



युवा से पूछिए कि वे क्या करना चाहते हैं? वे बताएंगे कि रोजगार चाहिए। सच्चाई ये है कि आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। युवा सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे, जिसके कारण उनके दिल में नफरत और गुस्सा पैदा हो रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### इंसान से गलती



हम सभी गलतियां करते हैं। कभी-कभी अच्छे लोग गलत चुनाव कर लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे बुरे हैं, इसका मतलब है कि वे इंसान हैं और इंसान से ही गलती होती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### जन्म सिद्ध हुआ



दर्शन पाकर एक जन्म सिद्ध हुआ, राम प्रकट हुए इस युग में, यह युग भी सिद्ध हुआ, ऐसी शुभ घड़ी जैसे जगत का कल्याण हो रहा, मनुष्यों, जीवों में सद्भावना हो रही। सत्य निष्ठा पूर्ण प्रार्थनाओं का श्रेय महादेव तक हो रहा हो।

-कैलाश खेर, गीतकार

## करंट अफेयर

### विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल' ने किया कमाल



फिल्मफेयर अवार्ड 2024 की घोषणा कर दी गयी है. इस लोकप्रिय अवार्ड शो का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में किया गया। करीना कपूर, करिश्मा कपूर, वरुण धवन और कार्तिक आर्यन जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी. विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म '12वीं फेल' सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म (लोकप्रिय) का अवार्ड अपने नाम किया। फिल्मफेयर अवार्ड 2024 की घोषणा कर दी गयी है। इस लोकप्रिय अवार्ड शो का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में किया गया। इस अवार्ड शो में बॉलीवुड के सभी बड़े स्टार कास्ट का जमावड़ा देखने को मिला। इस शो की मेजबानी फिल्ममेकर करण जौहर ने की। फिल्मफेयर अवार्ड 2024 में करीना कपूर, करिश्मा कपूर, वरुण धवन और कार्तिक आर्यन जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। देश के सबसे पुराने फिल्म पुरस्कारों में से एक, फिल्मफेयर पुरस्कार हर साल हिंदी सिनेमा में योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित करता है। इस साल अवार्ड का 69वां संस्करण आयोजित किया गया। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म '12वीं फेल' सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म (लोकप्रिय) का अवार्ड अपने नाम किया। यह फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में विक्रांत मस्सी ने उनका किरदार निभाया है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवार्ड विधु विनोद चोपड़ा (12**th** फेल) को मिला।

## ऑफ बीट

### जिनकी हम परवाह करते हैं यह संख्या सीमित हैं

जीवन यापन की लागत का संकट, कोविड, जलवायु परिवर्तन और कई वैश्विक संघर्षों और शरणार्थी संकटों के बीच जब इन सबके कारण



परेशान होने वाले लोगों के बारे में सोचते हैं, तो हम यह कैसे तय करें कि हमें अपनी करुणा को कहाँ निर्देशित करना है? एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से खंडित होती जा रही है, हम यह पता लगाना चाहते थे कि क्या लोग 'हम' और 'वह' के बीच विभाजन को पाट सकते हैं – दूसरों की मदद करने की इच्छा की भावना को बढ़ाने के लिए, जो आम तौर पर उनके 'नैतिक दायरे' से परे होते हैं। हमने पाया कि करुणा प्रशिक्षण की आश्चर्यजनक रूप से छोटी अवधि किसी व्यक्ति के उस निकटतम दायरे से परे लोगों की संख्या को बढ़ा सकती है, जिनकी वह परवाह करता है। यह समझना कि हमारे लिए कौन सबसे अधिक मायने रखता है, सभी नैतिक संबंध समान नहीं होते हैं। यदि परेशान व्यक्ति हमारा बच्चा, हमारा साथी, हमारा दोस्त है, तो हम मदद करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन जब किसी अनजान अजनबी, या ग्रह के दूसरी ओर के किसी व्यक्ति की पीड़ा का सामना करना पड़ता है, तो मदद करने की हमारी प्रेरणा कम हो जाती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का राजस्व 33 फीसदी बढ़कर 342.14 करोड़ रुपए हुआ

सीतारामपुर फैक्ट्री 150 एकड़ में निर्माणाधीन उत्पादन क्षमता को और बढ़ाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद/भोपाल

अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरे और नौ महीनों के लिए समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। तिमाही के दौरान, ओलेक्ट्रा ने 178 इलेक्ट्रिक वाहन वितरित किए, जो 2022-23 में वितरित 142 की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 23-24 की तीसरी तिमाही में राजस्व 33 फीसदी बढ़कर 342.14 करोड़ रुपए हो गया, वितरण के कारण राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी अब तक 1615 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी कर चुकी है। कंपनी के पास





कुल 8,088 बस ऑर्डर हैं और बाजार में इन बसों की जोरदार मांग है। कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) 7.69 रुपये दर्ज की, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त पिछले नौ महीनों के लिए यह 4.70 रुपए थी। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केवी प्रदीप ने कहा कि हम अपनी उत्पादन क्षमता और प्रौद्योगिकी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे पास अच्छी ऑर्डर बुकिंग भी है। सीतारामपुर फैक्ट्री 150 एकड़ में निर्माणाधीन है और हम फरवरी 2024 में नई सुविधा से कुछ मात्रा में उत्पादन शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री हमारी उत्पादन क्षमता को और बढ़ाएगी। कंपनी वित्त वर्ष 23-24 की तीसरी तिमाही में रु. 27.11 करोड़, रिकॉर्ड शुद्ध लाभ, पिछले वर्ष की तुलना में 77 फीसदी अधिक रही। 2022-23 में वितरित 142 इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में 2023-24 में 178 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी हुई।

# अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना लिवर रोगों में गिलोय उपयोगी, बढ़ाता है प्रतिरोधक क्षमता

पतंजलि अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

गिलोय के हेपटेप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने को क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को अब यूनाइटेड किंगडम ने भी स्वीकार किया है जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया है। यूके के जर्नल ऑफ फार्मेसी एंड फार्माकोलॉजी ने यह स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है, साथ ही



गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की भी वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनिक प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय का प्रयोग किया जाता था। गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। अनुसंधान द्वारा इसकी क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सीसी 14 मॉडल का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इसके हेपेटेप्रोटेक्टिव प्रभावों का श्रेय, एल्कलॉइड्स (बर्बेरिन, पामेटाइन और जेट्रोरिजिन) और सिनापिक एसिड को दिया जा सकता है। बर्बेरिन टीएनएफ द्वारा ट्रिगर किए गए, प्रिनफ्लेमेट्री कैस्केड को रोककर सूजन को कम करता है और आइएनओएस को रोककर नाइट्रोसेटिव तनाव को कम करता है। आचार्य ने कहा कि पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है।

## बिजनेस न्यूज

### सेंटपॉल स्कूल में गर्व और सम्मान का नजारा एक साथ दिखा



भोपाल। सेंटपॉल को एड स्कूल भोपाल में गणतंत्र दिवस पर छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों में एक साथ गर्व और सम्मान का नजारा देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजीव वार्ष्णेय आईआरएस, प्रधान आयकर आयुक्त, भारत सरकार द्वारा प्राचार्य फादर जयसन एवं प्रबंधक फादर सेबस्टियन के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य फादर जयसन ने समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे के मूल्य पर स्पष्ट रूप से प्रकाश डाला जो हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की नींव के रूप में काम करते हैं। मुख्य अतिथि राजीव वार्ष्णेय ने कहाकि देशभक्ति और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला और कल्पना चावला के प्रेरक उदाहरण का हवाला देते हुए सभी से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभिनव और महत्वाकांक्षी होने का आग्रह किया।

### ओरिएंटल में राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्कृष्ट प्रदर्शन




भोपाल। गणतंत्र दिवस पर ओरिएंटल ग्रुप ने राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि के उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। इस महत्वपूर्ण दिन को विशेष बनाने के लिए ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर ने समारोह को समृद्ध किया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण से हुई, जिससे एक गर्व भरा और सम्मानपूर्ण दिन का माहौल बन गया। इसमें एनसीसी, एनएसएस और इंस्टीट्यूट परेड की अद्भुत प्रस्तुति शामिल थी, जिससे प्रतिभागियों की कटिबद्धता और समर्पण की भावना दिखाई गई।

### एसआरके यूनिवर्सिटी का प्रांगण रंगा गणतंत्र के रंगों से



भोपाल। सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविधालय का प्रांगण गणतंत्र के रंगों में रंग गया। 75वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विश्वविधालय की कुलपति डॉ. रुचि चौबे ने एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के परेड में शामिल होकर परेड को सलामी दी। विश्वविधालय की सीईओ डॉ. प्रियंका जायसवाल ने सभी विद्यार्थियों को अच्छी प्रस्तुति के लिए बधाई दी। सभी को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं पुरुस्कार वितरित कर उत्साह वर्धन किया, सबके लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में प्रो.चौहान डॉ. एसएस पवार (कुल सचिव), डॉ. निलेश दिवाकर (डीन आकादमिक), डॉ. अर्चना सालवेन (प्राचार्य, नर्सिंग कॉलेज), डॉ. एमके चोपड़ा (प्राचार्य इंजिनियरिंग विभाग) अन्य शिक्षकगण एवम विद्यार्थी उपस्थित थे। इसके अलावा एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना टीम की आकर्षक परेड शैलेश लोवंशी एवम दिनेश प्रसाद के निर्देशन में एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संजीव प्रकाश श्रीवास्तव,कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सुरभी साहू के कुशल निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई सभागार में उपस्थित ।

### ट्रांसपोर्ट नगर में हुआ 51 ड्राइवरों का सम्मान



भोपाल। ट्रांसपोर्ट नगर कोकता में भोपाल ट्रांसपोर्ट वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अशोक गुप्ता असाटी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर मैं गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हमसब मिलकर अपने आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को गढ़ने के साथ ही देश और प्रदेश के चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर होने का के साथ- साथ स्वच्छता का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट नगर कोकता मैं दिल्ली, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान कोलकाता उड़ीसा व अन्य प्रदेशों से से आये हुए 51 ड्राइवरों का शाल श्री फल से सम्मान किया। इस अवसर पर अजय शर्मा,दिनेश गुर्जर, राजेश चौकसे जोन अध्यक्ष,पार्षद ब्रजेश सिंह छाया ठाकुर,उपेंद्र शर्मा ,बंटी ओड, लखन विश्कर्मा, मांगी लाल चौकसे विनय सिंह,शेलेन्द्र चौकसे, भीमा बंजारा शेखर जैन भोला सिंह अहमद कुरेशी मोहम्मद इंसाफ सहित भाजपा के सैकड़ों उपस्थित थे।

### कमला देवी पब्लिक में संविधान पर आधारित हुआ नाट्य मंचन



भोपाल। कमला देवी पब्लिक स्कूल भोपाल में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गई। स्कूल संचालक राकेश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया उन्होंने सभी को 75 वां गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ग्रुप सांग व सोलो सांग की प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में भारतीय संविधान पर आधारित एक नाट्य मंचन भी हुआ। व विभिन्न देशभक्ति गीतों पर विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सेंट्रल बैंक में किया अमर सपूतों की शहादत को स्मरण



भोपाल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय भोपाल में गणतंत्र दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एवम अंचल प्रमुख तरसेम सिंह जीरा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराया और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी। राष्ट्रीय गान के साथ सेंट्रल बैंक कर्मियों ने तिरंगे को सलामी दी। अपने संभाषण में कहाकि देश की आजादी में योगदान देने वाले अमर सपूतों की शहादत को स्मरण किया। उपमहाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा ने हमारा भारत, सशक्त भारत जैसे विषय पर अपने विचार रखे। अन्य वक्तायों में सहायक महाप्रबंधक वेंकटरमन और ढींगरा रहे। सेवानिवृत्त सेंट्रलइट्स श्याम कस्तूरे और वी रेंगन ने भी इस पुनीत अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। राजीव तिवारी ने मंच संचालन किया। पंकज कुमार, दिव्यांशु जैसवाल, सुनील सोंहिया, शैलेंद्र, काव्या रैकवार एवं अन्य द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। सर्वेश उमराव ने स्वरचित देश भक्ति कविता का वाचन किया।

### अंजुमन की झांकी को मिला पुरस्कार

भोपाल। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भेल भोपाल के पिपलानी परेड ग्राउंड पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। भेकनिस (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता समिति) द्वारा आयोजित इस समारोह को निदेशक एसएम रामनाथन ने सम्बोधित किया। इस अवसर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों एवं सांस्कृतिक संगठनों के साथ सीआईएसएफ ने भाग लिया। इस अवसर पर अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू ,हिन्द शाख भेल, भोपाल ने भी चल समारोह में अपनी झांकी प्रदर्शित की। निर्णायक समिति ने अंजुमन की झांकी को द्वतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हुआ फ्लैग मार्च



भोपाल। मिसरोद स्थित स्कोप कैम्पस में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी और स्कोप पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के चांसलर डॉ.सिद्धार्थ चतुर्वेदी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं एसजीएसयू के वाइस चांसलर डॉ.अजय भूषण और रजिस्ट्रार डॉ. सितेश कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद स्कोप स्कूल के छात्रों ने फ्लैग मार्च करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है क्योंकि यह हमारी विकास यात्रा को दर्शाता है। सैकड़ों वर्षों की गुलामी को खत्म कर हम आगे बढ़े हैं और सामाजिक-आर्थिक उन्नति की तरफ बढ़ रहे हैं। देश की उन्नत तकनीक के बल पर हम चंद्रमा पर पहुंचने तक में कामयाब हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें भी अपने जीवन और कार्यों में उत्कृष्ठता लानी चाहिए।

### मध्यांचल यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं ने गाए देशभक्ति के गीत



भोपाल। मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस उत्साह व गरीमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कुलाधिपति, मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी प्रीति पटेल, प्रति कुलाधिपति डॉ.अजित सिंह पटेल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा पटेल एवं ईशान पटेल, कुलपति डॉ. कमलेश मिश्रा, कुलसचिव प्रोफेसर ललित अवस्थी ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने एक शानदार परेड का आयोजन किया, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका को याद करते हुए तिरंगे का गर्व से समर्पण किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राएं ने देशभक्ति भरे गीत गाए और राष्ट्रीय नृत्यों में अपनी कला को प्रदर्शित किया। इससे उत्सव का माहौल और भी उत्साहपूर्ण बना।

### पीपुल्स विवि में मना गणतंत्र दिवस



भोपाल। पीपुल्स विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि प्रबंधक संचालक पीपुल्स ग्रुप रोहित पंडित का आगमन हुआ उनके साथ कुलपति डॉक्टर हरीश राव भी थे, उन्हें एनसीसी कैडेट ने एस्कॉर्ट करते हुए झंडा तक लेकर आए, सर्वप्रथम ध्वजारोहण हुआ फिर राष्ट्रीय गीत हुआ, पीपुल्स विश्वविद्यालय की एनसीसी बटालियन का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात एनसीसी ने झंडे को सलामी दी उसके बाद गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में अपना विशेष समय निकालकर उपस्थित हुए मुख्य अतिथि प्रबंध संचालक पीपुल्स ग्रुप रोहित पंडित ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि छात्र-छात्राएं नियमित रुप से नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

### नई पुस्तक स्प्रिचुअल एनाटॉमी का विमोचन



हैदराबाद। हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक और रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष श्रद्धेय दाजी की नवीनतम पुस्तक स्पिरिचुअल एनाटॉमी का भारत में हार्टफुलनेस के मुख्यालय एवं विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र, कान्हा में विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन हार्टफुलनेस द्वारा देल्ही पब्लिक स्कूल के लिए आयोजित डीप यू कार्यशाला के अंतर्गत किया गया। यह विमोचन सुचित्रा एकेडमी के सह-संस्थापक प्रवीण राजू,पल्लवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष एम. कोमारैया,रामचंद्र मिशन के महासचिव उमा शंकर बाजपाई और स्पिरिचुअल एनाटॉमी' पुस्तक की संपादकीय टीम के सदस्य उदय कुमार के द्वारा 10000 प्रतिभागियों की उपस्थिति में किया गया।

### बिमटेक में वार्षिक दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के सेंटर फॉर ऑनलाइन स्टडीज (कूल्स) ने पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के ऑनलाइन बैच जुलाई 2021-जून 23 और जनवरी 2022-दिसंबर 2023 के लिए बिमटेक कैंपस, ग्रेटर नोएडा में अपना दूसरा वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्रेम सिंह, प्रेसिडेंट, ग्रुप एचआर, जेके ऑर्गनाइजेशन, मुख्य वक्ता, प्रसाद रामपल्ली, सीटीओ, डेलॉइट, विशिष्ट अतिथि, गोविंद कुमार, प्रेसिडेंट, अपग्रेड शामिल थे। डॉ. प्रबीना राजीब, डायरेक्टर, बिमटेक, डॉ.हरिवंश चतुर्वेदी, चीफ एजुकेशनल एडवाइजर, बिमटेक और प्रो. एसएस दुबे, डीन एकेडमिक और चेयरपर्सन, कूल्स, बिमटेक की उपस्थिति ने इस अवसर के महत्व को बढ़ा दिया।

## व्यवसाय को बढ़ावा देने बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया सात नए चालू खाता उत्पादों का पैकेज




भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक व्यापक चालू खाता पैकेज की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें सात नए चालू खाता उत्पादों को शामिल किया गया है। प्रत्येक चालू खाता उत्पाद को विशेष रूप से विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की विशिष्ट व्यावसायिक बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने, ग्राहकों को सशक्त बनाने और उनके व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। नए चालू खाता पैकेज का अनावरण बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक कार्यक्रम में एमडी और सीईओ,देबदत्त चांद द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ और सुश्री शैफाली वर्मा, भारतीय क्रिकेटर और बैंक के ब्रांड प्रचारक की उपस्थिति में किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के चालू खाते में बॉब लाइट, बॉब वूमेन पावर, बॉब स्मार्ट, बॉब गोल्ड और बॉब प्लैटिनम, बॉब रोडियम, और बॉब डायमंड शामिल है। ये खाते चयनित खाते के आधार पर सुविधाओं और वैल्यू एडेड सेवाओं के साथ आते हैं, जैसे कहीं से भी अधिक नकद को जमा करना, क्यूआर कोड के साथ मुफ्त साउंड बॉक्स और पीओएस मशीन,चालू खाते के साथ एक संपार्श्विक-मुक्त ओवरड्राफ्ट सुविधा, कम मासिक औसत शेष आवश्यकताओं के अलावा, उच्च खाता वेरिएंट के लिए क्यूरेटेड बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा कि विभिन्न प्रकार की व्यवसाय विकास यात्रा के साथ बदलती हुई बैंकिंग आवश्यकताओं पर विचार करते हुए और उनका बैंकिंग साथी बनने की इच्छा रखते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा हमारे ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और अधिक रिवार्डिंग बनाने के लिए तैयार सुविधाओं और लाभों से भरपूर अत्याधुनिक चालू खातों का एक नया माध्यम पेश कर रहा है। हमने अपने ग्राहक आधार का विश्लेषण किया है और एक व्यापक उत्पाद वर्गीकरण प्रक्रिया की है, जिसने हमें विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों को लक्षित करते हुए बाजार में अलग-अलग उत्पादों की एक श्रृंखला लांच करने के लिए अभिप्रेरित किया है। बॉब चालू खातों की नई रेंज हमारे ग्राहकों की विकासउन्मुख योजनाओं में सहयोग करेगी।

### सालासर टेक्नो ने दी 8064 मिलियन राशि जुटाने की मंजूरी

नई दिल्ली। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने घोषणा की है कि अपनी बोर्ड मीटिंग में, बोर्ड ने विभिन्न प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर एंटिटीज को, शेयरहोल्डर्स और अन्य रेगुलरिटी अथॉरिटी के अनुमोदन के अधीन, जैसा भी लागू हो, प्रेफरेंशिएल बेसिस पर शेयर और कंवर्टबल वारंट जारी करके 8064 मिलियन रुपए के फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है।

### गोदरेज समूह ने शुरू किया डिजिटल अभियान

मुंबई। गोदरेज समूह को परिवर्तित राष्ट्र की यात्रा का जश्न मनाते हुए एक डिजिटल अभियान शुरू करने पर गर्व है। यह अभियान, आधिकारिक थीम विकसित भारत के अनुरूप उन आम नागरिकों पर केंद्र में रखता है, जिन्होंने भारत की असाधारण गणतंत्र की हीरक जयंती को आकार दिया है। यह अभियान एक मार्मिक वीडियो कथा के जरिए उन दबावों, अथक परिश्रम और दृढ़ दृष्टि का सम्मान करता है, जिसने हमारे देश को हीरे के रूपक में बदल दिया है। गोदरेज इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक और मुख्य ब्रांड अधिकारी, तान्या दुबाश ने इस अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहाकि हम अपने देश की दृढ़ता स्वीकार कर इसका जश्न मनाना चाहते है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गौहरगंज जिला रायसेन**

अपील प्रकरण क्रमांक 62/ अपील/2023-24

1-विष्णु दयाल श्रीवास्तव आ. श्री स्व. भैयालाल श्रीवास्तव आयु वयस्क निवासी मकान नं. 02 खजूरी कलॉ रोड एस.आर.जी. होम्स नीलकडेश्वर मंदिर के पास गोपाल नगर भोपाल म.प्र. 2- ओम प्रकाश श्रीवास्तव आ० श्री स्व. भैयालाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम खिल्लीखेडा तहसील-गौहरगंज, 3- श्रीमती चंद्रकांता पत्नि श्री विष्णु प्रसाद श्रीवास्तव निवासी मकान न 02 खजूरी कलॉ रोड एस.आर.जी. होम्स नीलकडेश्वर मंदिर के पास गोपाल नगर भोपाल म०प्र ................अपीलार्थी

विरूद्ध

1- श्री लक्ष्मीनारायण श्रीवास्तव आ. स्व. भैयालाल श्रीवास्तव निवासी-म.न. 01 श्रीराम विला खजूरीकलॉ रोड पूर्वाचल के पास भोपाल म.प्र., 2- स्व. महेश कुमार श्रीवास्तव आ. स्व. श्री भैयालाल श्रीवास्तव द्वारा वैध उत्तारधिकारी-

(अ) श्रीमति निर्मला श्रीवास्तव पत्निं स्व श्री महेश कुमार श्रीवास्तव, (ब) कुमारी नमीषा श्रीवास्तव पुत्री स्व. श्री महेश कुमार श्रीवास्तव दोनो निवासी म०न 24 श्रीराम विला खजुरीकलॉ रोड पूर्वाचल के पास भोपाल म.प्र.

3- श्री सरोज श्रीवास्तव पत्नि श्री सुनील श्रीवास्तव निवासी-म.न. 01 श्रीराम विला खजूरीकलॉ रोड पूर्वाचल के पास भोपाल म.प्र.

..................प्रतिअपीलार्थीगण

अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में एक अपील न्यायालय नायब तहसीलदार औबेदुल्लागंज की नामांतरण पंजी ग्राम खिल्लीखेड़ा प्रविष्टि क्रमांक 05 प्रमाणीकरण आदेश दिनांक 15/03/2000 के विरुद्ध म.प्र.भू.रा. स. 1959 की धारा 44 के तहत प्रस्तुत की है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक 08.02.2024 को दोपहर 2:00 बजे स्वयं अथवा अपने पीलिडर के माध्यम से प्रकरण में समस्त तथ्यों के साथ पूर्ण जानकारी सहित इस न्यायालय में उपस्थित होवे । अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षिय कार्यवाही की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी।

(चंद्रशेखर श्रीवास्तव)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गौहरगंज जिला रायसेन



**कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला-सागर (म.प्र.)**

EMAIL :- cmorehli@mpurban.gov.in

क्र./148/लो.नि.शा./2024 रहली, दिनांक -29.01.2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद रहली में रहली महोत्सव (गौरव दिवस) 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम हेतु निविदा अनुसार सामग्री प्रदाय स्थल पर लगाये जाने सहित जो भी इच्छुक टेन्ट हाऊस/लाईट,साऊंड प्रबंधक/ठेकेदार निम्न सामग्री प्रदाय करना चाहते हों वह दिनॉक 30.01.2024 सुबह 10:30 से दिनांक 14.02.2024 को समय 05:30 बजे तक निविदा प्रपत्र बेबसाइट www.mptenders.gov.in से सिस्टम टेंडर क्रं 2024_UAD_328853_1 द्वारा ऑनलाइन 5000/- रूपये भुगतान कर क्रय कर सकते है, एवं अपनी-अपनी निविदा दरें आनॅलाइन दिनांक 14.02.2024 को सायं 05:30 बजे जमा कर सकते है। अमानत राशि रूपये 22500/- ऑनलाईन देय होगी। प्राप्त निविदायें दिनॉक 16.02.2024 को समय प्रात: 11:00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

(देवराज सोनी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रहली, जिला सागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रहली, जिला सागर


### शेयर इंडिया ने की तिमाही में वृद्धि की घोषणा

मुंबई। शेयर इंडिया सिक्योरिटीज़ लिमिटेड एक टेक्नोलॉजी ड्रिवन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रोवाइडर जो कैपिटल मार्केट में कस्टमाइज सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला देता है, कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। शेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक सचिन गुप्ता ने कहा कि हमें पिछले वित्तीय तिमाही में उल्लेखनीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, हमारे रेवेन्यू में सालाना 35 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि का अनुभव हुआ है, जो 374 करोड़ रुपए तक पहुंची है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स प्रति शेयर 3 रुपए के अंतरिम डिविडेंड, जो प्रति 10 रुपए की फेसवैल्यू के हैं।

## मुथूट फाइनेंस को मिला 'ब्रिक्स बिजनेस अवॉर्ड' का सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तीय संस्थानों में से एक, मुथूट फाइनेंस को ली मेरिडियन, नई दिल्ली में एक शानदार पुरस्कार समारोह के दौरान प्रतिष्ठित 'ब्रिक्स-सीसीआई बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड इन लीडरशिप' से सम्मानित किया गया।

यह विशिष्ट पुरस्कार द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट को पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं जम्मू-कश्मीर रियासत के महाराजा डॉ. करण सिंह द्वारा के साथ प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में केजे अल्फोंस, पूर्व केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, वीवीआईपी, वीआईपी



और अन्य सम्मानित अतिथियों की भी उपस्थिति रही। अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहाकि 'नेतृत्व के लिए ब्रिक्स बिजनेस अवार्ड प्राप्त करना नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम ब्रिक्स देशों के बीच प्रगति और सहयोग में हमारे योगदान के लिए मान्यता प्राप्त होने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / ऋण का प्रकार/ऋण राशि/ बकाया राशि/ब्याज दर | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ताः **1.श्री अरविन्द चतुर्वेदी** पुत्र श्री अयोध्या नाथ चतुर्वेदी **2.श्रीमती पूनम चतुर्वेदी** पत्नि श्री अरविन्द चतुर्वेदी निवास (1)बी-152, न्यू मिनाल रेजीडेंसी, जे के रोड, भोपाल, म.प्र.-462023 2) एचपी पेट्रोल पंप के पास, 2/6 फाइन एन्क्लेव, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र.-462042 | मांग सूचना दिनांक : 15.01.2024 / वर्तमान दिनांक को बकाया राशि HL- ₹ 28,22,021.82/- @9.30% + ब्याज एवं अन्य खर्चे / एनपीए दिनांक : 13.01.2024 | बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित मकान नं. 20 का दक्षिणी एवं उत्तरी भाग, कुल क्षेत्रफल- भूतल - 750 वर्गफिट (55.75 वर्गमीटर व्यवसायिक दुकान एवं13.94 वर्गमीटर रिहायशी यूनिट) प्रथम तल - 750 वर्गफिट, द्वितीय तल - 750 वर्गफिट , तृतीय तल - 750 वर्गफिट स्थित ग्राम- मोहल्ला बरखेड़ी, जवाविट लाइन, लिलि सिनेमा के पास, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल चर्तुसीमाएं- उत्तर- रोड, पूर्व- रोड एवं डीमार्ट, दक्षिण- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 16, संपत्ति मालिक- श्री अरविन्द चतुर्वेदी पुत्र श्री अयोध्या नाथ चतुर्वेदी |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 30/01/2024**

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक



**कार्यालय नगर परिषद कसरावद जिला-खरगोन (म.प्र. )**

Telephone no- 07285-231360 Email id - cmokasrawad@mpurban.gov.in

क्रमांक/229/ राजस्व/2024 कसरावद, दिनांक-29.01.2024

**आपत्ति इस्तिहार विज्ञप्ति दुकान नामांतरण हेतु**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कसरावद जिला खरगोन म.प्र. निकाय की दुकानो के नामांतरण हेतु आवेदकों द्वारा तालिका अनुसार निम्नलिखित दुकान नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जो नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत बने अचल संम्पत्ति अंतरण अधिनियम दिनांक 28.02.2016 के अनुसार दुकानों का अन्तरण किया जाना है। दुकान अंतरण में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में मय दस्तावेज सहित वह आपत्ति इस्तिहार विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर नगर परिषद कसरावद में प्रस्तुत करें। बाद अवधि समाप्ति के पश्चात् निकाय द्वारा अनुक्रमांक 01 से 19 तक प्रस्तुत दुकान नामांतरण प्रकरणो में आगामी कार्यवाही की जाकर स्वीकृति प्रदान की जावेगी तथा अवधि के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही होगा।

| अनु. क्र. | नामांतरण करवाने वाले आवेदक का नाम/पता | नगर परिषद कसरावद के कॉम्पलेक्स में दर्ज दुकानदार का नाम | दुकान का पूर्ण पता व कॉम्पलेक्स | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रवीन्द्र पिता रामनारायण पालीवाल निवासी वार्ड क्र.13 कसरावद | श्री इस्माइल पिता मोहम्मद खान निवासी वार्ड क्र. 13 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स दुकान नं. 22 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 2 | श्री फिरोज पिता उस्मान खान निवासी वार्ड क्र. 13 कसरावद | श्री उस्मान पिता असरफ खान निवासी वार्ड क्रं. 13 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स दुकान नं. 28 | आवेदन/शपथ पत्र/सहमति पत्र (मृतक नामांतरण) |
| 3 | श्री रवीन्द्र पिता रामनारायण पालीवाल निवासी वार्ड क्रं. 13 कसरावद | श्री हेमन्त पिता रामानारायण पालीवाल निवासी वार्ड क्रं. 13 कसरावद | नवीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स दुकान नं. 09 का पिछला भाग | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 4 | श्रीमति ब्राह्मी पति परिमल जैन निवासी वार्ड क्रं. 09 कसरावद | श्रीमति हेमलता पति विरेन्द्र कुमार जैन निवासी वार्ड क्रं. 06 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स पूर्वी भाग दुकान नं. 18 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 5 | श्रीमति अंतिम पति मनोज निवासी पिपलगोन | श्री निर्मल पिता अमिचन्द्र एक्कल निवासी वार्ड क्रं. 15 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स पूर्वी भाग दुकान नं. 19 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 6 | श्री प्रदिप पिता प्रकाशचन्द्र जैन निवासी वार्ड क्रं. 06 कसरावद | श्री प्रकाशचन्द्र पिता नागराज जैन निवासी वार्ड क्रं. 19 खरगोन | नवीन शापिंग कॉम्पलेक्स दुकान नं. 27 एंव उसका पिछला भाग | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 7 | श्री अययुब पिता इनायत खान निवासी वार्ड क्र. 04 कसरावद | श्री भावेश पिता रमेशचन्द्र बर्वे निवासी वार्ड क्रं. 06 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स पूर्वी भाग दुकान नं. 03 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 8 | श्री मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद वाहीद सुफी निवासी वार्ड क्रं. 13 कसरावद | श्री मोहम्मद वाहिद पिता अब्दुल गफुर सुफी निवासी वार्ड क्रं. 13 कसरावद | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स दुकान नं. 06 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 9 | श्री रविन्द्र पिता रामलाल राजुरे निवासी राजनगर ग्राम भिलगांव | श्री दिनेश पिता गंगाराम वर्मा निवासी वार्ड क्र. 11 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स दुकान नं. 56 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 10 | श्री धमेन्द्र पिता रामलाल राजुरे निवासी राजनगर ग्राम भिलगांव | श्री महेश पिता गंगाराम वार्म निवासी वार्ड क्र. 11 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स दुकान नं. 57 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 11 | श्री सुनील कुमार पिता समरथमल जैन निवासी वार्ड क्र. 10 कसरावद | श्रीमती बादाम बाई पति समरथमल जैन निवासी वार्ड क्र. 10 कसरावद | प्रियदर्शनी काम्पलेक्स के पास दुकान नं. 37 | आवेदन/शपथ पत्र/सहमति पत्र (मृतक नामांतरण) |
| 12 | श्री सुनील कुमार पिता समरथमल जैन निवासी वार्ड क्र. 10 कसरावद | श्री अनिल कुमार पिता समरथमल जैन निवासी वार्ड क्र. 10 कसरावद | प्रियदर्शनी काम्पलेक्स के पास दुकान नं. 35 | आवेदन/शपथ पत्र/सहमति पत्र (मृतक नामांतरण) |
| 13 | श्री मनोहर पिता तुलसीराम यादव निवासी वार्ड क्रं. 06 कसरावद | श्री दिलिप पिता नाथुलाल लुणिया निवासी वार्ड क्रं. 08 कसरावद | शिवाजी मार्ग कर्मचारी क्वाटर वाली दुकान | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 14 | श्री हारून पिता सकरू खान निवासी वार्ड क्रं. 05 कसरावद | श्री कैलाश पिता फकीरा पाटीदार निवासी वार्ड क्रं. 09 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स छत दुकान नं 01 से 11 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 15 | श्री अंकीत पिता काशीराम यादव निवासी ग्राम गोपालपुरा | श्री रेवाराम पिता भुरेलाल यादव निवासी ग्राम गोपालपुरा | नवीन बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स पूर्वी भाग दुकान नं 11 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 16 | श्री मोहम्मद नासीर पिता अब्दुल रहीम खत्री निवासी वार्ड क्रं. 05 कसरावद | श्री शाहरूख पिता मखमुददीन खान निवासी वार्ड क्रं. 05 कसरावद | पुरानी तहसील कार्यालय के सामने काम्पलेक्स की छत चढाव के उत्तरी | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 17 | श्री रितेश पिता नारायण यादव निवासी वार्ड क्रं. 12 कसरावद | श्री अकील पिता सुल्तान खान निवासी वार्ड क्रं. 04 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स दुकान नं. 41 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 18 | श्री सुनिल पिता सिद्धि यादव निवासी ग्राम बडगांव | श्री शेर खान पिता कमतर खान निवासी वार्ड क्रं. 02 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स दुकान नं. 37 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |
| 19 | श्री सचिन पिता सिद्धि यादव निवासी ग्राम बडगांव | श्री कमाल खान पिता कमतर खान निवासी वार्ड क्रं. 02 कसरावद | इन्दौर रोड काम्पलेक्स दुकान नं. 38 | आवेदन/शपथ पत्र/सौदा चिट्ठी |

अध्यक्ष
नगर परिषद कसरावद

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कसरावद

## खबर संक्षेप



### वन कर्मचारी मंच ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को वन कर्मचारियो की मांगों को लेकर वन मंत्री नागर सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में अशोक पांडे राजकरण चतुर्वेदी सुभाष शर्मा भगवान सिंह कीर हरीश तिवारी उमरिया कन्हैया सिंह मंडला महेंद्र गौर नर्मदा पुरम दिनेश जोशी भोपाल आदि दर्जनों वन कर्मचारी शामिल थे। मप्र वन कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन मंत्री को वन विभाग के उपवन क्षेत्रपालों को उच्चतर पद वन क्षेत्रपाल का कार्यवाहक प्रभार देने, वनरक्षक की वेतन विसंगति को दूर करने, वन कर्मचारियों के ऊपर हो रहे हमले पर रोक लगाने, वन कर्मचारियों के लिए सुरक्षा की नीति बनाने, वन कर्मचारियों को एक माह का स्पेशल वेतन देने, स्थाई कर्मियों को नियमित करने आदि मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। वन मंत्री ने आश्वासन दिया है कि मांगों पर अति शीघ्र उचित कार्यवाही करके वन कर्मचारियों को समुचित लाभ दिया जाएगा।

### शी इज ए चेंजमेकर विषय पर प्रशिक्षण

**भोपाल ।** राष्ट्रीय महिला आयोग एवं अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शी इज ए चेंजमेकर विषय पर नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायतों की महिला जन-प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 जनवरी को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत प्रशिक्षण केंद्र भोपाल में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन सोमवार को सलाहकार भागवत अहिरवार ने पंचायत दर्पण एवं अन्य पोर्टल के बारे में बताया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अमित खरे ने स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आजीविका में पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. सुषमा ताइवाड़े ने महिला सरपंचों को स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जानकारी दी।

### प्रदेश अध्यक्ष शर्मा आज लोकार्पण में होंगे शामिल

**भोपाल ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा 30 जनवरी को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। वे लोकर्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक शर्मा 30 जनवरी को सुबह 11 बजे केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में 2367 करोड़ की लागत से 226 किमी लंबी 9 सड़क परियोजना के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### वाइल्ड लाइफ से दो दिन पहले बने असीम श्रीवास्तव बल प्रमुख

**भोपाल ।** भारतीय वन सेवा के 1988 बैच के अधिकारी असीम श्रीवास्तव प्रदेश के अगले वन बल प्रमुख बनाए गए हैं। साथ ही उन्हें दो दिन पहले ही बल प्रमुख के साथ उनका अपेक्स पे स्केल भी बढ़ा दिया गया है। साल 1986 बैच के वन बल प्रमुख अभय कुमार पाटिल 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। असीम श्रीवास्तव का कार्यकाल जुलाई वर्ष 2025 तक के लिए होगा। भारतीय वन सेवा के 1988 बैच के पांच अधिकारी ऐसे हैं जो वन बल प्रमुख बनने की रेस में थे। 1988 बैच के अतुल श्रीवास्तव जो मौजूदा समय में कार्य आयोजना शाखा के प्रमुख हैं। आरके यादव प्रशासन एक के मुखिया हैं। अनुसंधान एवं विस्तार शाखा के प्रमुख पीके सिंह, कमलेश चतुर्वेदी और बीके अंबाडे जो दिल्ली में तैनात हैं। इनके नाम पर भी विभाग में चर्चा चल रही थी। हालांकि वन विभाग में परंपरा चल रही है कि सबसे सीनियर अधिकारी को ही वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि विभाग में एक- एक महीने के लिए अब तक दो अधिकारियों को वन बल प्रमुख बनाया गया है।

# राज्यसभा में इस बार नए लोगों को मौका दिए जाने के बन रहे आसार

## मप्र की रिक्त हो रही राज्यसभा की पांच सीटों के लिए भाजपा व कांग्रेस में फिर से बनने लगे समीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद एक बार फिर से टिकट को लेकर उधेड़बुन शुरू हो गई है। भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियों में इस बात को लेकर चर्चाएं शुरू हुई हैं कि किस नेता को राज्यसभा का टिकट दिया जाए। भाजपा में इन चारों में से धर्मेंद्र प्रधान व डॉ. एल मुरूगन केंद्रीय मंत्री हैं। अब चूंकि राज्यसभा के बाद ही लोकसभा का चुनाव होना है, ऐसे में इन दोनों नेताओं को इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। इस बार नए लोगों को मौका दिए जाने के आसार हैं। यही स्थिति कांग्रेस में भी है।प्रदेश में राज्यसभा की 5 सीटों पर चुनाव कार्यक्रम जारी हुआ है। बाकी 6 सीटों में से तीन का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को खत्म होगा। इस पर दिग्विजय सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सुमेर सिंह सोलंकी चुनकर राज्यसभा में पहुंचें हैं। जबकि तीन राज्यसभा सांसदों में से कांग्रेस के विवेक तन्खा तथा भाजपा की कविता पाटीदार, सुमित्रा वाल्मीकि का कार्यकाल 29 जून 2028 तक है।

### इस फॉर्मूले से तय होती है राज्यसभा सांसद की जीत



राज्यसभा चुनाव के लिए एक तय फॉर्मूले का उपयोग किया जाता है। इसमें कुल विधायकों की संख्या को 100 से गुणा किया जाता है। इसके बाद राज्य में जितनी राज्यसभा की सीटें हैं, उसमें एक जोड़ कर भाग दिया जाता है। इसके बाद कुल संख्या में एक जोड़ा जाता है। फिर अंत में जो संख्या निकलती है वह जीत का आंकड़ा होता है। संवैधानिक रूप से राज्यसभा कभी भंग नहीं होती। राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है। इसके एक तिहाई सदस्यों का कार्यकाल प्रत्येक दो साल में खत्म होता है।

### 5 विधायकों ने बदल लिया था पाला

दरअसल, 2018 में बसपा, सपा और निर्दलियों के समर्थन से कमलनाथ सरकार ने बहुमत का आंकड़ा पार किया था। इस चुनाव में कांग्रेस को 114 व भाजपा को 109 सीटें मिली थी। किंतु 19 जून 2020 को राज्य सभा की 3 सीटों पर हुए चुनाव से ठीक पहले बसपा के दो, सपा का एक व 2 निर्दलीय विधायकों ने पाला बदल लिया था। जिसका फायदा भाजपा को हुआ था।

### 2020 में भाजपा ने ऐसे पलट दिया गेम

राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 19 जून 2020 को चुनाव हुआ था। भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया और डा. सुमेर सिंह सोलंकी को प्रत्याशी बनाया था। जबकि दिग्विजय सिंह व फूल सिंह बरैया ने कांग्रेस की तरफ से नामांकन पत्र दाखिल किया था। इस चुनाव के ठीक तीन महीने पहले सिंधिया समर्थक 22 विधायकों ने 10 मार्च को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में विधानसभा में विधायकों की कुल संख्या 22 कम होकर 206 रह गई थी। इसमें भी विधानसभा की दो सीटे जौरा व आगर मालवा विधायकों के निधन की वजह से रिक्त था। उस वक्त संख्या के हिसाब से राज्यसभा के एक प्रत्याशी को कम से कम 52 वोट चाहिए थे। विधायकों की संख्या के आधार पर भाजपा अपने दो उम्मीदवार, ज्योतिरादित्य सिंधिया (56 वोट) और डा. सुमेर सिंह सोलंकी ( 55 वोट) को जिताने में कामयाब हो गई थी। जबकि कांग्रेस की तरफ से दिग्विजय सिंह( 57 वोट) ही जीत दर्ज कर सके थे। दूसरे प्रत्याशी फूल सिंह बरैया को केवल 38 वोट ही मिले थे और वे राज्यसभा में चुनकर नहीं जा पाए थे। अब फिर से 5 सीटों पर चुनाव का बिगुल बज गया है।

### भाजपा यदि दलित, ओबीसी व महिला कार्ड खेलती है तो होगा बड़ा फायदा

राज्यसभा चुनाव में पिछली बार भाजपा ने दो टिकट से ओबीसी, दलित और महिला वर्ग को साधा था। दरअसल, राज्यसभा चुनाव से पहले एमपी की राजनीति में ओबीसी एक बड़ा मुद्दा बन गया था। ओबीसी आरक्षण की वजह से पंचायत और निकाय चुनाव टल गए थे। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था। इसके बाद ओबीसी को आरक्षण देने का फैसला हुआ था। प्रदेश में ओबीसी वोटरों की आबादी 50 फीसदी से अधिक है। भाजपा ने कविता पाटीदार के नाम की घोषणा कर एक बड़ा ओबीसी कार्ड खेला था। इसीतरह सुमित्रा बाल्मीकी को राज्यसभा में भेजकर दलित वर्ग को साधने की कोशिश हुई थी। यदि भाजपा फिर से दलित, ओबीसी व महिला कार्ड खेलती है तो उसे मिशन 2024 में भी बड़ा फायदा होगा।

## सीएम ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव से भेंट कर किया लंबित परियोजनाओं को पूरा करने का अनुरोध

# इंदौर-दाहोद रेल परियोजना से धार-झाबुआ और सरदारपुर में होगा औद्योगिक विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर प्रदेश की लंबित रेल परियोजनाओं सहित प्रदेश के विकास से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेल मंत्री वैष्णव का ध्यान इंदौर-दाहोद रेल परियोजना की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि यह परियोजना पीथमपुर, धार, सरदारपुर और झाबुआ के औद्योगिकीकरण और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेल परियोजना के अलग-अलग सेक्शन के भू-अर्जन कार्य की प्रगति से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को मिशन मोड में क्रियान्वित करने का आग्रह किया। उन्होंने इस परियोजना के धार-झाबुआ सेक्शन में रेल लाइन बिछाने के साथ ही पीथमपुर में प्रस्तावित मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क को सागर रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए रेल साईडिंग के निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर पूरा करने के लिए यथोचित निर्देश प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गोयल से जल्दी ही रबी फसल की खरीदी शुरू करने समेत विभिन्न विषयों पर की चर्चा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से सौजन्य भेंट कर उनके मंत्रालयों से संबंधित प्रदेश के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान धार स्थित पीएम मित्र पार्क, साड़ी वॉकैथॉन का आयोजन, नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रस्ताव, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में जनजातीय महिलाओं के प्रशिक्षण तथा रबी उपार्जन जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार स्थित पीएम मित्र पार्क के लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल बनाने और भूमि स्थानांतरित करने जैसी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गोयल से प्रदेश में साड़ी वॉकैथन के आयोजन में सहयोग दिए जाने का अनुरोध किया, जिससे प्रदेश की चंदेरी, माहेश्वरी और बाग प्रिंट्स जैसे हैंडलूम उत्पादों का व्यापक प्रचार हो सके।



### मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के बारे में हुई चर्चा

डॉ. यादव ने प्रशिक्षण प्रस्तावों की रूपरेखा केंद्रीय मंत्री के सामने रखी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना भी संचालित है, जिसमें प्रदेश के युवाओं को स्टाइपेंड सहित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### प्रदेश की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रबी उपार्जन के संबंध में भी केंद्रीय मंत्री गोयल से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्रदेश की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो जाएगी और किसानों का उपार्जन हेतु पंजीयन शुरू कर दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री यादव से चर्चा, शीघ्र निराकरण का आश्वासन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन एवं श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर प्रदेश हित से जुड़े लंबित प्रकरणों पर निराकरण करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि संजय टाइगर रिजर्व में गौर पुनर्स्थापना के अंतर्गत ट्रांसलोकेटेड 50 गौर के रक्त नमूने एकत्र करने की अनुमति, सतपुड़ा टाइगरसे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 50 गौर ट्रांसलोकेशन की अनुमति, टाइगर कंजर्वेशन प्लान के अनुमोदन और 400 कृष्ण मृग का ट्रांसलोकेशन संबंधी प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

## आयुष्मान क्लेम के प्राथमिकता से भुगतान किए जाएं



**भोपाल ।** आयुष्मान भारत योजना में मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के क्लेम का प्राथमिकता से भुगतान किया जाना चाहिए। क्लेम में दोनों घटक दवा, अन्य कंज्यूमेबल्स और चिकित्सकों की प्रोत्साहन राशि दोनों का भुगतान किया जाए। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के क्लेम, कुल माँग, विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति की गयी राशि और प्रतिपूर्त राशि की उपयोगिता की वृहद् समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रतिपूर्त राशि का कॉलेज और हॉस्पिटल गाइडलाइन अनुसार तत्काल उपयोग सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य डॉ सुदाम खाड़े, मिशन संचालक एनएचएम प्रियंका दास, अपर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा डॉ पंकज जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना अदिति गर्ग सहित वीसी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के डीन, कलेक्टर और कमिश्नर रीवा, वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ वीसी के दौरान उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिए निर्देश

# गांव चलो अभियानः भोपाल जिले की कार्यशाला संपन्न, जिले के 1601 बूथों पर प्रवासी पहुंचेंगे

## 9 से 11 फरवरी तक बूथों पर कार्यकर्ता बिताएंगे 24 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशभर में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत भोपाल जिले की कार्यशाला का आयोजन रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया गया। कार्यशाला को जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भोपाल संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह ने संबोधित किया।

भोपाल जिले की कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भोपाल संभाग प्रभारी सिंह ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य हर बूथ के



मतदाताओं तक पहुंचना है। जिलाध्यक्ष पचौरी ने मंडलों में आयोजित होने वाली कार्यशाला का संयोजक राहुल राजपूत को व सह संयोजक राजेश सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा को बनाया है।

### लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

### शर्मा ने शहडोल जिला कार्यालय में जिला बैठक एवं लोकसभा बैठक को किया संबोधित

**भोपाल ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ता हर बूथ पर जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरे और सभी ने चुनाव जीतने के लिए टीम भावना के साथ कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों की जनहितैषी योजनाओं से लोगों के जीवन में बदलाव आए हैं। दुनिया के लोकप्रिय नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति का ही परिणाम है कि विधानसभा चुनाव में हमें ऐतिहासिक जीत मिली है।

## अफसरों को महंगा पड़ा माइनिंग डंपिंग यार्ड का निरीक्षण

# दिन में अफसरों ने की चैकिंग और शाम होते होते तक ही जारी हो गया ट्रांसफर का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जबलपुर के सिहोरा में सहायक कलेक्टर और एसडीएम युवा महिला आईएएस अधिकारी को माइनिंग डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करना भारी पड़ गया। कथित तौर पर माइनिंग डंपिंग यार्ड में भाजपा के एक कद्दावर नेता पार्टनर हैं। महिला आईएएस अधिकारी दिन के समय निरीक्षण के लिए पहुंची थीं और शाम को ट्रांसफर का आदेश पहुंच गया। अर्चना कुमारी 2021 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और प्रशिक्षण के दौरान उनकी नियुक्ति सहायक कलेक्टर और एसडीएम सिहोरा के पद पर की गई थी। जिला प्रशासन तथा पुलिस को शिकायत मिली थी कि माइनिंग डंपिंग यार्ड के चारों तरफ भारी वाहन अडाकर नाली खोद दी गई है। शिकायत की जांच के लिए माइनिंग, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई थी। संयुक्त टीम जांच के लिए माइनिंग डंपिंग यार्ड पहुंची थी।

### जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद

डंपिंग यार्ड की जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। कटनी जिले से एक विधायक डंपिंग यार्ड के पार्टनर बताए जाते हैं। युवा महिला आईएएस अधिकारी का स्थानांतरण करवाया है। स्थानांतरण आदेश प्राप्त होते ही उन्हें तत्काल रिलीव भी कर दिया गया। इस संबंध में महिला आईएएस अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने ट्रेन में होने के कारण बात करने में असमर्थता व्यक्त की।

## मप्र विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई

# बिजली के दाम बढ़ाने की नहीं, 10 फीसदी कम करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिजली के दाम बढ़ाने के प्रस्ताव पर मप्र विद्युत नियामक आयोग की सोमवार को जनसुनवाई हुई। आयोग के समक्ष पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र के 13 अपत्तिकर्ताओं ने अपनी बात रखी। हर किसी ने बिजली की दर नहीं बढ़ाने के अपने-अपने तर्क आयोग के समक्ष पेश किए। अपत्तिकर्ता राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बिजली कंपनी के पास मौजूदा बिजली दर से 53 हजार करोड़ रुपए की आय हो रही है। ऐसे में बिजली के दाम बढ़ाने की नहीं बल्कि 10 फीसदी तक कम करने की जरूरत है।

सोमवार को हुई सुनवाई में आयोग की तरफ से अध्यक्ष एसपीएस परिहार, तकनीकी सदस्य प्रशांत चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### महंगी बिजली क्यों

सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधियों ने आयोग को बताया कि कंपनी दिन में सस्ती और रात में महंगी बिजली देने का प्रस्ताव दे रही है। जबकि सीमेंट फैक्ट्री में अधिकांश ने सोलर प्लांट लगाए हैं। दिन में सोलर से बिजली बनती है। उस वक्त सस्ती बिजली देने की बात हो रही है। जब रात में बिजली की जरूरत होगी उस समय दाम महंगे होंगे। इससे उद्योगों के उत्पादन पर असर होगा। सीमेंट कंपनियों ने इस मामले में आयोग से विचार करने की अपील की है।

### विभाग की यह तैयारी

टाइम आफ डे (टीओडी) टैरिफ से बिजली कंपनियों के वर्तमान याचिका के सारे आंकड़े बदलने वाले है। इसी तरह आमदनी और खर्च में भी अंतर होगा। जिससे साफ है कि बिजली कंपनी को संशोधित याचिका दाखिल करनी पड़ेगी। ऐसे में वर्तमान याचिका पर जनसुनवाई निरर्थक है।

## भाजपा प्रवक्ता सलूजा ने वीडियो शेयर करते हुए कसा तीखा तंज

# कांग्रेस दफ्तर में धक्का-मुक्की, कुर्सी फेंकी, कांग्रेस की हार पर चर्चा के दौरान विवाद, भिड़े दो पार्टी पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में दो पार्टी पदाधिकारी भिड़ गए। दोनों में धक्का-मुक्की हो गई। इतना ही नहीं एक-दूसरे पर कुर्सी भी फेंकी। वहां मौजूद दूसरे नेताओं ने दोनों को अलग किया। इस विवाद का वीडियो भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। मामला सीनियर नेता को अभद्र टिप्पणी को लेकर तूल पकड़ा। फिर विवाद इस कदर बढ़ा कि मारपीट करने में प्रवक्ता उतारू हो गए।

दरअसल, कांग्रेस कार्यालय पहुंचे मप्र अनुसूचित जाति कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और कांग्रेस प्रवक्ता शहरयार खान विधानसभा चुनाव में मिली हार पर चर्चा कर रहे थे। सीनियर लीडर्स को हार के लिए जिम्मेदार ठहराने पर प्रदीप और शहरयार में कहासुनी होने लगी। दोनों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। प्रदीप ने कुर्सी उठा ली। इस झड़प में शहरयार खान गिर गए।

इस विवाद के वीडियो को शेयर करते हुए भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर लिखा कि कमलनाथ समर्थक द्वारा दिग्विजय सिंह को गाली बकने को लेकर पीसीसी में जमकर चले लात-ठूंसे। कुर्सियां चलीं। जमकर एक-दूसरे को गालियां बकी गईं। बीच-बचाव करने आए कमलनाथ समर्थक एक नेता को भी लात-घूंसे पड़े। इस बीच पियूष बबेले ने भी विवाद को शांत करने की कोशिश की लेकिन झड़प होती रही।इस मामले में प्रदीप अहिरवार का कहना है कि विवाद नहीं हुआ। बस बातचीत ही हो रही थी। वो व्यक्ति दलित विरोधी हैं। मैं अपनी बात कह रहा था, तो वह लड़ने पर उतारू हो गए।



### कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने 3 दिन के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज हुई अनुशासनहीनता की घटना को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गंभीरता से लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शहरयार खान को इस घटना को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है साथ ही दोनों नेताओं से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। यदि स्पष्टीकरण संतुष्टि पूर्ण नहीं पाया गया तो अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी।

गोवा, दिल्ली, मसूरी देहरादून व सूरत की होटलों में नाबालिग से कराया देह व्यापार

# मॉडलिंग का प्रलोभन देकर नाबालिग से देह व्यापार कराने वाला होटल संचालक गोवा से गिरफ्तार

- अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर साक्षी ने कई बार लोगों से शारीरिक संबंध बनवाए
- आरोपी की महिला साथी ने दिया था मॉडल बनाने का प्रलोभन
- पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने गोवा के होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक नाबालिग का मॉडलिंग कराने का प्रलोभन दिया था और उसे देह व्यापार के धंधे में लगा दिया। आरोपी 8 साल से फरार था। इस सनसनीखेज मामले में क्राइम ब्रांच एक महिला आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, आरोपी महिला ने मॉडलिंग कराने का प्रलोभन देकर नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाया था। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से गोवा, मसूरी, देहरादून, दिल्ली, सूरत आदि स्थानों पर देह व्यापार कराया गया।

क्राइम ब्रांच के अनुसार थाना जीआरपी जबलपुर में नाबालिग के अपहरण की शिकायत परिजन द्वारा दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। अपने बयान में नाबालिग ने बताया कि भोपाल में रहने वाली साक्षी शर्मा ने मॉडलिंग का प्रलोभन देकर उससे गंदा काम कराया था। उसने अश्लील वीडियो भी बनाया था और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर साक्षी ने उससे कई बार लोगों से शारीरिक संबंध बनवाए।

### साक्षी ने झांसा देकर आकाश के पास गोवा भेजा

पीड़िता ने बयान में बताया कि साक्षी शर्मा ने उसे गोवा में रहने वाले आकाश जायसवाल के पास भेज दिया था। गोवा में नाबालिग को बाघा बीच, कलंगूट बीच, कांदोलिम बीच आदि कई स्थानों में जबरन रखा गया और अलग-अलग लोगों के साथ संबंध बनवाए। आकाश जायसवाल ने दिल्ली, देहरादून, मसूरी भेजकर भी नाबलिग से जिस्मफरोशी का धंधा किया। क्राइम ब्रांच का कहना है कि घटनास्थल भोपाल से शुरू हुआ था इसलिए मामला क्राइम ब्रांच भोपाल ट्रांसफर किया गया। क्राइम ब्रांच ने अपहरण, दुष्कर्म, बंधक बनाकर मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की गई।



आकाश जैसवाल, आरोपी

#### साक्षी शर्मा को गिरफ्तार किया

जांच में क्राइम ब्रांच भोपाल ने आरोपी महिला साक्षी शर्मा को गिरफ्तार किया था, जबकि फरार आरोपी आकाश जासवाल की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम गोवा पहुंची और एक दर्जन से अधिक होटलों की रैकी करने के बाद आकाश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का पूरा नाम आकाश जैसवाल (38) निवासी देवा श्री ग्रीन अल्टो पुरवरिन नार्थ गोवा बताया गया है। आरोपी ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और होटल का व्यवसाय कर रहा था।

गत 24 जनवरी को हुआ था रातीबड़ में

# गाय को बचाने में बाइक फिसली इलाज के दौरान युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव सरवर में कोल फैक्ट्री के पास गत 24 जनवरी की रात सड़क पर खड़ी गाय को बचाने में बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे पत्थरों पर जा गिरी थी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चलाने वाले युवक पर लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गांव मैना, आष्ठा, जिला सीहोर निवासी राजू उर्फ राजकुमार चौहान पिता घासीराम चौहान (35) इन दिनों आईआईएफएम के सामने झुग्गी कमला नगर में रहता था। राजू का काम इछावर में चल रहा था। वह सेंट्रिंग लगाने के बाद गत 24 जनवरी की रात अपने साथी उवेज खान निवासी शाहजहांनाबाद के साथ बाइक से भोपाल लौट रहा था। बाइक उवेज खान चला रहा था।

रात करीब आठ बजे कोल फैक्ट्री के पास पहुंचे थे, तभी रास्ते में गाय को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर पत्थरों से जा टकराई। हादसे में राजू को गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस से दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान रविवार-सोमवार की दरमियानी रात राजू की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**बैरसिया।** राज्य स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सोमवार को एक निजी कार्यक्रम में परिवार सहित ब्लॉक कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां पर उन्होंने मत्था टेका। इस दौरान मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। मंत्री के साथ मौजूद बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने बैरसिया सिविल अस्पताल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने विधायक खत्री ने अस्पताल के बारे अवगत कराया। साथ ही आग्रह किया है कि अस्पताल में डॉक्टर स्टॉफ बढ़ने से लोगों की परेशानी खत्म हो जाएगी। राज्य स्वास्थ्य मंत्री पटेल ने डॉक्टर स्टॉफ की पूर्ति करने का आश्वासन दिया है।

### बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण देखा



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में 10वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों और सभी शिक्षकों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा, जिसमें प्रधानमंत्री ने बच्चों को बिना किसी तनाव के पढ़ाई और पेपर देने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्होंने बच्चों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए। बच्चों ने प्रधानमंत्री के भाषण को ध्यान से सुना। बच्चों ने कहा कि इस कार्यक्रम को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया नाला निर्माण का भूमिपूजन



**मंडीदीप।** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड 5 सुभाष नगर में लंबे समय से लंबित नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है, जिसका भूमिपूजन का कार्य सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान अग्रवाल ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य जा रहे हैं और सभी जगह जो भी कार्य लंबित पड़े हैं वे शीघ्रता से पूर्ण किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राजेश भवरे, सुरेंद्र चौकसे, पार्षद प्रतिनिधि शेरसिंह चौहान, कुंवरसिंह लोधी, मुकेश दुबे, संयम जैन, गुड्डू राठौर अन्य लोग मौजूद रहे।

### इनामी योजना का कूपन फॉर्मेट 31 तक करें जमा

**औबेदुल्लागंज।** हरिभूमि की इनामी योजना का कूपन फॉर्मेट 31 जनवरी तक जरूर जमा कर दें। हरिभूमि प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव से फोन 88715 49987 पर संपर्क कर सकते हैं। फॉर्मेट 31 जनवरी के बाद जमा नहीं होंगे इसमें आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड और बिल की प्रति लगाकर फॉर्मेट जमा करें।

सुसाइड नोट में पत्नी, सास, ससुर और साली को बताया था जिम्मेदार

# घर जमाई बनने का दबाव बनाने पर असिस्टेंट मैनेजर ने लगाई थी फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में गत 25 फरवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले असिस्टेंट मैनेजर की पत्नी, सास ससुर और साली पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, मृतक के परिजन के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर उक्त एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नाएडा जाएगी।

पुलिस के अनुसार 30 साल का विपिन सिंह असवाल, नरेंद्र नगर, बरखेड़ा पठानी में रहता था। उसने आईसीएआई की पढ़ाई की थी, करीब चार साल से नोएडा की जिंपेक्ट कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत था। नोएडा में रहते समय उसका परिचय शिवानी नेगी से हुआ और शिवानी शादी कर ली। विपिन के पिता नहीं हैं। एक बहन थी और उसकी शादी हो चुकी है। यहां नरेंद्र नगर में बूढ़ी मां अकेली रहती है। मां की देखरेख के लिए नोएडा की कंपनी से बारह लाख प्रतिवर्ष के पैकेज की नौकरी छोड़ दी थी। उसने इंदौर की एक कंपनी में नौकरी देखी थी और जल्द ही ज्वाइन करने वाला था, ताकि मां की देखरेख ठीक से हो सके।

### नोटिस पीरियड में था विपिन

पुलिस ने बताया कि विपिन नोटिस पीरियड में था। उसकी पत्नी उसे छोड़कर नोएडा चली गई। विपिन ने पत्नी को मनाना चाहा और भोपाल में मां के साथ रहने की गुजारिश की, लेकिन पत्नी और उसके पिता जोगेंद्र सिंह, मां कस्तूरी नेगी और साली ईशा नेगी विपिन पर नोएडा शिफ्ट होने का दबाव बनाने लगे। वे चाहते थे कि विपिन घर जमाई बनकर उनके साथ रहे, लेकिन विपिन अपनी मां को छोड़ना नहीं चाहता था। इसी के चलते उसने 25 फरवरी 2023 को फांसी लगा ली थी। अच्छे पैकेज पर काम करने वाले विपिन ने बरखेड़ा पठानी में नया मकान भी फाइनेंस करा लिया था।

### नर्स ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार शीतल पिता दिलीप सिंह (22) आष्टा के पास एक गांव की थी। वह कशिश मूलचंदानी के मकान में किराए से रह रही थी। उसकी दोस्त ज्योति ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह से वह शीतल को कॉल कर रही थी, लेकिन उसका कॉल रीसिव नहीं हो रहा था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ज्योति उसके रूम पहुंची थी। उसने काफी आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा तुड़वाया तो शीतल की लाश सीलिंग फेन पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मामले की जांच कर रहे एएसआई नीलेश सेंगर ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### घायल किसान ने लगाई फांसी

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम इमलिया में करंट लगने से घायल किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम इमलिया निवासी 55 साल के प्रताप सिंह मीना किसान थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह घर में अकेले थे। इसी बीच उन्होंने फांसी लगाकर आत्महतया कर ली। कुछ देर बाद घर पहुंची उनकी पत्नी ने उन्हें फंदे से नीचे उतारा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। पत्नी ने बताया कि कुछ दिन पहले प्रताप सिंह को करंट लगा था और इसके बाद से ही उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।

### शराब के लिए मां ने रुपए नहीं दिए तो युवक फांसी पर झूला

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर झुग्गी में रविवार शाम एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि अमर कुमार सोंधिया पिता कन्हैयालाल सोंधिया (26) झुग्गी नंबर 102/5 शिवाजी नगर में रहता था और सरस्वती स्कूल के पास सब्जी का ठेला लगाता था। पिता प्राइवेट ड्राइवरी करते हैं वह घर पर थे। रविवार शाम करीब पौने 7 बजे के आसपास अमर ने मां से पांच सौ रुपए मांगे थे। मां ने कहा कि रुपए नहीं है, इसके बाद मां और पिता झुग्गी के बाहर की तरफ बने किचन में खाना बना रहे थे। कुछ देर बाद पिता अंदर कमरे में पहुंचे तो उन्होंने अमर को फांसी के फंदे पर लटका देखा। माता-पिता उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

# कलेक्टर प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण में शामिल न होने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## कलेक्टर की कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में कलेक्टर अरविंद दुबे ने अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है। कलेक्टर की इस कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। दरअसल माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की ओर से आयोजित वार्षिक हायर सेकंडरी और हाईस्कूल परीक्षाओं के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों के लिए कलेक्टर अरविंद दुबे की ओर से अधिकारियों को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए परीक्षा संपन्न कराने के बारे में आदेश दिए।

### 44 अधिकारियों से मांगा जवाब

इन कलेक्टर प्रतिनिधियों के लिए परीक्षा के संबंध में 27 जनवरी को प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसमें गैरमौजूद रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन अधिकारियों को तीन दिन के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अनुपस्थिति के संदर्भ में कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने या उत्तर समाधानकारक नहीं होने की दशा में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जिसमें मंडीदीप के श्रम पदाधिकारी जीएस मेहदेले, मंडीदीप नगर पालिका के सहायक यंत्री राजकिशोर तिवारी, वन विभाग के एसडीओ पुष्पेन्द्र धाकड़, रामगोपाल गुप्ता उपयंत्रीलोक निर्माण विभाग औबेदुल्लागंज, संजय सिंह राजपूत वनक्षेत्रपाल चिकलोदकलां, दिनेशकुमार करेल उपयंत्री लोक निर्माण विभाग औबेदुल्लागंज सहित 44 अधिकारियों से तीन दिन में जवाब मांगा है।



# सक्षम कॉन्वेंट मिडिल स्कूल में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

**औबेदुल्लागंज।** सक्षम कॉन्वेंट मिडिल स्कूल दाहोद के वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि कोई विद्यार्थी पढ़ाई में औसत अंकों से पास हो सकता है, परन्तु अगर उन्हें संस्कार और आदर्शों का सहारा मिल जाए तो ये कामयाबी का नया इतिहास लिख सकते हैं। उन्होंने कहा के दाहोद ग्राम में सक्षम कॉन्वेंट मिडिल स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी विद्यार्थियों को दिए जा रहे हैं।

### संतनगर के कई क्षेत्रों में नहीं हुई पानी की सप्लाई, लोग परेशान

**संतनगर।** विद्युत वितरण कंपनी के बाद अब नगर निगम के जल कार्य विभाग प्लांट में भी मेंटेनेंस होने लगा है, जिसके चलते सोमवार को उपनगर के कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पहले अधिकारियों ने बताया कि जिन क्षेत्रों में सुबह सप्लाई होनी है, वहां पर न होकर शाम को होगी, लेकिन बाद में शाम को भी पानी की सप्लाई नहीं हो सकी और अब मंगलवार को दूसरे दिन पानी की सप्लाई करने की बात अधिकारी कह रहे है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हुई।

हाइट हाउस में भाजपा की गांव चलो अभियान की बैठक

# शांति काल का पसीना, युद्धकाल में खून बहने से बचाता है: विष्णु खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैरसिया




यदि शांति काल में पसीना बहा लिया जाए तो युद्धकाल में खून बहाने से बचा जा सकता है। इसी तरह से हमारे संगठन का कार्य है, यदि हम अभी पसीना बहा लेंगे तो हमें चुनाव में इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। विधानसभा चुनाव में भी हमने चुनाव से पूर्व ही इतनी मेहनत कर ली थी कि हमें चुनाव में मेहनत नहीं करनी पड़ी। इसी का नतीजा था कि तमाम विरोधियों के सक्रिय होने के बाद भी हमारे परिणाम अच्छे आए।

यह बात बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने सोमवार को व्हाइट हाउस में भाजपा की ओर से आयोजित गांव चलो अभियान की बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी जबाबदार कार्यकर्ता जुट जाएं। इस अभियान के उद्देश्य को पुरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ना है। शासन की योजनाओं से एक-एक मतदाता को अवगत कराना है।

गौरतलब है कि भाजपा फरवरी में एक बड़े अभियान की शुरुआत कर रही है। इस अभियान का नाम गांव चलो अभियान है। इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर एक-एक दिन के प्रवास पर रहेंगे। शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ पुराने कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। यह अभियान लोकसभा चुनाव का चुनावी बुगुल है। अभियान में कई तरह के आयोजन बूथ लेबल पर करना है। कार्यक्रम में शैलेंद्र शर्मा, गांव चलो अभियान के संभागीय प्रभारी कांतदेव सिंह, जिला अध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, गंवा चलो अभियान के जिला संयोजक राजमल कुशवाह, जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



# श्री विद्यासागर संस्कार पाठशाला के बच्चों ने दी छह ढाला की परीक्षा

## समाज के 30 बच्चे जैन धर्म की ले रहे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

हम किस्से-कहानियों में पढ़ते हैं, की तन से अधिक मन की सुंदरता होती है। हमें इसका अर्थ नहीं मालूम था। जब हमें पाठशाला में तन और मन की सुंदरता का भेद बताया गया तो हमें इन दोनों के बीच का फर्क समझ आया। ये विचार उन बच्चों के थे जो नगर के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में संचालित श्री विद्यासागर संस्कार पाठशाला द्वारा आयोजित पहले-दूसरे छह ढाला की परीक्षा में शामिल हुए थे। पाठशाला की संचालिका विभा जैन ने बताया की समाज के लगभग 30 बच्चे पाठशाला में जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा ले रहे हैं। यहां बच्चों को प्रारम्भिक बातें पांच पाप, चार कशाय, देव दर्शन की विधि, आठ कर्म, भोजन व सात्विक खान पान, संस्कारों के साथ ही नैतिक शिक्षा का ज्ञान भी दिया जाता है।

# समन्वित प्रयास से पंचायतों का करेंगे विकास: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



जनपद पंचायत में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने पंचायतों के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान जनपद सीईओं युक्ति शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारे प्रशासनिक मार्गदर्शक एसडीएम चंदशेखर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सफल रही।

इस यात्रा में जन समुदाय एवं सामाजिक संगठनों का भी सहयोग रहा। विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं गए शिविरों के माध्यम से हमने बताने का प्रयास किया कि सुशासन के तहत सरकार आपके पास है, आप योजनाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से लें एवं विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयास से हम पंचायतों का विकास करेंगे। इस दौरा जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे ने ग्राम विकास को लेकर अपने अनुभव साझा किए। जन अभियान परिषद की समन्वयक निशा पटेल ने स्वैच्छिक संगठनों एवं समुदाय के साथ तालमेल से विकास कार्य को लेकर चर्चा की। एनआरएलएम से जीतेन्द्र चतुर्वेदी ने आजीविका से महिलाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर भारत पर अपने विचार रखें। इस दौरान जनपद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नगर परिषद औबेदुल्लागंज में कुंभ राशि वालों का प्रभाव बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज में कुंभ राशि वालों का प्रभाव बढ़ा है। कुंभ राशि के पार्षदों के प्रभाव से नगर परिषद के अन्य पार्षदों में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू चौकसे पावर में हैं। सीएमओ सोनाली शर्मा से सब प्रभारी लोक निर्माण समिति अध्यक्ष सुनील सेरिया पावरफुल बिल पास कराने में माहिर हैं। पार्षद सना आमीर ममनून, महिला बाल विकास शिक्षा समिति अध्यक्ष विशेष सलाहकार और हर एक के साथ पार्षद शंकर इरपाचे तथा सोनू चौकसे पक्के दोस्त हैं। पार्षद समीक्षा यादव के पति विक्रम यादव तो सोनू चौकसे कट्टर समर्थक होने से कुंभ राशि वाले मजबूत हैं।

पार्षद सुजीत यादव और पार्षद सुनील सेरिया की दोस्ती चर्चा में है और दोनों हुकुम के इक्के माने जाते हैं, क्योंकि सुजीत यादव विधि सामान्य प्रशासन के अध्यक्ष होने से विधि और सामान्य प्रशासन में चल पड़ी हैं। पार्षद सरोज नागर के पति रामेश्वर नागर धीरे-धीरे अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू चौकसे से दोस्ती पक्की होने से प्रभाव दिखने लगा है। कुंभ राशि वालों का नगर परिषद पर हावी होने से अन्य पार्षद सहित नपा उपाध्यक्ष तक मायूस हैं। सीएमओ सोनाली शर्मा और सोनू चौकसे बेफिक्र हैं। क्योंकि विधायक सुरेंद्र पटवा भी कुंभ राशि के होने से मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे पर विशेष आशीर्वाद होने से प्रभावशाली हैं।

बीयू और एप्को के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बीयू: बर्ड सर्वे में मिले 58 प्रजातियों के परिंदे, प्रधानमंत्री के कॉप-26 में प्रस्तावित मिशन लाइफ रहा कार्यक्रम का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सोमवार को बर्ड सर्वे किया गया। भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गतिविधि का केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कॉप-26 में प्रस्तावित मिशन लाइफ था। यह मिशन भारत के नेतृत्व में विश्व को दिया गया वैश्विक जन आंदोलन है, जो पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करता है।

### 40 विद्यार्थियों सहित कई पर्यावरणविदों ने लिया भाग

इस बर्ड सर्वे में कुल 58 पक्षियों की प्रजातियां पाई गई हैं। इनमें वायर टैलेड स्वालो, ब्लैक बीटर्न, टिकल्स ब्लू फलाय कैचर, एशि ड्रोन्गो, ब्रॉन्ज विंगड जकाना, इंडियन स्पॉट बिल्डक, येलो फूटेड ग्रीन पीजन, व्हाइट ब्रोड फेनटैल सामन्यतः कम मिलने वाली पक्षियों की प्रजातियां पायी गई। इस सर्वे का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं सरोवर विभाग एवं पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम (ईईपी) पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कराया गया। इस सर्वे में 40 विद्यार्थियों सहित कई पर्यावरणविदों ने भाग लिया। इनमें विवि के जीव विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. विपिन व्यास, विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा भावसार आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।





# भारतीय गौरव का प्रतीक बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

गणतंत्र दिवस के समापन समारोह को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी कहा जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेना का अपने बैरक में लौटने का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसा माना जाता है, जब शाम के वक्त सेनाएं युद्ध समाप्त करके लौटती थीं और युद्ध के मैदान से वापस आने के बाद अपने अस्त्र-शस्त्र उतार कर रखती थीं। इस दौरान झंडे नीचे उतार दिए जाते थे और इसे ही बीटिंग रिट्रीट कहते हैं।



नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने स्वागत किया।

### कब शुरू हुई बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

बीटिंग द रिट्रीट की शुरुआत 17वीं शताब्दी में इंग्लैंड से हुई थी। तब इंग्लैंड के किंग जेम्स सेकंड ने अपने सैनिकों को ड्रम बजाने, झंडे डाउन करने और जंग खत्म होने के बाद की घोषणा करने के लिए एक परेड आयोजित करने का आदेश दिया था। उस समय इस सेरेमनी को 'वॉच सेटिंग' कहा जाता था।



### इस साल क्यों खास है?

इस वर्ष बीटिंग द रिट्रीट समारोह का एक प्रमुख आकर्षण शास्त्रीय रागों से प्रेरित 29 धुनों की भव्य धूमधाम से हुई। इस साल के समारोह में अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो में से एक का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें 3,500 स्वदेशी ड्रोन रायसीना हिल्स के आसमान को रोशन किया।

### भारत में बीटिंग रिट्रीट की शुरुआत

भारत में रीट्रीट की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। तभी से इसे बीटिंग रिट्रीट कहा जाता है। तब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट ने इस कार्यक्रम को सेनाओं के बैंड के साथ इसका प्रदर्शन किया था जिसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि और ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।

---

सीएम हाउस से मेल पर जानकारी मिली कि 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश होंगे

# ईडी के डर से लापता हुए झारखंड के सीएम सोरेन? उनकी तलाश

27 जनवरी को रांची के राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, फिर दिल्ली रवाना हो गए

ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन अभी तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। हालांकि, झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने करप्शन पर ताबड़तोड़ धावा बोल दिया है। ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन खबर लिखे जाने तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। ये हैरान करने वाला मामला है कि ईडी के डर से एक राज्य का मुख्यमंत्री लापता हो गया है। हालांकि झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे। मगर सीएम का अभी तक कोई सुराग ना लग पाना अपने आप में चौंकाने वाली बात है। ईडी के इस समन के बाद हेमंत सोरेन 27 जनवरी को रांची में राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर दिल्ली रवाना हो गए। उनके पीछे पीछे ईडी की टीम आज दिल्ली पहुंच गई। ईडी की टीम शांति निकेतन, मोतीलाल नेहरू मार्ग और झारखंड भवन पहुंची, लेकिन तीनों जगह झारखंड के सीएम का सुराग नहीं मिला। हालांकि ईडी ने उनके घर से कुछ अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन को आज ही गिरफ्तार किया जा सकता है हालांकि ये बात भी कही जा रही है कि सीनियर वकील कपिल सिब्बल से रविवार को ही हेमंत सोरेन ने मुलाकात की थी और माना जा रहा है कि ईडी के समन के खिलाफ हमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं। आज सीएम सोरेन को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उनका कोई पता नहीं लग पाया है।

- टीम ने तीन जगह की सीएम की तलाश
- सीनियर वकील कपिल सिब्बल से मुलाकात की हो रही चर्चा

### ईडी ने कहा था- आप नहीं आए तो हम आएंगे



जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को दसवां समन भेजा था और कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक अपना बयान दर्ज कराएं। ईडी ने कहा था कि अगर आप हमारे पास नहीं आएंगे तो हम टीम लेकर आपके यहां आएंगे।

**ईडी ने सीएम की कार की जब्त, एयरपोर्ट पर अलर्ट**

ईडी की टीम को जब सोरेन नहीं मिले, तो जाते वक्त उनकी बीएमडब्ल्यू कार टीम अपने साथ ले गई। जिस कार को ईडी ने जब्त किया वह एचआर (हरियाणा) नंबर की है। एहतियात बरतते हुए ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन को लेकर एयरपोर्ट पर भी अलर्ट भेज दिया है। इस बीच यह जानकारी भी सामने आई है कि सत्ता पक्ष गठबंधन के विधायकों को अपने बैग और सामान के साथ रांची में एक जगह इकट्ठा होने के लिए कहा गया है।


### नौकरी के बदले जमीन का मामला

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए पटना ईडी दफ्तर पहुंचीं। जहां उनके साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता पटना में ईडी दफ्तर के बाहर जुटे और नारेबाजी की। कुछ दिन पहले ईडी ने लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी को पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया था। लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले जमीन हथियाने का आरोप है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक 2004 से 2009 तक इंडियन रेलवे के अलग अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में उन्होंने अपनी जमीन लेने का आरोप है।



**लालू से 9 घंटे में पूछे 50 से अधिक सवाल**

सूत्रों के अनुसार, लालू यादव से ईडी ने पूछा कि नौकरी के बदले जमीन का कॉन्सेप्ट क्यों था? हृदय नारायण चौधरी से संपर्क कैसे हुआ? लालू से दिल्ली और पटना के ईडी अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। उनसे 50 से ज्यादा सवाल पूछे गए हैं।



### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में ईडी पूछताछ कर रही है। मानेसर लैंड डील मामले में दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ हो रही है। दो हफ्ते पहले भी हुड्डा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। कुछ दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने 2004-07 के दौरान हुए गुरुग्राम के 1500 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से छह घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने एक हफ्ते पहले उन्हें जांच में शामिल होने का नोटिस दिया था। ईडी ने दिल्ली मुख्यालय में पीएमएलए कानून के तहत 76 वर्षीय हुड्डा के बयान दर्ज किए।

---

तत्काल रोक लगाने के दिए निर्देश

# कोर्ट में जाति-धर्म की पहचान अब नहीं हो सकेगी उजागर!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा, हमें किसी भी अदालत में किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए यह आदेश सुनाया।

**राजस्थान के मामले में हो रही थी सुनवाई**

*सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की एक कुटुम्ब कोर्ट में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।*

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए ऐसे निर्देश**

*सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से वकीलों और कोर्ट रजिस्ट्री को इसका पालन करना है। बेंच ने कहा कि कोर्ट को फैसला लेने के लिए किसी की जाति और धर्म की जानकारी लेने से कोई मतलब नहीं होता है।*

### इधर, दो जजों में रार, मामले की

कलकत्ता हाईकोर्ट के दो जजों जस्टिस अभिजीत गांगुली और जस्टिस सौमेन सेन की बीच झगड़े पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। दोनों जजों में मची रार की जड़ बने जाति प्रमाण पत्र घोटाले के केस को सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। इसका मतलब हुआ कि इस मामले की सुनवाई अब खुद शीर्ष अदालत करेगी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला लिया है। इस बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस भी शामिल हैं। हाई कोर्ट जजों के बीच छिड़े विवाद पर अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया था और अब उसकी ओर से यह फैसला आया है।

---

## खबर संक्षेप

### शुभेंदु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई



**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने पार्टी के नेता राहुल गांधी के बारे में कथित तौर पर अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के लिए सोमवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने इसे अपमान माना है।

### खट्टर ने ई-लाइब्रेरी के लिए पैतृक घर दिया



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को अपने पैतृक गांव रोहतक जिले के बनियानी में पहुंचे। वहां उन्होंने अपना पैतृक घर गांव के अधिकारियों को सौंप दिया है। बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी की स्थापना के लिए ये घर दिया गया है।

### पति का प्राइवेट पार्ट पत्नी ने दांत से काटा



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक पति अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाना चाहता था। लेकिन उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए जिद कर रहा था। जिससे नाराज होकर महिला ने अपने पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

---

# खरगे बोले-फिर मोदी आए तो नहीं होंगे चुनाव, केजरीवाल ने कहा-गलत किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## नीतीश के यू टर्न पर भड़का विपक्ष

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यूटर्न लेते हुए एनडीए का दाम थाम लिया है। नीतीश के इस निर्णय से विपक्ष में भारी गुस्सा है। ओडिशा पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुस्से में यहां तक कह दिया कि इस साल के लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी आते हैं तो मानकर चलिए फिर दुबारा चुनाव नहीं होंगे। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरी सांस लेते हुए सिर्फ इतना कहा कि नीतीश ने जो भी किया गलत किया। बता दें कि भाजपा के विरोध में महागठबंधन के लिए नीतीश ने काफी मेहनत की थी लेकिन उन्हें अपेक्षानुसार महत्व नहीं दिया गया।


**खरगे और केजरीवाल का गुस्सा**

भुवनेश्वर में ओडिशा बचाओ समावेश कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा है। खरगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वो 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे तो यह आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा। खरगे ने दावा किया कि यदि पीएम मोदी इस साल आम चुनाव के बाद फिर से अपनी सरकार बना लेते हैं तो यह किसी को नहीं सुनेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि देश के लोग 2024 में आखिरी बार चुनाव में हिस्सा लेंगे। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इससे भाजपा के एनडीए को ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि नीतीश कुमार को नहीं जाना चाहिए था। कहा कि नीतीश कुमार ने गलत किया है।



### कर्नाटक में हनुमान ध्वज को उतारने पर मचा बवाल

**बेंगलुरु।** मंड्या जिले के केरेगोडु गांव में राम मंदिर के सामने एक 108 फुट ऊंचा स्तंभ है जिस पर पर हनुमान ध्वज लहराता है। मगर प्रशासन ने स्तंभ से हनुमान ध्वज को उतारा और तिरंगा लगा दिया। इसके विरोध में भारी संख्या में लोग पहुंच गए। प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा और जेडीएस समेत हिंदू संगठन के सदस्य भी मौदान में उतर गए और विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन का कहना है कि जिस जगह पर स्तंभ बना हुआ है, वह सरकारी जमीन है। तभी तिरंगा लगाया है आपत्ती नहीं होना चाहिए।





**देश की भलाई के लिए... उपराष्ट्रपति ने की प्रार्थना**

*तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में थिल्लई नटराज मंदिर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश की भलाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मैंने चिदंबरम थिल्लई नटराज मंदिर का दौरा किया और देश के सभी लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना की। भगवान नटराज हमारे मन से अज्ञानता और बुराई को दूर करें और इस ब्रह्मांड को शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।*

---

## सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर लगाई रोक, कहा

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला में हिंदू पक्ष दाखिल करे लिखित जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीर्थनगरी मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमीशन पर स्टे आदेश को अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिंदू पक्ष को कहा है कि सभी पक्षकार अपने जवाब दाखिल करें। वहीं, मुस्लिम पक्ष की वादों की सुनवाई को कोर्ट तय करने संबंधी एसएलपी पर भी अगली तिथि पर सुनवाई करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दोपहर एक बजे करीब इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से एडवोकेट कमीशन पर लिखित जवाब मांगा। जवाब दाखिल न होने पर कोर्ट ने कहा कि अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी। तब तक शाही ईदगाह के एडवोकेट कमीशन के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रहेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई जारी रहेगी। उनकी सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सिर्फ एडवोकेट कमीशन के आदेश पर स्टे अप्रैल में होने वाली अगली सुनवाई तक जारी रहेगा।

महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि एडवोकेट कमीशन की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है। आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें।

हिंदू पक्ष अपने आवेदन की प्रार्थना को देखें, वाद में दिए गए कथन के आलोक में एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। हिंदू पक्ष अपना जवाब दाखिल करें कि एडवोकेट कमीशन किस लिए चाहता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल हैं।

- अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी
- मुस्लिम पक्ष पर इन सबूतों को नष्ट करने का आरोप



**हिंदू पक्ष ने दिया था यह तर्क**

हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट में एडवोकेट कमीशन के मांग संबंधी आवेदन में हाईकोर्ट में तर्क दिया था कि शाही ईदगाह मस्जिद के एक हिंदू मंदिर होने के स्पष्ट संकेत हैं, जिसमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े हिंदू देवता शेषनाग की एक छवि शामिल है।

**मामले में 1968 में हुए समझौते के तहत क्या हुआ था?**

श्री कृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट के सहयोगी संगठन श्री कृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ और शाही ईदगाह के बीच हुए इस समझौते में 13.37 एकड़ भूमि में से करीब 2.37 एकड़ भूमि शाही ईदगाह के लिए दी गई थी।

---

# शादी की उम्र बढ़ाने बनी समिति का बढ़ा कार्यकाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिलाओं की शादी की न्यूनतम आयु मौजूदा 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल उसके रिपोर्ट पेश करने के लिए एक और बार बढ़ाया गया है। आगामी 31 जनवरी से शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है। समिति अब चार महीने के कार्यकाल विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी जबकि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 दो साल पहले लोकसभा में पेश किया था और ऐसे में वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह विधेयक निष्प्रभावी हो सकता है।

- 18 से 21 साल करने की तैयारी

**लोकसभा में पेश किया गया था संशोधन विधेयक**

बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 दिसंबर, 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसे शिक्षा, महिलाओं, बच्चों, युवाओं और खेल संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत कार्य करती है। विधेयक पेश करने के बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा अध्यक्ष से विधेयक को विस्तृत जांच के लिए स्थायी समिति को भेजने का अनुरोध किया था।

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक'

- बीकानेर में भारत और सऊदी अरब के बीच अभ्यास
- महाजन में यह अभ्यास 29 से 10 फरवरी तक चलेगा
- दोनों देशों के 45-45 सैन्यकर्मी सैन्य टुकड़ी में शामिल
- उद्देश्य: अर्ध-रेगिस्तानी इलाके में सैनिकों को प्रशिक्षित करना
- सैनिकों के बीच मिलनसारिता और सौहार्द विकसित होगा
- यह दोनों सैन्य टुकड़ियों के आपसी संबंध को सशक्त बनाएगा

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' का प्रारंभिक संस्करण सोमवार को राजस्थान के महाजन में शुरू हुआ। 45 रक्षा कर्मियों वाले सऊदी अरब के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेस और भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। अभ्यास की इस अवधि में सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग और स्नाइपर फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### जहां पहुंचा था चंद्रयान वहां भूकंपीय हालात



**वॉशिंगटन।** भारत ने अपने चंद्रयान को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड कराया था। अब नासा भी आने वाले बरसों में आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं उतारने का मंसूबा बना रहा है। हालांकि इस क्षेत्र की हालत नाजुक है और यह भूकंप से प्रभावित है। प्लैनेटरी साइंस जॉर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि यह क्षेत्र हाल ही में भूकंपीय रूप से सक्रिय पाया गया है।

### अमेरिका ने 14 लाख भारतीयों को दिया वीजा




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों की टीम ने साल 2023 में रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा जारी किए हैं। यह संख्या पहले की तुलना में कहीं अधिक है। वहीं, विजिटर वीजा अपॉइंटमेंट प्रतीक्षा समय में 75 फीसदी की कमी आई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने कहा कि अब दुनिया भर में हर 10 अमेरिकी वीजा आवेदकों में से एक भारतीय होते हैं। वीजा की मांग अभूतपूर्व थी।

## अरब सागर में नौसेना का बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन, डाकुओं को खदेड़ा

# आईएनएस 'सुमित्रा' ने सोमाली समुद्री डाकुओं से मछुआरों को सुरक्षित बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचा लिया।*

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान को सोमाली समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया है। समुद्री लुटेरों को निहत्था कर दिया गया है और सोमालिया की ओर भाग जाने के लिए कहा गया है।

वहीं आईएनएस सुमित्रा अब इलाके से बाहर निकल आई है। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। रक्षा अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। वहीं इससे पहले भारतीय रक्षा अधिकारियों ने कहा था कि अरब सागर में नौसेना की एक्शन जारी है। नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाने की कोशिश कर रहा है। लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

**खास बातें**

- समुद्री डाकुओं को दी भागने की चेतावनी, अरब सागर में नौसेना का एक्शन जारी
- ईरान का झंडा लगे जहाज एमवी ईमान का सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था

### युद्धपोत पर मौजूद ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों तरफ से घेरा



#### समुद्री लुटेरों ने चालक दल को बनाया बंधक

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि सोमलिया के पूर्वी तटों और अदन की खाड़ी में ऐसे अभियानों के लिए तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के झंडे लगे मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में सूचना पर कार्रवाई की। जहाज पर समुद्री लुटेरे चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था। मधवाल ने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल जलपोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य करने के वास्ते एसओपी के अनुरूप कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जहाज पर चालक दल के सभी 17 सदस्यों और अन्य लोगों को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

#### नौसेना की सख्त चेतावनी का दिखा असर

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है। रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी नौसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर फोटो शेयर कर जानकारी दी है। बता दें कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में अग्रिम पंक्ति के विध्वंसक और पोत तैनात करके अपने निगरानी तंत्र को काफी बढ़ा दिया है।

#### समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय जहाज तैनात

मधवाल ने कहा कि मिशन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है जो समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प का प्रतीक है।

## बड़ी मुश्किल में राष्ट्रपति, भारत से तनाव पड़ा भारी

# चीन समर्थक मुइज्जू की जाएगी कुर्सी, विपक्ष लाएगा महाभियोग

चीनी जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति देने पर विपक्ष हमलावर



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मालदीव में मुख्य विपक्षी दल ने राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की योजना बनाई है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास संसद में बहुमत है और महाभियोग दाखिल करने के लिए सांसदों के हस्ताक्षर लेना शुरू कर दिया है। एक चीनी जासूसी जहाज को सरकार द्वारा माले में डॉक करने की अनुमति दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति मुइज्जू पर उनके चीन समर्थक रुख के लिए हमला बोला है।

### संसद में हंगामे के बाद बनी योजना

दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। इससे विपक्ष को एकजुट होने का मौका मिल गया और सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभी ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। हालांकि अभी इसे जमा नहीं किया है।

### शपथ के बाद यह कारनामे रहे चर्चा में

45 वर्षीय मुइज्जू ने राष्ट्रपति के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। शपथ के तुरंत बाद, मुइज्जू ने भारत से अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का ऐलान किया था। 87 सदस्य वाली मालदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए संशोधन किया था। एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

# नागपुर में बनेंगे राफेल फाइटर जेट्स

- मारक क्षमता दमदार
- लंबाई 50.1 फीट, विंग स्पैन 35.4 फीट
- इसका वजन 10,300 किग्रा
- इसमें 14 हार्डप्वॉइंट्स
- भारतीय वायुसेना में 36 जेट्स शामिल
- राफेल में 30 मिमी कैलिबर की तोप लगी




*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि नागपुर के मिहान-सेज में फ्रांसीसी कंपनी डैसो राफेल फाइटर जेट्स बनाएगी। भारत में डैसो कंपनी इस प्रोजेक्ट को अनिल धीरूभाई अंबनी रिलायंस ग्रुप के साथ मिलकर पूरा करेगा। राफेल फाइटर जेट की अधिकतम गति 1912 किमी प्रति घंटा है। लेकिन कॉम्बैट रेंज 1850 किमी है। यह अधिकतम 51,952 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। यह एक सेकेंड में 305 मीटर की सीधी उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें परमाणु हथियार भी लगेंगे। मीटियोर, स्कैल्प और हैमर मिसाइलों को लगाने की बात चल रही है।*

## हजारों रूसी दे रहे समर्थन

# पुतिन को राष्ट्रपति चुनावों में कड़ी टक्कर देंगे बोरिस

एजेंसी ▶▶ मास्को

यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन को राष्ट्रपति चुनाव में 60 वर्षीय बोरिस नादेजदीन बड़ी चुनौती पेश करने को तैयार हैं, जिसे हजारों रूसी भी समर्थन दे रहे हैं। रूसी विपक्ष ने भी बोरिस को नामांकन भरने की मांग की है। बोरिस ने कई वादे किए हैं। यूक्रेन में संघर्ष समाप्त करने, पुरुषों को जंग में ढकेलने से रोकने और पश्चिम के साथ बातचीत करने की वकालत करने वाले नादेजदीन की बातों ने जनता को काफी प्रभावित किया है।



### कतारों में लगे लाखों रूसी

उन्होंने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में 1,80,000 हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। जिससे उन्हें मार्च में होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव में खड़े होने के लिए कम से कम 40 अलग-अलग रूसी क्षेत्रों से 100,000 हस्ताक्षरों की आवश्यकता पूरी हो गई है। गौरतलब है कि हस्ताक्षर के लिए लोगों की कतारें उस देश में एक दुर्लभ प्रदर्शन है।

## समझाया स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब

# चंद्रचूड़ बोले- न्याय देते वक्त न हो कोई राजनीतिक दबाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब केवल कार्यपालिका और विधायिका से विलगाव होना भर नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी है। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को संविधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उच्चतम न्यायालय में एक रस्मी पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे।



चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान एक स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए कई संस्थागत सुरक्षा उपाय करता है जैसे कि एक निश्चित सेवानिवृत्ति की आयु और उनकी नियुक्ति के बाद न्यायाधीशों के वेतन में बदलाव पर रोक। उन्होंने कहा कि हालांकि, ये संवैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतंत्र न्यायपालिका सुनिश्चित करने अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं।

### लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कई चुनौतियां

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय करने की कला सामाजिक और राजनीतिक दबाव और पूर्वाग्रहों से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अदालत ने पिछले 75 वर्षों में लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना किया है और इस न्यायालय ने कई वर्षों के दौरान सिद्धांतों की अपनी समझ तैयार की है। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश हरिलाल जे कनिया के नेतृत्व में संघीय अदालत के छह न्यायाधीश भारत के उच्चतम न्यायालय की पहली बैठक के लिए एकत्र हुए थे। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस अदालत ने लंबित मामलों की संख्या कम करने की दिशा में सकारात्मक रुख अपनाया है।

## बोले- छीन लिए हमारे मौलिक अधिकार

# पाकिस्तान के खिलाफ पीओके में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

एजेंसी ▶▶ गिलगित बाल्टिस्तान

पाकिस्तान के अत्याचारों और महंगाई के खिलाफ गुलाम जम्मू कश्मीर (पीओके) के लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने मुजफ्फराबाद प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे तौकीर गिलानी ने कहा कि पाकिस्तान अत्याचार कर रहा है। क्षेत्र के नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया है। संस्कृतियों और परंपराओं को नष्ट किया जा रहा है। पाकिस्तान सरकार हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है।



### हम मिलकर उठाएंगे आवाज: प्रदर्शनकारी

प्रर्शनकारियों ने कहा कि हमें पाकिस्तान का सरकारी गेहूं नहीं चाहिए। हम 76 वर्षों के पाकिस्तानी उत्पीड़न का बदला लेंगे और अपने अधिकारों को पुनः हासिल करेंगे। गिलगित-बाल्टिस्तान के कई छात्र लाहौर, कराची, रावलपिंडी, इस्लामाबाद और पूरे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद हैं। हम मिलकर आवाज उठाएंगे।

## गृह मंत्री शाह कंप्यूटरीकरण परियोजना का आज करेंगे शुभारंभ

# देश के सभी राज्यों के एआरडीबी और आरसीएस कार्यालय होंगे कंप्यूटरीकृत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*लक्ष्य: 13 राज्यों के एआरडीबी की 1851 इकाइयां कंप्यूटरीकृत करना*

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 30 जनवरी को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

यह परियोजना पूरे सहकारी इकोसिस्टम को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दक्षता को बढ़ाएगी। कार्यक्रम में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 1200 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। एआरडीबी की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का लक्ष्य 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित एआरडीबी की 1851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत करना और उन्हें एक सामान्य राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ना है।

- 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने की दिशा में अहम कदम
- यह परियोजना पूरे सहकारी इकोसिस्टम को देगी डिजिटल प्लेटफॉर्म
- सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दक्षता में होगी बढ़ोत्तरी



### सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू

केवल इतना ही नहीं देशभर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू करने में भी सक्षम बनाया जा रहा है। अब तक 50,000 से अधिक पीएसीएस, सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड हो चुके हैं और 30,000 से अधिक ने सेवाएं देना भी शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सहकारिता मंत्रालय ने एक नया राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस स्थापित किया है, जिसमें 8 लाख से अधिक सहकारी समितियों का डेटा उपलब्ध है और इस डेटाबेस को जल्द ही लॉन्च कर इसे सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

### रक्षा सचिव आज ओमान की यात्रा पर होंगे रवाना

भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने 30 और 31 जनवरी को ओमान का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान रक्षा सचिव, ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन नसीर बिन अली अल-ज़ाबी के साथ 12वीं संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान गिरिधर अरमाने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उद्योग सहयोग जैसी नई पहलों की संभावना को तलाशेंगे। इस दौरान दोनों नेता साझे हितों वाले क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।



हरिभूमि

# सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अक्सर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

## प्रोफेशनल फील्ड में जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अक्सर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।



### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। ❁

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।


**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अक्सर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो।

अगर आप यहां बताई गई इन उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी। ❁




सोने के जेवर हों या चांदी के, इनकी चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

## पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक



केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे रंगत खोए गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को आलू उबाले हुए पानी में भिगोकर कुछ देर रखने के बाद इन्हें हल्के ब्रश से साफ कर लें।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी:** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी। ❁






# भारतीय डेविस कप टीम के लिए इस्लामाबाद में 'राष्ट्र प्रमुख' जैसी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। पाकिस्तान टेनिस महासंघ सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है।

### सुरक्षा की चार से पांच परतें

पीटीएफ के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है, इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। मैं इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक के रूप में, यात्रा के दौरान उनके साथ हूं।' भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता हर सुबह करेगी जांच

रहमान ने कहा, 'यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहती हैं। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करती हैं, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी।'



### सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

*इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड, इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।*

### पाकिस्तान के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी

भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा को लेकर काफी हद तक निश्चित है, लेकिन यह स्पष्ट है कि खिलाड़ी सतर्क रहेंगे।भारत के एक खिलाड़ी ने कहा, 'हम यहां पहली बार हैं। हां, कुछ चीजें हैं जो आपके दिमाग में चलती हैं। हमने पाकिस्तान के बारे में सिर्फ बातें सुनी हैं, इसलिए एक छवि बन गई है। पाकिस्तान में कैसे हालात हैं, इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमें दो दिन का समय दीजिए।'

### 500 प्रशंसकों को मिली अनुमति

पाकिस्तान ने अपनी ताकत के अनुरुप खेलने के लिए ग्रास कोर्ट को चुना लेकिन मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का पूर्ण रूप से फायदा नहीं उठा पाएगी क्योंकि अधिकतम 500 प्रशंसकों को ही मैच देखने की अनुमति होगी। पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ऐसाम-उल-हक कुरैशी ने कहा, यह कठिन है। आईटीएफ ने हमें सुरक्षा कारणों से बहुत अधिक मेहमानों या दर्शकों की मेजबानी करने की अनुमति नहीं देता है। यह कुछ ऐसा है जिसे हमें मानना होगा।



### मेजबानी सम्मान की बात

रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं।'पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिये। उन्होंने कहा, 'अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं, तो रेस्तरां में जाएं। मैं उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहूंगा। उन्होंने अचूक सुरक्षा मांगी है और इसलिए ऐसी व्यवस्था की है। यह अब भारतीय खिलाड़ियों पर निर्भर है।'

## खबर संक्षेप



### बुमराह को लगी फटकार एक डिमेरिट अंक जुड़ा

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का अपराध है। उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया क्योंकि 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है।

### साबले, पारुल अमेरिका में करेंगे कठोर अभ्यास

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश



साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवानों अंशू मलिक और सरिता मोर को क्रमशः जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे।

### शराब मिलने की जांच कराएगा एससीए

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को



अनुशासनात्मक जांच शुरू करने का फैसला किया। एससीए सूत्रों के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को सीके नायुडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली।

### भारत डब्लूटीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसका

**दुबई।** इंग्लैंड के हाथों हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। दक्षिण




अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला ड्रॉ खेलने के बाद भारत शीर्ष पर था लेकिन पाकिस्तान को हराकर आस्ट्रेलिया शिखर पर पहुंच गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद भारत के 54.16 रैंकिंग अंक थे जो अब घटकर 43.33 हो गए हैं। आस्ट्रेलिया 55 अंक के साथ शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के हाथों रविवार को आठ रन से मिली हार का भी उसकी रैंकिंग पर असर नहीं हुआ है।

## क्रिकेट : भारत 2 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा दूसरा टेस्ट मुकाबला

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, जडेजा और राहुल बाहर, सरफराज की एंट्री

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लगे हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होकर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से हो रही है। जडेजा को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जबकि राहुल को क्वाड्रिसेप्स चोट की शिकायत है।बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया के संकटमोचक के तौर पर उभरे थे। पहली पारी में राहुल ने 86 रन, जबकि जडेजा ने 87 रन बनाए थे। हालांकि, इन पारियों के बावजूद टीम इंडिया पहला टेस्ट हार गई थी।





**भारतीय टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### सरफराज को नौ साल बाद मिली जगह

*सरफराज पिछले कुछ सीजन में घरेलू क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए टीम चुनते वक्त उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। सरफराज ने दिसंबर 2014 में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था। उन्होंने 45 फर्स्ट क्लास मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें नाबाद 301 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। पिछले काफी समय से उनकी टीम में एंट्री की मांग की जा रही थी और अब यह मौका आ गया है।*

### सुंदर के चार टेस्ट में छह विकेट

वहीं, सुंदर भारत के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने छह विकेट लिए हैं। 89 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा



सुंदर ने 66.25 की औसत से 265 रन भी बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 96 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। सुंदर 26 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 55 विकेट लिए। 87 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वहीं, उन्होंने 31.91 की औसत से 1085 रन भी बनाए हैं। 159 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है।

### स्पिनर सौरभ आलराउंडर खिलाड़ी

30 साल के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक अंतरराष्ट्रीय



डेब्यू नहीं कर सके हैं। वह 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 290 विकेट ले चुके हैं। 64 रन देकर आठ विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा वह 27.11 की औसत से 2061 रन भी बना चुके हैं। 133 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो शतक और 12 अर्धशतक लगा चुके हैं।

# मंदीप ने अमेरिका में जीता इंटरकान्टिनेंटल खिताब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' का 'इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा ओलंपिक के पूर्व रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

मंदीप अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा। जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले जांगड़ा ने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। जांगड़ा ने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। फ्लोरिडा स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' पेशेवर मुकाबलों के लिए मान्यता प्राप्त संस्था है।

### हार भारत के लिए खतरे की घंटी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि हैदराबाद टेस्ट में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए कि इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति धीमी पिचों पर भी प्रभावी है। इंग्लैंड ने पहली गेंद से ही आक्रमण की 'बैजबॉल' रणनीति अपनाने के बाद से एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। पहले टेस्ट में ओली पोप के 196 रन की मदद से उसने भारत को 28 रन से हराया। पोप ने रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को सहजता से खेला और भारतीय स्पिन तिकड़ी को दूसरी पारी में बेअसर कर दिया।

# मेजबान राजनांदगांव पहला ही हॉकी मैच हारकर बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मेजबान जिला हॉकी संघ राजनांदगांव को सोमवार को मेजर ध्यानचंद स्पोटर्स कालेज सैफई इटावा के हाथों 3 के मुकाबले 6 गोल से पराजित होकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में ही प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। एक अन्य मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी उड़ीसा को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित किया। दिग्विजय स्टेडियम समिति व आयोजन समिति के द्वारा अन्तराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में प्रारम्भ हुई 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच एकतरफा रहा। पहले क्वार्टर के 10वें मिनट में सैफई के कप्तान इरफान मोहम्मद ने गोल कर 1-0 से बढ़त बना ली। 15वें मिनट में राजनांदगांव के प्रांजल यादव ने गोल कर स्थिति 1-1 पर ला दी। दूसरे क्वार्टर में राजनांदगांव ने पियूष साहू के गोल से 2-1 की बढ़त बना ली। बढ़त के बाद मेजबान टीम के खिलाड़ी सुस्त हो गए जिसका फायदा सैफई के खिलाड़ियों ने उठाते हुए एक के बाद एक 4 गोल जल्दी जल्दी कर दिए। ये गोल 28वें मिनट में नितिश यादव, 40वें मिनट में रोमिल पॉल, 50वें मिनट में नितिश यादव, 53वें मिनट में प्रदीप यादव और 54वे मिनट में रोमिल पॉल ने गोल कर मैच 6-2 पर ला दिया। वहीं मैच के अंतिम क्षणो में राजनांदगाव के प्रवीण यादव ने गोल करके अपनी टीम के हार के अंतर को 6-3 पर ला दिया।

**80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का आगाज**

### चेन्नई ने वापसी कर जीता मैच

इसके पहले रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी एसोसिएशन उड़ीसा को 2 के मुकाबले 3 गोल से पराजित किया। मैच में शुरुवाती दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थीं। तीसरे क्वार्टर में गंगपुर की टीम 24वें मिनट में मुकेश टेटे व 37वें मिनट में संदीप लकरा के गोल से 2-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद जीएसटी चेन्नई के खिलाड़ियों ने गंगपुर पर आक्रमण प्रारम्भ कर दिया और 43वें मिनट में जोसवा ने 54वें मिनट में सेल्वा कुमार ने गोल कर अपनी टीम को 2-2 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया। मैच का निर्णायक गोल मैच समाप्ति के 10 सेकंड पूर्व 60वें मिनट मे चेन्नई के बालाजी ने गोल करते हुए अपनी टीम को 3-2 गोल से विजयश्री दिला दी। पहले मैच में राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीएसटी चेन्नई के अरविंदर को और दूसरे मैच में नितीश यादव सेफई उत्तर प्रदेश को नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### सोनम ने विश्व कप में डेब्यू के साथ जीता रजत पदक

**काहिरा।** पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्र के पहले विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

**मनिंदर सिंह ने दागे चार गोल**

# हॉकी-5 विश्व कप : भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ मस्कट

मनिंदर सिंह के चार गोल की मदद से भारत ने जमैका को तीसरे और आखिरी पूल मैच में 13-0 से हराकर एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिंदर ने दूसरे मिनट में दो गोल करने के बाद 28वें और 29वें मिनट में गोल दागे। ये चारों फील्ड गोल थे। इसके अलावा मनजीत (पांचवां और 24वां), राहील मोहम्मद (16वां और 27वां) और मनदीप मोर (23वां और 27वां) ने दो दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह (पांचवां), पवन राजभर (नौवां) और गुरजोत सिंह (14वां) ने एक एक गोल किया। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक हॉकी दिखाई



और मनिंदर सिंह ने लगातार दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम और मनजीत के एक एक गोल से पहले छह मिनट में स्कोर 4-0 हो गया। अच्छी बढ़त बनाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हमले बोलना बंद नहीं किया। पवन ओर गुरजोत ने गोल करके हाफटाइम तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी यही कहानी रही और गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत काफी आगे रहा। राहील, मनदीप, मनजीत और मनिंदर ने गोल करके भारत को बड़ी जीत दिलाई।

### भारत ने घोषित की 23 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच शुक्ला दत्ता ने शुक्रवार से ढाका में होने वाली सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय टीम घोषित की।



भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश के लिए रवाना होगी और अपना पहला मैच दो फरवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम चार फरवरी को बांग्लादेश जबकि छह फरवरी को नेपाल से भिड़ेगी। फाइनल आठ फरवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच ढाका के बीएसएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में होंगे।

## अंडर 19 विश्व कप : टीम इंडिया ने दर्ज की है लगातार तीन जीत

# भारत की सुपर सिक्स में न्यूजीलैंड से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ ब्लोमफोंटेन

लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी। ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है जहां उसने तीनों मैच जीते हैं।

वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसे हालात के अनुरुप ढलना होगा। भारत ने बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराया है। पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ परेशानी आई लेकिन बाकी दोनों मैचों में भारत ने शानदार जीत दर्ज की।



### फार्म में भारतीय बल्लेबाज

*भारत के लिए हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने लगातार अच्छी पारियां खेली है। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। आदर्श सिंह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास शतक के बाद बढ़ा होगा। कप्तान उदय सहारन ने भी अच्छी पारियां खेली हैं और वह इसे कायम रखना चाहेंगे।*

### जूझ रहा न्यूजीलैंड


न्यूजीलैंड ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रहा लेकिन उसके बल्लेबाज जूझते दिखाई दिए। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे एक विकेट से जीत मिली जबकि पाकिस्तान ने उसे 10 विकेट से हराया। भारतीय बल्लेबाजों के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी बड़ा स्कोर बनाना होगा। दोनों टीमों की नजरें नेट रनरेट पर भी होंगी।

## रविन्द्र भवन में लोकरंगः उड़ीसा के सिंगारी नृत्य की प्रस्तुति

# लोकनृत्यों की धूम... बुल्गारिया के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रविंद्र भवन में आयोजित 39वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' में सोमवार को भवानी एवं साथी, उड़ीसा द्वारा सिंगारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उड़ीसा में जब किसान थक हार कर अपने घर आता है, तो घर में परिवार के साथ मनोरंजन और उत्सव में याह नृत्य करता है। इसके बाद डक्कलवार गायन, पोतराज गायन, सुषमा व्यास, उज्जैन द्नारा मालवी लोक गायन की प्रस्तुति दी गई। वहीं देशान्तर' गतिविधि में बुलगारिया के कलाकार दल ने प्रस्तुति दी।





### भारियाओं का सर्वाधिक प्रिय भड़म नृत्य की प्रस्तुति

*समारोह की अगली कड़ी में आनंद भारिया एवं साथी, छिंदवाड़ा द्वारा भड़म नृत्य की प्रस्तुति दी। भारिया जनजाति के परम्परागत नृत्यों में भड़म प्रमुख है। विवाह के अवसर पर किया जाने वाला यह नृत्य भारियाओं का सर्वाधिक प्रिय नृत्य है। वहीं समारोह में सियाराम दुग्गा एवं साथी-छत्तीसगढ़ द्वारा गौर माड़िया नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य वर्षा काल की अच्छी फसल, सुख और सम्पन्नता की कामना को केन्द्र में रखकर किया जाता है। इस नृत्य काल के दौरान पूरा गांव आमोद-प्रमोद में निमग्न रहता है।*

### गोंड जनजातीय नृत्य करमा-सैला की प्रस्तुति

समारोह के अगले क्रम में रजनीबाई एवं साथी-अनूपपुर द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य करमा-सैला की प्रस्तुति दी गई। करमा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है। इसके बाद अवतार सिंह एवं साथी-हिमाचल द्वारा गद्दीनाटी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। हिमाचल में देवताओं को प्रसन्न करने के लिए गद्दी नाटी नृत्य करते हैं अगले क्रम में स्वाति उखले एवं साथी द्वारा मालवा का मटकी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बनारसी एवं साथी-उत्तरप्रदेश द्वारा कर्मा नृत्य, कुमार एवं साथी-तेलंगाना माथुरी नृत्य पेश किया।



### असम के कलाकारों ने दी हमजा नृत्य की प्रस्तुति

अगले क्रम में स्वगत शर्मा एवं साथी-असम द्वारा हमजा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। हमजा लोक नृत्य असम की राभा जनजाति का एक पारंपरिक लोक नृत्य है। अगले क्रम में निलेष कुमार पटेल एवं साथी-बुरहानपुर द्वारा कोरकू जनजातीय गदली नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

---

भोपाल आए फिल्म अभिनेता राहुल भट्ट से हरिभूमि की खास बातचीत

# इंटरनेट की दुनिया को सेंसर करना बेहद कठिन कुछ विद्वान विचार करें कि सेंसर हो या नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंटरनेट की इस दुनिया को सेंसर करना बहुत कठिन कार्य है। यह हवा की तरह है। कोई इसे कंट्रोल नहीं कर सकता है। दर्शकों को जो पसंद है वह देख ही लेगा।

ऐसे समय में फिल्म निमार्ताओं को स्वअनुशासन का पालन करना होगा। कुछ भी बनाने से पहले वे आत्ममंथन करें कि हम समाज को क्या दिखा रहे हैं। वहीं दर्शकों में जागरुकता भी जरूरी है। मेरा मानना है कि कुछ विद्वान विचार करें कि सेंसर होना चाहिए या नहीं। यह कहना है कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म कैनेडी से तहलका मचाने वाले फिल्म अभिनेता राहुल भट्ट का, जो विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म ब्लैक वारंट की शूटिंग के लिए इन दिनों भोपाल में हैं। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने अपने करियर, फिल्मी दुनिया और निजी जीवन को लेकर बातचीत की।

हरिभूमि चर्चा



### महेश भट्ट ने हंसते हुए कहा कि अच्छा काम रहा है तो तू मेरा बेटा ही होगा

फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म का इतना बोलवाला है कि यदि आप स्टार किड नहीं हैं तो लंबा संघर्ष करना पड़ता है। लोगों की सोच है कि एक कामयाब कलाकार जरूर किसी सफल व्यक्ति का रिश्तेदार होगा। यही वजह है कि मेरे नाम व सरनेम के कारण शुरुआती दिनों में लोग मुझे फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का बेटा समझ लेते थे। यह बात एक बार मैंने जब महेश सर को बताई तो हंसते हुए उन्होंने कहा कि अच्छा काम रहा है तो मेरा बेटा ही होगा, अच्छी बात है।

### जम्मू का कश्मीरी पंडित हूं, 1996 में मुंबई आया

*उन्होंने कहा कि मैं जम्मू का कश्मीरी पंडित हूं। बचपन में टीवी में अमिताभ बच्चन समेत अन्य अभिनेताओं को देखकर तय कर लिया था की मुझे एक्टिंग ही करनी है। यहीं ख्वाब लिए 1996 में मुंबई आया, इंडस्ट्री में कोई जान पहचान नहीं थी, इसलिए मॉडलिंग को एक्टिंग की सीढ़ी बनाया और संघर्ष करते- करते टीवी सीरियल में रोल मिलने लगा।*

### मैंने माइग्रेशन का दर्द झेला है

उन्होंने कहा कि मैं 15 साल का था, जब मेरा परिवार माइग्रेट होकर जम्मू आया, मैंने माइग्रेशन का दर्द झेला है। इसलिए मुंबई आकर संघर्ष भी कर लिया। शुरूआती दिनों में समस्याएं भी आईं, जिनका डटकर सामना किया। मेरा मनना है कि समस्या ही समाधान है। समस्या ही सिखाती है।

---

## मप्र के सत्येंद्र सिंह, कालूराम, ओमप्रकाश और भगवती लाल को पद्मश्री

# कठिन परिस्थितयों में अपने को साबित करने वालों को मिला पद्म पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के प्रतिष्ठित सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री का ऐलान बीते दिनों किया गया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले इस सम्मान में 132 हस्तियों के साथ मध्य प्रदेश के चार नागरिकों को सपद्म श्री पुरसकार मिला है। इनमें कालूराम बामनिया को कला के क्षेत्र में, ओम प्रकाश शर्मा को कला, सत्येंद्र सिंह लोहिया को खेल के क्षेत्र में और भगवती लाल राजपुरोहित को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री देने की घोषणा की गई है।

इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2024 के पद्म पुरस्कारों में पद्मश्री के लिए चयनित मप्र की चार विभूतियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भगवती लाल राजपुरोहित, ओम प्रकाश शर्मा, सत्येंद्र सिंह लोहिया और कालूराम बामनिया ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करके प्रदेश का गौरव बढ़ाया है.



### सत्येंद्र सिंह लोहिया

सत्येंद्र सिंह लोहिया दिव्यांग खेल के क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बना चुके हैं। सत्येंद्र सिंह लोहिया 70% विकलांगता के साथ एक भारतीय तैराक हैं। 24 जून 2018 को उन्होंने स्विमिंग रिले टीम के हिस्से के रूप में इंग्लिश चैनल को पार किया। उन्होंने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए चैनल को 12 घंटे 26 मिनट में पूरा किया।



### ओमप्रकाश शर्मा

ओमप्रकाश शर्मा ने अपने जीवन का एक लंबा वक्त मालवा के फेमस नाट्य परंपरा 'माच' का अस्तित्व बनाए रखने में बिताया। बता दें कि माच 200 साल पुराना है। शर्मा की गिनती उन हस्तियों में होती है जिन्होंने अपनी जिंदगी के 7 दशक माच को बचाए रखा। अब सरकार उनके इस योगदान को पद्म श्री देकर सम्मानित कर रही है।

### भगवती लाल राजपुरोहित

डॉ. भगवती लाल राजपुरोहितधार जिले के चंदोड़िया से ताल्लुक रखते हैं। इन्होंने भारतीय कला और संस्कृति, भारतीय अभिलेख



और इतिहास, 'राजा भोज' 'यभारत के प्राचीन राजवंश'(तीन भाग) पं. विश्वेश्वरनाथ कृत का सम्पादन जैसी प्रमुख रचनाएं हैं। बता दें कि ये उज्जैन के सांदीपनि महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में आचार्य और अध्यक्ष रह चुके हैं।

### कालूराम बामनिया

कालूराम देवास जिले के टोंकखुर्द के रहने वाले हैं और पारंपरिक निर्गुण भक्ति के गायक हैं। उन्होंने भजन के जरिए विदेश तक कबीर को पहुंचाया है।'मालवा के कबीर' के नाम से मशहूर कालूराम कई पीढ़ियों से इस गायन कला को जिंदा रखने में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं।



### मिल चुका है सम्मान

भगवती को 1984 और 1990 में मप्र संस्कृत अकादमी का भोज पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा यूजीसी द्वारा 'डॉ. राधाकृष्णन सम्मान' 1990, 1992 में दिया गया था। 1988 में बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

---

## होटल ताज लेक फ्रंट में कोकसा ब्रांड की हैंडलूम प्रदर्शनी

**भोपाल।** भोपाल के होटल ताज लेक फ्रंट में कोकसा ब्रांड की हैंडलूम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कई तरह के क्राफ्ट और हैंडलूम आइटम को देखने बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं, इस प्रदर्शनी में जहां चंदेरी, माहेश्वरी सहित इंडो वेस्टर्न पैटर्न की ड्रेसेस ने महिलाओं का ध्यान आकर्षित किया तो वहीं खादी और सिल्क की डिफरेंट वैरायटी ही देखने को मिली। इसके साथ ही डिफरेंट डिजाइन और स्टाइल की ज्वेलरी आइटम ने भी महिलाओं का जी लुभाया। इस अवसर पर कोकसा इंडिया की फाउंडर अनुकृति दीक्षित ने कहा कि 3 साल पहले कोकसा ब्रांड बनाया था और हमारा हैंडलूम ऑल ओवर कंट्री में है और मध्य प्रदेश के क्राफ्ट पर हमें काफी गर्व है।





## नारी शक्ति दिवस पर 13 महिला सृजनधर्मी हुईं सम्मानित



**भोपाल।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्म जयंती वर्ष और रानी गाइदिन्ल्यु की जयंती अवसर पर नारी शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। वनवासी कल्याण परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में रंगमंच, कला, साहित्य, चित्र, साहसिक, सामाजिक और अंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 13 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पद्श्री जनजातीय कलाकार दुगाबाई व्याम और गोंड चित्रकार लाडो बाई मुख्य रूप से उपस्थित हुईं। इस दौरान दुगाबाई व्याम और लाडो बाई ने अपना जीवन वृतांत साझा किया। वहीं, रोजगार और निर्माण की संपादक रंजना चितले ने वीरांगना रानी दुर्गावती और सुशीला तुलानी ने रानी गाइदिन्ल्यु की शूरवीरता और पराक्रम पर व्याख्यान दिया। समारोह में जनजातीय सुरक्षा मंच के अखिल भारतीय संगठन मंत्री सूर्य नारायण सूरी, वनवासी कल्याण परिषद भोपाल के अध्यक्ष सुभाग सिंह मुजाल्दा, प्रांत संगठन मंत्री वनवासी कल्याण परिषद तिलक राज दांगी, वनवासी कल्याण परिषद की महिला इकाई की प्रांत प्रमुख रश्मि कुलकर्णी, सुरभि आत्राम सहित बड़ी संख्या में साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमा कुमरे ने किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930